आज का
तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 27°C |

इनसाइड न्यूज

नगर निगम की निरंकुशता से दहली राजधानी: हाईकोर्ट की अवमानना...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 31 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 226 | www.janexpresslive.com/epaper



बिहार में उच्च जाति और अनुसूचित जनजाति ... 12

# दुश्मन कहीं भी हो, खत्म कर देंगे

## कानपुर में मोदी बोले- पाकिस्तानी सेना गिड़गिड़ा रही थी, बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में जनसभा की। 45 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। कहा, %बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। आतंकियों के ठिकानों को सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह किए। इससे पहले, मोदी ने कानपुर एयरपोर्ट पर शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। मोदी ने शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से मुलाकात की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि पीएम परिवार से मिलकर भावुक हो गए। ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए तो पीएम ने ढांढस बंधाया। शुभम की मौत पहलगाम आतंकी हमले में हुई थी। पत्नी ऐशन्या के सामने उन्हें गोली मारी गई थी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।



### पीएम के स्पीच की 4 बड़ी बातें

- **ऑपरेशन सिंदूर पर**- पहलगाम के कायराना हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी बर्बरता का शिकार हुए। बेटी ऐशन्या की वो पीड़ा, वो कष्ट और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से मैं सेना के इस शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे। ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है।
- **कनपुरिया अंदाज में पाकिस्तान को धमकी**- पाकिस्तान का यह खेल अब नहीं चलने वाला। अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया, उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है-उत्तर प्रदेश।
- **आतंक के खिलाफ 3 सूत्रीय फॉर्मूला दिया**- भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं। 1- भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। 2- भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। 3- आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा।
- **आत्मनिर्भर भारत पर**- ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। ये ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था, जब भारत सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने को शुरुआत की।

### लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल-गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। कानपुर-फर्रूखाबाद रेलवे लाइन एलिवेटेड बनाई जाएगी। इस रेलवे लाइन पर 18 रेलवे क्रॉसिंग पड़ती थीं, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। अब उन्हें राहत मिलेगी। उत्तर प्रदेश पहले ही इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बन चुका है। इस साल के बजट में हमने 'मिशन मैन्युफैक्चरिंग' की घोषणा की है, जिससे लोकल बिजनेस और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। कुछ समय पहले तक हमारी एमएसएमई को इस तरह से दिखाया जाता था कि डर लगता था। हमने इस प्रणाली को बदला। इस बजट में हमने इसका दायरा बढ़ाया है। बीते 10 सालों में हमने कई बड़े फैसले लिए हैं। कानपुर के चमड़ा और होजरी उद्योग को सशक्त किया जा रहा है। सरकार ने इस बजट में 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री किया है। हम उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### यूपी कैसे बदला, कानपुर वालों से बेहतर कौन जानता है

आज कानपुर मेट्रो की ऑरेंज लाइन का विस्तार हो गया है। पहले एलिवेटेड और अब अंडरग्राउंड। जो इन्फ्रास्ट्रक्चर , जो सुविधाएं, जो संसाधन बड़ी-बड़ी मेट्रो सीटी में होती हैं। वो सब अब अपने कानपुर में भी दिखने लगी हैं। कानपुर मेट्रो इस बात का सबूत है कि अगर सही इरादों, मजबूत इच्छाशक्ति और नेक-नीयत वाली सरकार हो, तो देश और प्रदेश के विकास के लिए कैसे ईमानदारी से प्रयास होते हैं। जिस यूपी की पहचान टूटी सड़कों और गड्ढों से होती थी। आज एक्सप्रेस-वे से होती है। यूपी कैसे बदला है, कानपुर वालों से बेहतर कौन जानता है। कुछ दिनों में कानपुर लखनऊ एक्सप्रेस -वे बनने से इसका सफर 40 से 45 मिनट में पूरा होगा।

### आज ब्रह्मोस मिसाइल का नया पता है- उत्तर प्रदेश

ये पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि वो डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता में बड़ी भूमिका निभा रहा है। जैसे कानपुर में पुरानी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री है, ऐसी 7 ऑर्डिनेंस फैक्टियों को हमने बड़ी आधुनिक कंपनियों में बदल दिया है। एक समय जहां से पारंपरिक उद्योग पलायन कर रहे थे। वहां अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही हैं। यहां पास में ही अमेठी में एके203 राइफल का निर्माण शुरू हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया, उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है-उत्तर प्रदेश।

### हमारे हथियारों-मिसाइल ने दुश्मन देश में तबाही मचाई

भारत अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर हो, ये हमारी अर्थव्यवस्था के लिए तो जरूरी है ही। ये देश के आत्मसम्मान के लिए भी उतना ही जरुरी है। इसलिए हमने देश को उस निर्भरता से आजादी दिलाने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान चलाया। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। ये ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था, जब भारत सैन्य जरूरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने को शुरुआत की।

### दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा

भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं - भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। पाकिस्तान का यह खेल अब नहीं चलने वाला। अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर दिया बयान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

विगत सात मई को पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद 10 मई की शाम पांच बजे से दोनों देशों की सेनाओं ने गोलाबारी रोकने और संघर्ष थामने पर सहमति व्यक्त की। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य महानिदेशक (डीजीएमओ) स्तर पर सीधी बातचीत हुई, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दोनों देशों का तनाव घटाने में अपनी भूमिका को लेकर टिप्पणी कर रहे हैं। भारत की तरफ से दो-टूक खंडन के बावजूद उन्होंने बीते 21 दिनों में करीब 10 बार ऐसे बयान दिए हैं, जिसमें ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने दोनों देशों का युद्ध रोका।



व्हाइट हाउस की तरफ से जारी वीडियो में ओवल ऑफिस में मौजूद ट्रंप ने कहा, हमने भारत और पाकिस्तान को लड़ने से रोका। मेरा मानना है कि यह परमाणु आपदा में बदल सकता था। मैं भारत और पाकिस्तान के नेताओं के साथ-साथ अपने लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। भारत-पाकिस्तान तनाव कम करने को लेकर बीते 21 मई को ट्रंप ने लिया था।

बकौल डोनाल्ड ट्रंप, हम व्यापार की बात करते हैं... हम कहते हैं कि हम उन लोगों के साथ व्यापार नहीं कर सकते जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हों और परमाणु हथियारों का उपयोग करने की कगार पर खड़े हों। ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के किसी भी नेता का नाम लिए बिना कहा, वे उन देशों के महान नेता हैं, उन्होंने परिस्थितियों को समझा और दोनों के सहमत होने के बाद यह सब बंद हो गया। हम दूसरों को लड़ने से रोक रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी ट्रंप बीते 21 मई को कह चुके हैं कि उन्होंने अपने हस्तक्षेप और व्यापारिक पहलू का जिक्र कर भारत-पाकिस्तान के संघर्ष को और गंभीर होने से रोका।

अपने बयान के अंत में ट्रंप अमेरिकी सेना की क्षमता को रेखांकित करने से भी नहीं चूके। उन्होंने कहा, हम किसी से भी बेहतर तरीके से लड़ सकते हैं, हमारे पास दुनिया की सबसे महान सेना है। हमारे पास दुनिया के सबसे महान नेता हैं। ट्रंप के साथ ओवल ऑफिस में अरबपति उद्योगपति एलन मस्क भी मौजूद रहे, जिन्होंने DOGE में पद छोड़ दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भले ही मस्क अलग हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद दोनों की दोस्ती कायम रहेगी।

## 2047 तक बजट 5 गुना तक पहुंचने का अनुमान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आने वाले सालों में भारत के रक्षा बजट में जबरदस्त बढ़ोतरी की बात सामने आ रही है। जहां ऐसी संभावना जताई जा रही है कि भारत का रक्षा बजट 2047 तक बढ़कर 31.7 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है जो वर्ष 2024-25 में आवंटित 6.8 लाख करोड़ रुपये की तुलना में अगले दो दशकों में करीब पांच गुना उछाल को दर्शाता है। यह अनुमान भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और केपीएमजी की संयुक्त अध्ययन रिपोर्ट में लगाया गया है। रिपोर्ट में नवीनतम अनुमानों के आधार पर भारत के रक्षा उत्पादन में भी जोरदार वृद्धि होने की संभावना जताई गई है। 2024-25 में 1.6 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2047 तक इसके 8.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। देश अपने रक्षा निर्यात का विस्तार करने का भी लक्ष्य बना रहा है, जो वर्तमान में 30,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 2.8 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना है।

इसके सात ही रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि आगामी रक्षा रणनीति मुख्यतः कुल बजट में पूंजीगत व्यय का हिस्सा बढ़ाने पर केंद्रित होगी।

# गौतमबुद्ध नगर में रजिस्ट्री घोटाला! निजी स्वार्थ में डूबे अफसर, सरकार को सालाना सैकड़ों करोड़ का चूना

- यमुना एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट तक अवैध कॉलोनियों का जाल

**जन एक्सप्रेस । राज्य मुख्यालय**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक ओर राजस्व बढ़ाने के लिए कड़े कदम उठा रही है, वहीं दूसरी ओर गौतमबुद्ध नगर में सरकारी अफसर ही सरकार की मंशा को पलीता लगाने में जुटे हैं। निबंधन और स्टाम्प विभाग की लापरवाही और मिलीभगत के चलते सरकार को हर साल सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

कृषि भूमि पर रजिस्ट्री का खेल, सर्किल रेट के फेर में मोटा मुनाफा जिले के विभिन्न हिस्सों-विशेषकर यमुना एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट और ग्रेटर नोएडा वेस्ट-में बड़ी संख्या में कॉलोनाइजरों द्वारा कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। किसान से कृषि श्रेणी की ज़मीनें तो मार्केट रेट पर खरीदी जाती हैं, लेकिन रजिस्ट्री होती है सामान्य सर्किल रेट और कृषक श्रेणी में ही।

कॉलोनाइजर न तो ज़मीन का श्रेणी परिवर्तन करवाते हैं, न ही उसके लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान करते हैं।



### भाजपा विधायक तेजपाल नागर की फटकार भी रही बेअसर, अधिकारी फिर सो गए

दादरी विधायक तेजपाल नागर ने हाल ही में छपरौला क्षेत्र में एक बड़े अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। मामला तूल पकड़ने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने औपचारिकता निभाते हुए एक बड़े भू-भाग पर बुल्डोजर जरूर चलाया, लेकिन आसपास के अन्य अवैध निर्माण पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जानकारों की मानें तो अधिकारियों ने सिर्फ जवाबदेही से बचने के लिए थोड़ी बहुत कार्रवाई की और अब फिर से कुंभकर्णी निद्रा में चले गए हैं।

ऐसे में सरकार को दोहरा नुकसान होता है—एक तो श्रेणी परिवर्तन का शुल्क नहीं मिलता और दूसरा, निर्माण कर आवासीय परियोजना बेचने से पहले की रजिस्ट्री भी न्यूनतम दर पर होती है। मौन हैं जिम्मेदार, आंखें मूंदे बैठे हैं निबंधन और स्टाम्प विभाग के अफसर

पूरे मामले में निबंधन विभाग, स्टाम्प विभाग और यहां तक कि आयकर विभाग तक की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।

जिन विभागों को सरकार की आय बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं अफसर अब कॉलोनाइजरों की जेब में नजर आ रहे हैं।

### सरकार को चाहिए सख्त निगरानी, नहीं तो सालाना सैकड़ों करोड़ का नुकसान तय

राजस्व हानि के इस खेल पर अगर समय रहते लगाम नहीं लगी तो सरकार की आय को गहरा झटका लग सकता है। ज़रूरत है कि सरकार इस मामले में सीधी निगरानी रखे और दोषियों पर बिना देरी कठोर कार्रवाई हो। वरना गौतमबुद्ध नगर भ्रष्टाचार का गढ़ बनता चला जाएगा।

### सत्ता संरक्षण में फलफूल रहा अवैध निर्माण, नेताओं की शह से बचते हैं कॉलोनाइजर

जानकारी के मुताबिक कई कॉलोनाइजर सीधे तौर पर सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े हैं।

कुछ भाजपा कार्यकर्ता तो कुछ पदाधिकारी के परिजनों के नाम पर ज़मीनें खरीदकर कॉलोनियां काट रहे हैं।

प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए नेताओं की छत्रछाया में यह गोरखधंधा तेजी से फल-फूल रहा है।

# आतंकवाद पर PM मोदी के बयान पर बोलीं रेणुका चौधरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आतंकवाद पर पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे देश और सेना की सामूहिक उपलब्धि है। साथ ही कांग्रेस सांसद ने पीएम मोदी को राजनीतिक लाभ लेने से बचने की सलाह दी और कहा कि सेना व सीमावर्ती नागरिकों के साहस को सलाम किया जाना चाहिए।

आतंकवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने पलटवार करते हुए सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ कार्रवाई किसी एक व्यक्ति का वादा नहीं हो सकता, यह पूरे देश और सेना की सामूहिक उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद से लड़ाई सिर्फ पीएम मोदी की नहीं, बल्कि हर भारतीय की है।

रेणुका चौधरी ने एक न्यूज एजेंसी से बातचीत के दौरान कहा कि सेना ने साहस दिखाया है, सीमा पर रहने वाले नागरिक हर दिन खतरे में जीते हैं, उन्हें सलाम है। यह किसी एक का नहीं, हम सबका संघर्ष है। कृपया इसका राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश न करें।

बता दें कि कांग्रेस सांसद का यह बयान ऐसे समय आया है जब प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में पाकिस्तान को आतंकवाद को समर्थन देने पर कड़ी चेतावनी दी।

### स्केच-ऑडियो रिकॉर्डिंग से पाकिस्तानी एजेंट को देता था जानकारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को संवेदनशील जानकारी देने के मामले में ठाणे से गिरफ्तार जूनियर इंजीनियर को लेकर महाराष्ट्र पुलिस ने बड़ा दावा किया है। पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार जूनियर इंजीनियर रवींद्र मुरलीधर वर्मा ने स्केच, ऑडियो नोट्स के जरिए युद्धपोतों, पनडुब्बियों के बारे में पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को जानकारी दी थी। पुलिस ने यह भी दावा किया कि इसके बदले में उसे भारत और विदेशों में अलग-अलग बैंक खातों से रुपये मिले। फोन ले जाने की नहीं थी अनुमति तो स्केच या डायाग्राम बनाकर देता था जानकारी एक अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच करते हुए पता चला कि वर्मा ने जानबूझकर कई बार संवेदनशील जानकारी साझा की। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार जेई एक रक्षा प्रौद्योगिकी फर्म में काम करता था। अपने काम के सिलसिले में उसे दक्षिण मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड तक जाने की अनुमति थी। वह नौसेना के जहाजों और पनडुब्बियों पर भी जाता था। अधिकारी ने बताया कि हालांकि नौसेना डॉकयार्ड पर जाने के दौरान उसे मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। ऐसे में वह वहां अपना काम खत्म करने के बाद, वह स्केच या डायाग्राम बनाकर युद्धपोतों और पनडुब्बियों के बारे में संवेदनशील जानकारी देता था। उन्होंने कहा कि एटीएस को संदेह है कि उसने पाकिस्तानी एजेंट को पनडुब्बियों और युद्धपोतों के नाम भी बताए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी जेई ठाणे शहर के कलवा का रहने वाला है। फेसबुक पर उसे 2024 में पायल शर्मा और इसप्रीत नाम के अकाउंट वाले यूजर से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली थी, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसके साथ चैट करते समय दोनों अकाउंट यूजर ने खुद को महिला बताकर शुरू में खुद को भारत से बताया। बाद में उन्होंने उससे कहा कि वे एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं और इसके लिए युद्धपोतों के बारे में जानकारी की जरूरत थी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान का प्रतीक: सीएम धामी

- भारत की है स्पष्ट नीति- आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते-मुख्यमंत्री धामी
- पूर्व सैनिकों के हित में नई योजनाएं, सम्मान और सुविधाओं का विस्तार
- गुनियाल गांव में बन रहा सैन्य धाम, शहीदों की स्मृति को समर्पित होगा स्मारक
- मुख्यमंत्री धामी ने एक संवाद ~ वीर सैनिकों के साथ कार्यक्रम में की सहभागिता

**जन एक्सप्रेस । उत्तराखंड**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़ीकैंट स्थित दून सैनिक इंस्टीट्यूट में आयोजित 'एक संवाद ~ वीर सैनिकों के साथ' कार्यक्रम में भाग लेते हुए भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' को साहस, प्रतिबद्धता और बलिदान का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्र सेवा की प्रेरणा है।



### पूर्व सैनिकों के हित में धामी सरकार द्वारा की गई घोषणाएं

- राज्य में पूर्व सैनिकों के लिए विशेष पुनः प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होगी।
- शहीद सैनिकों के परिजनों को अब ?50 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी।
- वीरता पुरस्कार विजेताओं की आर्थिक सहायता राशि में वृद्धि की गई है।
- बलिदानी सैनिकों के आश्रितों के लिए सरकारी नौकरी आवेदन की समयसीमा बढ़ाकर 5 वर्ष कर दी गई है।
- वीर सैनिकों को राज्य परिवहन में यात्रा हेतु निशुल्क सुविधा भी दी जाएगी।

### उपस्थित गणमान्यजन



इस कार्यक्रम में सैनिक कल्याण सचिव दीपेन्द्र चौधरी, स्टेशन कमांडर आर.एस. थापा, सैनिक कल्याण निदेशक ब्रिगेडियर (से.नि.) अमृत लाल, उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर (से.नि.) जे.एन.एस. बिष्ट सहित अनेक सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक संगठन के प्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

### ऑपरेशन सिंदूर: बहादुरी की बुलंद गाथा

मुख्यमंत्री ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने 7 मई को जवाबी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकियों का सफाया कर 9 बड़े आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। उन्होंने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### साहसिक व स्पष्ट नीति अब आतंकवाद को उसी की भाषा में जवाब

सीएम धामी ने कहा कि भारत अब रक्षात्मक नहीं, बल्कि निर्णायक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सैन्य बलों का मनोबल ऐतिहासिक रूप से ऊँचा हुआ है और सेना को अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित किया जा रहा है।

### आतंक और व्यापार साथ नहीं- सख्त राष्ट्रीय नीति का संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से सिंधु जल संधि और व्यापारिक संबंध समाप्त कर यह स्पष्ट कर दिया कि अब 卐ट्रेड और टेरर卐 एक साथ नहीं चल सकते। यह राष्ट्र की संप्रभुता के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### सैन्य धाम- बलिदान की अमिट स्मृति

मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरादून के गुनियाल गांव में सैन्य धाम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह स्थल राष्ट्र की सेवा में बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति को समर्पित होगा और युवाओं में देशभक्ति की भावना को सशक्त करेगा।

### उत्तराखंड की वीर परंपरा पर गर्व-मंत्री गणेश जोशी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखंड की वीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भूमि सदैव राष्ट्र की रक्षा में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल रक्षात्मक रणनीति नहीं, बल्कि प्रतिशोधात्मक क्षमता भी रखता है।

# प्रमुख सचिव ने रोका आरईएस अधिशासी अभियंता का वेतन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश आयुष तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को नीति आयोग के इंडिकेटर्स की प्रगति एवं फन्ड्स की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में प्रमुख सचिव ने ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अधिशासी अभियंता उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम को इस माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य कि प्रगति भी खराब पाई जाने पर चार्जशीट देने के निर्देश दिए। कहा कि नीति आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि से जो भी कार्य कराए गए है, उनकी एक समिति गठित कर गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा फोटोग्राफ्स सहित सूचना उपलब्ध कराए। साथ ही जिन विभागों के अधिकारियों के स्थानांतरण तीन वर्ष से पहले हुए हैं, उसकी सूचना भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आवास विकास परिषद द्वारा भी विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण के कार्यों की भी प्रगति खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि पुराने विद्यालयों का ध्वस्तीकरण तत्काल कराया जाए। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने नीति आयोग के विभागों के विभिन्न बिन्दुओं की माह अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर 2024 की रैंकिंग के बारे में जानकारी दी। जिस पर प्रमुख सचिव ने स्वास्थ्य विभाग की रैंकिंग ठीक न मिलने पर सुधार के लिए कहा। सभी विभागों को निर्देश जारी करते हुए सभी सूचनाएं पोर्टल पर फीड करके सूचना दें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर प्रगति ठीक न मिलने पर उप निदेशक कृषि को किसानों को जागरूक कर लाभान्वित कराने के लिए कहा। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को निर्देश दिए कि जितने किसानों को ऋण उपलब्ध कराया गया है, उसमें ली गई जमीन की सूचना उपलब्ध कराए। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि पोषाहार का वितरण सही ढंग से कराएं। कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में मैनपॉवर बढ़ाकर शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कराया जाए।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि प्रमुख सचिव द्वारा नीति आयोग के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा के दौरान दिए गए निर्देशों का अनुपालन सभी विभागों द्वारा किया जाएगा।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्युष कुमार, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार, उप निदेशक कृषि राजकुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक इलाहाबाद बैंक अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बांदा प्रेस क्लब की संगोष्ठी संपन्न

- आपसी एकता, पत्रकार अधिकारों और मूल्यों की रक्षा को लेकर हुआ खुला संवाद

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




**हिंदी पत्रकारिता दिवस** के अवसर पर बांदा प्रेस क्लब द्वारा होटल सारंग में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के वरिष्ठ और नवोदित पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन से हुई, जो तिंदवारी तहसील अध्यक्ष की माताजी के निधन और पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप था। समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ।

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य** पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाना, गुटबाज़ी से ऊपर उठकर एकजुटता स्थापित करना और पत्रकार अधिकारों की रक्षा के लिए साझा मंच तैयार करना था।

**प्रेस क्लब महामंत्री सचिन चतुर्वेदी ने** कार्यक्रम का संचालन करते हुए संवाद बैठकों, पत्रकार लोक अदालत, और नवोदित पत्रकारों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने की योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने सूचना विभाग की भूमिका पर कटाक्ष करते हुए कहा, पत्रकार का माई-बाप उसका अखबार होता है, न कि सूचना विभाग।

**प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश निगम 'दद्दा' ने** सभी पत्रकारों से पुरानी कटुता भूलने और एकजुट होने की अपील की। उन्होंने शहीद पत्रकार सुरेश चंद्र गुप्ता के नाम पर बने भवन को प्रेस क्लब को सौंपने की मांग की और महिला पत्रकार सुलोचना तिवारी को न्याय दिलाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने पूर्व में क्लब द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की भी चर्चा की।

**पत्रकार दीपक पांडे ने** निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता का आह्वान किया, जबकि सुनील सक्सेना ने इसे एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की बात कही।

**राजेंद्र खत्री ने** सूचना विभाग पर पत्रकार मद के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

**रूपा गोयल की** व्यंग्यात्मक कविता ***हाँ, मैं पत्रकार हूँ*** ने सबका ध्यान खींचा।

**रोहित धुरिया ने** खबरों की प्रस्तुति शैली पर चिंता जताई।

कमल सिंह, राजा त्रिपाठी, अनिल सिंह गौतम, और मनीष निगम सहित अन्य वक्ताओं ने पत्रकार एकता, शोषण और बाहरी हस्तक्षेप पर खुलकर बात रखी।

**कार्यक्रम में** सुनील सक्सेना, विनय निगम, सुलोचना तिवारी, रूपा गोयल, संध्या धुरिया, माजिद सिद्दीकी, दीपक पांडे, इदरीश भाई, श्रीकांत श्रीवास्तव, राजा बाबू दुबे, मनोज गोस्वामी, हिमांशु शुक्ला, संजय कुशवाहा, रामजी यादव, के.के. गुप्ता, अनिल सिंह 'आवारा', राजेश तिवारी, साकेत अवस्थी, और अन्य अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# डीएम ने बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को संपन्न कराने के लिए दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**



बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक समेत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 1 जून को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 07 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिनमें गांधी महाविद्यालय, दयानंद वैदिक कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, गांधी इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज एवं सर्वोदय इंटर कॉलेज शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 2997 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षार्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे से 9ः30 बजे तक एवं द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को दोपहर 1 बजे से 2ः30 बजे तक प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने किया कि परीक्षा केंद्रों में किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच अथवा अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही, परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में स्थित साइबर कैफे, फोटोस्टेट मशीनें, पीसीओ आदि परीक्षा अवधि के दौरान पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन द्वारा 4 केंद्र प्रतिनिधि, 07 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 01 रिजर्व केंद्र प्रतिनिधि एवं 01 रिजर्व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक की भी नियुक्ति की गई है। परीक्षार्थियों के लिए यह भी अनिवार्य किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र की तीन प्रतियों के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सौरभ पाण्डेय, डीआईओएस राजकुमार पंडित सहित सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकगण उपस्थित रहे।

# 25 हजार का फरार इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**



एट थाना क्षेत्र के गिरथान में बीते कुछ दिन पहले हुई हत्या के मामले में पुलिस ने पति की हत्यारिन निकली पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि उसका प्रेमी तभी फरार चल रहा था और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एट थाना क्षेत्र के गिरथान निवासी मोंटी पाल पुत्र मंगल सिंह की मौत हुई थी। जिसका शव घर के पीछे बाड़े में मिला था और उसके सिर और चेहरे व गले में चोट के निशान थे। जिससे परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे थे। वहीं मृतक के पिता मंगल सिंह ने 15 मई को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने अपनी बहू और उसके प्रेमी सचिन पाल निवासी बरखेड़ा कालपी के ऊपर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मृतक की पत्नी शिवानी को जांच में दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच के बाद शिवानी के प्रेमी सचिन पाल की पुलिस ने काफी खोजबीन की और उसपर पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। शुक्रवार की सुबह पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण करने में लगी हुई थी। तभी मुखबिर द्वारा फरारी हत्यारोपी इनामिया की क्षेत्र में मौजूद होने की भनक लगी। भनक लगते ही पुलिस ने बताए ठिकाने पर दविश दी और सोमई हाईवे मोड के पास घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए हत्यारोपी ने पूछताछ में बताया कि शिवानी ने हमें फोन करके बुलाया था और हम दोनों ने मिलकर मोंटी को मौत के घाट उतार दिया। वहीं थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह का कहना है की मृतक की पत्नी शिवानी को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। अब उसके प्रेमी को भी जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# साइबर ठगी के पीड़ितों के खातों में वापस कराए 2,05,699 रूपये

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद की साइबर सेल टीम ने छह साबइर अपराध पीड़ितों के कुल 2,05,699 रुपये (दो लाख पांच हजार छह सौ निन्यानवे) उनके खातों में वापस कराए। साइबर सेल प्रभारी निशीकान्त राय ने बताया कि साइबर अपराधियों ने छह व्यक्तियों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी करते हुए उनसे कुल दो लाख पांच हजार छह सौ निन्यानवे रूपये की ठगी की थी। जिसकी शिकायत पीड़ितों ने साइबर सेल में की थी। जिसके क्रम में साइबर सेल प्रभारी व उनकी टीम आरक्षी सर्वेश कुमार व प्रशांत कुमार ने प्रयास करते हुए इन छह साइबर अपराध पीड़ितों के कुल दो लाख पांच हजार छह सौ निन्यानवे रुपये (2,05,699) उनके खातों में वापस कराए।

उन्होंने बताया कि साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण, एटीएम कार्ड नम्बर, पिन नम्बर, सीवीवी नंबर, ओटीवी नम्बर व एसएमएस न बताये तथा एटीएम का प्रयोग हमेशा अकेले में करें। बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को फोन, ई-मेल, एसएमएस, फेसबुक, व्हाट्सएप आदि पर कभी न दें तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न कराए।

## अवैध शराब बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चित्रकूट पुलिस ने 10 लीटर कच्ची व 50 क्वार्टर देशी शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस अभियान के अंतर्गत सीतापुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता तथा उनकी टीम आरक्षी अनुज यादव व रविन्द्र कुमार द्वारा आरोपी दुर्गेश निवासी सेमरदहा थाना बहिलपुरवा को 10 लीटर कच्ची शराब, सरैंया चौकी प्रभारी रामअधार सिंह व उनके हमराही मुख्य आरक्षी संदीप देव द्वारा आरोपी शिवबालक सिंह निवासी कटहापुरवा गढ़चपा थाना मानिकपुर को 25 क्वार्टर देशी शराब व थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक अमरेश तिवारी व उनके हमराही आरक्षी शिवम राजपूत द्वारा आरोपी श्रीनाथ कोल निवासी ग्राम लसई मजरा खोहर थाना बरगढ़ को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## यूपी लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर परिसर में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन का चुनाव कराया गया। जिसमें प्रमेंद सिंह व अशोक कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। शुक्रवार को आयोजित संगठन के चुनाव में प्रमेंद सिंह को अध्यक्ष, अशोक कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व फूल सिंह को महामंत्री चुना गया। इसी प्रकार धनेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष व भानु प्रताप सिंह को संप्रेक्षक चुना गया। एसोसिएशन के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शभकामनाएं दी गई। इस मौके पर महेन्द्र सिंह, कमल सिंह, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## 20 किलो सूखा गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मारकुण्डी थाना के उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र उपाध्याय व उनकी टीम उपनिरीक्षक कैलाश यादव, आरक्षी अतुल परिहार व लालू यादव द्वारा आरोपी रिषभ सिंह निवासी रमपुरवा थाना धाता जनपद फतेहपुर को 20 किलो 75 ग्राम सूखे गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना मारकुण्डी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# रन फॉर राम का प्रण लेने वाले नरेन्द्र यादव का धर्मनगरी में हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




रन फॉर राम का प्रण लेने वाले नरेंद्र यादव एवं उनके सहयोगी कालिंजर से दौड़ते हुए शुक्रवार को चित्रकूट पहुंचे। चित्रकूट की सीमा में पहुंचने पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने उनका फूलमाला के साथ स्वागत किया।

कालिंजर से दौडकर चित्रकूट आने पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी छेदीलाल गौतम, रामशरण तिवारी, अमित मिश्रा, विभाग संयोजक अजय यादव, जिला मंत्री नीरज केसरवानी, जिला संयोजक अंकित सिंह, जिला कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद, जिला सह मंत्री सिद्धार्थ पांडेय आदि ने नरेन्द्र यादव का फूल माला के साथ स्वागत किया। इसके बाद सभी ने रामघाट तक पैदल यात्रा की। इस दौरान रास्ते में ग्राम पंचायत मड़फा, हरिहरपुर, भरतपुर, खोही आदि जगहों में भी लोगों ने उनका स्वागत किया। नरेंद्र यादव अब तक 24 वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। वह छह बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई कर चुके हैं। इस बार वह जन-जन तक प्रभु श्रीराम की अलख जगाने की भावना लेकर सोमनाथ से अयोध्या तक यात्रा करने का प्रण लिया हैं। यह प्रतिदिन 51 किलोमीटर प्रतिदिन पैदल चलने के लक्ष्य के साथ अपनी यात्रा पूरी करेंगे। उन्होंने कामदगिरि पीठ के संत मदन गोपाल दास का आशीर्वाद लिया। भगवान कामदगिरि के दर्शन के बाद नरेन्द्र यादव एक जून को प्रातः 4 बजे आगे की यात्रा चित्रकूट से पहाड़ी होते हुए राजपुर 51 किमी तक के लिए प्रारंभ करेंगे।

# धारकुंडी आश्रम पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह, साधु-संतों से लिए आशीर्वाद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



बीजेपी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह शुक्रवार को पवित्र धारकुंडी आश्रम पहुँचे, जहाँ उन्होंने साधु-संतों के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम में पहुँचे सिंह का स्वागत आध्यात्मिक वातावरण में हुआ, और उन्होंने आश्रम परिसर में कुछ समय व्यतीत कर साधना स्थलों का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, ÷धारकुंडी आश्रम एक अत्यंत राममय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर स्थान है।÷ उन्होंने यह भी साझा किया कि वे कई बार यहाँ से गुज़र चुके थे, लेकिन आज पहली बार आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आश्रम की शांतिपूर्ण और दिव्य ऊर्जा ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया।

बृजभूषण शरण सिंह ने आश्रम के महंतों और संत समाज से मुलाकात कर क्षेत्र में अध्यात्म और संस्कृति के संरक्षण की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि अब मैं जल्द ही चित्रकूट आने की योजना बना रहा हूँ, जहाँ प्रभु श्रीराम की लीलाएं आज भी जीवंत प्रतीत होती हैं। उनकी यह यात्रा आध्यात्मिक आस्था और समाज से जुड़ाव का एक सुंदर उदाहरण रही।

इस दौरान कामदगिरि गैस एजेंसी के मालिक संजय कुमार अग्रवाल,प्रिया मसाला के डायरेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी, होटल ऐसोसिएशन के अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 5 वर्ष बाद आरोपी को सुनाई गई 20 वर्ष के कारावास की सजा

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का था आरोप, साक्ष्यों पर सुनाया फैसला

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय की पॉक्सो एक्ट कोर्ट में करीब 5 वर्ष से अधिक ट्रायल के बाद नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही न्यायाधीश ने 56 हजार का जुर्माना लगाया है। शासकीय अधिवक्ता रणकेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि सिरसा कलार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 14 फरवरी 2019 को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसकी नाबालिग 17 वर्षीय पुत्री चाची के साथ शौचक्रिया के लिए खेत पर गई थी। इसी दौरान ग्राम नियामतपुर निवासी ऋषि, अंशुल, प्रदीप बाइक से आए। इसके बाद ऋषि, अंशुल रोड पर खड़े रहे। प्रदीप पैदल चलकर खेत पर पहुंचा। जहां उसकी बेटी शौचक्रिया कर रही थी। तभी प्रदीप ने बेटी को पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी व चाची के चिल्लाने पर कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे। इसके बाद पुलिस ने 16 फरवरी 2019 को दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट में तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के दौरान बयान के आधार पर अंशुल, प्रदीप, ऋषि के खिलाफ दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। आरोप पत्र पर संज्ञान लिया गया, जिसपर अंशुल व प्रदीप को न्यायालय द्वारा नाबालिग मानते हुए उन दोनों आरोपियों की फाइल किशोर न्याय बोर्ड में ट्रांसफर कर दी थी। जिसमें उन दोनों आरोपियों का ट्रायल किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा है। शुक्रवार को मामले की सुनवाई पूरी होने पर बयान और सबूतों के आधार पर ऋषि को किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी मानते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मुहम्मद कमर ने 20 साल की सजा सुनाई।साथ ही 56 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जिसमें 30 हजार रुपये प्रतिकर के रूप में पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

## घर के अंदर मिला अधेड़ का शव, शराब का आदी था मृतक

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मुहल्ला शांति नगर में घर के अंदर अधेड़ का शव मिलने से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। मोहल्ले वासियों ने शराब का आदी बताया है। शहर के मुहल्ला शांति नगर निवासी रमाशंकर 50 वर्ष घर में अकेला रहता था। जबकि उसके बच्चे बाहर किसी प्रदेश में रहकर मजदूरी करते थे। बताया गया कि दो दिन से उसके घर के दरवाजे लगे हुए थे। शुक्रवार की सुबह मुहल्ले के लोगों को उसके घर से दुर्गन्ध आई, तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके घर के अंदर देखा तो वह मृत पड़ा था और पास में ही खाना रखा हुआ था और शराब के क्वार्टर भी पड़े थे। प्रथम दृष्टया अधिक शराब पीने के कारण उसकी मृत्यु हुई है। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि वह दिन भर शराब पीता था और घर में अकेला रहने के कारण उसके यहां कोई नहीं जाता था। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पीएम रिपोर्ट के बाद सब कुछ साफ हो जायेगा।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपासी निवासी दीनबंधु कुशवाहा का विवाह सात फरवरी को 18 वर्षीय नंदनी निवासी ग्राम कुसमी के साथ हुआ था। शादी के बाद से सब कुछ ठीक चल रहा था और वह आंध्र प्रदेश में रहकर पानीपुरी का धंधा करता है। बताया गया कि वह पत्नी नंदनी को भी अपने साथ ले गया था और दो दिन पहले ही वह पत्नी के साथ वापस घर आया हुआ था। गुरुवार को वह किसी काम से कोंच चला गया। इसी दौरान घर के कमरे में पत्नी नंदी ने खूंटी से साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद जब उसकी सास कमरे में गई तो उसने पुत्रवधू को फांसी के फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। तभी ससुर सुंदर लाल ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हल्का इंचार्ज सत्यभान सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। लेकिन घटना को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बता सके हैं। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली तथा निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के टर्न आउट की जांच की। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी तथा आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। एसपी ने स्वास्थ्य लाभ के लिए परेड की दौड़ भी करायी। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे अन्य वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरक्षी बैरिक, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, नव निर्मित भवनों, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। एसपी ने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# भाजपा ने किया महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले की कर्वी नगरपालिका सहित तीनों नगर पंचायतो में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों पर चर्चा की गई।

सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि भारत की वर्तमान संस्कृति व धार्मिक स्थलों के पीछे लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का बहुत बड़ा योगदान है। अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। भाजपा सरकार उनकी जयंती मनाकर उनके द्वारा किए गए कार्यों को समाज में प्रसारित करने का काम कर रही है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने खण्ड-खण्ड में बंटे भारत को अखण्ड किया। साथ ही भारत में सांस्कृतिक पनुर्जागरण के तहत मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। भाजपा नीत केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के बताए मार्गों पर ही चलकर कार्य कर रही है।

पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा का अभिनव प्रयास करते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ से लेकर केदारनाथ तक अनेक मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत विराट है। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि वर्तमान भारत का आर्थिक विकास, सांस्कृतिक गौरव का पुनर्जागरण, सशक्त आत्मनिर्भर, राज्य व्यवस्था का निर्धारण लोकमाता के प्रेरणास्पद विचार पर ही आधारित है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सभी को मिलकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन को जन-जन तक संचारित करना चाहिए। यही उनके लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने जो काम किया, वह उनके समय के बड़े-बड़े राजा-महाराजा भी नहीं कर पाए।



**भारत अब सहन नहीं करता, सीधा जवाब...**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। जब मैं भारत ... पढ़ें पेज 12 पर...

# नगर निगम की निरंकुशता से दहली राजधानी: हाईकोर्ट की अवमानना

## अवैध वसूली और मिलीभगत का खुला खेल!

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में नगर निगम की मनमानी अब सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं रह गया, यह अब न्यायिक आदेशों की सरेआम अवहेलना और आम जनता की जान के साथ खिलवाड़ बन चुका है। जोन-5 में अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध अतिक्रमण और वसूली के गंभीर आरोप सामने आए हैं, जिसे लेकर व्यापारी नेता सुमेश मिश्रा ने हल्ला बोला है। हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अफसरों की तानाशाही और मिलीभगत ने शासन-प्रशासन की साख को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### हाईकोर्ट के आदेशों की हो रही है सरेआम धज्जियां: व्यापारी नेता सुमेश मिश्रा

जोन-5 के अंतर्गत आने वाले चंद्रनगर क्षेत्र में फुटपाथों पर फैले अतिक्रमण पर जब उच्च न्यायालय ने सख्त आदेश पारित किए, तब जाकर नगर निगम हरकत में आया। 27 मई को कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 29 मई तक वेंडिंग जोन के बाहर किया गया अतिक्रमण पूरी तरह हटाया जाए, वरना जिम्मेदार अफसरों को जेल भेजा जाएगा। इसके बावजूद महज एक दिन बाद ही उन्हीं स्थानों पर नए दुकानदार बैठा दिए गए। सुमेश मिश्रा ने खुलासा किया कि यह सब जोन-5 के जोनल अधिकारी नंदकिशोर की मिलीभगत से किया गया। मिश्रा ने आरोप लगाया कि कोर्ट की अवमानना करते हुए नगर निगम अधिकारियों ने न केवल अवैध वेंडिंग को दोबारा शुरू करवाया, बल्कि उसके एवज में मोटी रकम की वसूली की गई।







व्यापारी नेता पं0 सुमेश मिश्रा

### अब नहीं सुधरे तो जनता सड़क पर फैसला सुनाएगी!

लखनऊ नगर निगम और उससे जुड़े अफसरों का यह रवैया लोकतंत्र की आत्मा पर हमला है। जब न्यायपालिका को बार-बार चेतावनी देनी पड़े, जब जनता सड़कों पर मर रही हो और अफसर वसूली में व्यस्त हों - तब लोकतंत्र नहीं, भ्रष्ट तंत्र राज करता है।

अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह कलंक सिर्फ नगर निगम नहीं, पूरी शासन व्यवस्था पर लगेगा।

### तीन साल की खामोशी- जानबूझकर अपराध?

कोर्ट ने यह भी उजागर किया कि 29 नवम्बर 2022 को मांगी गई रिपोर्ट आज तक पेश नहीं की गई, जो न्यायालय की नजर में जानबूझकर की गई अवमानना है। अदालत ने साफ कहा कि यदि 29 मई तक अतिक्रमण नहीं हटा, तो जिम्मेदार अधिकारियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजने से भी परहेज नहीं किया जाएगा।

### अधिकारियों की शह पर चल रही है अवैध वसूली की फैक्ट्री

मिश्रा ने जोन-5 को अवैध वसूली का अड्डा करार देते हुए कहा कि गरीब पटरी दुकानदारों को नए सिरे से बैठाने के नाम पर उनसे जबरन पैसे लिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह सारा खेल नगर निगम की प्रत्यक्ष जानकारी में हो रहा है और अफसरों की जेबें गर्म करने के लिए नियम-कानून ताक पर रख दिए गए हैं।

### हाईकोर्ट की लपटों में

### झुलसता नगर निगम- यह केवल अतिक्रमण नहीं, प्रशासनिक हत्या है

उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय की दो-न्यायाधीशीय पीठ - न्यायमूर्ति राजन रॉय और ओम प्रकाश शुक्ला - ने लखनऊ के चंद्रनगर अतिक्रमण मामले में अभूतपूर्व सख्ती दिखाई। WRITC 8364/2022 याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा जब गलियों में एम्बुलेंस नहीं घुस पा रही, लोग रास्ते में मर रहे हैं, तो यह सिर्फ अतिक्रमण नहीं, यह शासन-प्रशासन द्वारा की गई जानलेवा लापरवाही है।

कोर्ट की तीखी टिप्पणी ने प्रदेश की कार्यप्रणाली पर करारा तमाचा जड़ा है।

अदालत ने नगर निगम, पुलिस, CJSD और नगर आयुक्त को युद्धस्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का अंतिम आदेश जारी किया।

### अवैधता का दस्तावेजी सबूत- खुद दुकानदारों ने किया कबूलनामा:

याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार (पृष्ठ 272, क्रम संख्या 99), अतिक्रमणकारियों ने स्वयं स्वीकार किया कि एलडीए पार्क के पीछे वर्षों से बिना अनुमति व्यापार हो रहा है।

### इस पर कोर्ट ने कहा-

यह कबूलनामा ही इन्हें अवैध घोषित करने के लिए पर्याप्त है। प्रशासन इसे कैसे नजरअंदाज कर रहा था?

### स्ट्र की जमीन पर कब्ज़ा और निगम की चुप्पी - ये है असली 'गठजोड़'

कोर्ट में नगर निगम और ज़ोनल अधिकारियों के वकीलों ने माना कि दुकानदारों ने 150 फीट से अधिक जमीन पर कब्जा कर रखा है, जो स्ट्र की है। इसके बावजूद नगर निगम वर्षों से मौन क्यों बैठा रहा? इसका जवाब खुद अधिकारियों को भी नहीं पता, या शायद जानबूझकर नज़रअंदाज़ किया गया।

### मुख्यमंत्री को करना होगा हस्तक्षेप - जनता का बढ़ता आक्रोश

सुमेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधे हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि अब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो व्यापारी संघ सड़कों पर उतरकर निर्णायक आंदोलन करेगा।

### जनता का प्रश्न - कब मिलेगा न्याय?

- क्या फुटपाथों को फिर से जनता को लौटाया जाएगा?
- क्या जिम्मेदार अधिकारी जेल की सलाखों के पीछे होंगे या फिर एक और लीपापोती होगी?
- क्या मुख्यमंत्री और प्रशासन सख्ती से कार्यवाही करेंगे या कोर्ट को फिर हस्तक्षेप करना पड़ेगा?

# लखनऊ-कानपुर हाईवे पर भीषण हादसा

- बेकाबू टैंकर की टक्कर से दादा-दादी और 5 साल की पोती की मौत, दवा लेकर लौटते समय हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर गुरुवार देर शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल है। बेकाबू टैंकर ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार करीब 5 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। मृतकों में दादा, दादी और उनकी 5 साल की पोती शामिल हैं। वहीं जानकारी के अनुसार, लखनऊ के कृष्णानगर स्थित मानस नगर कॉलोनी निवासी सुखदेव प्रभाकर जो कृष्णानगर में फोटो स्टूडियो चलाते थे, उनकी पत्नी अंजू बाला प्रभाकर और 5 साल की पोती तान्या उन्नाव के मियागंज से एक परिचित डॉक्टर को दिखाने के बाद शाम को घर लौट रहे थे। वहीं गुरुवार को लौटते समय अकबरपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। वहीं हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर कार का शीशा तोड़कर चारों फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक दादी अंजू बाला और पोती तान्या की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। सुखदेव प्रभाकर और ड्राइवर रामचेला को गंभीर हालत में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान सुखदेव प्रभाकर ने भी दम तोड़ दिया। ड्राइवर रामचेला की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं इस हृदयविदारक घटना की खबर सुनकर मासूम तान्या की मां रो-रोकर बेसुध हो गईं। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है, हालांकि चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। देर शाम सुखदेव प्रभाकर का शव पोस्टमॉर्टम के बाद घर पहुंचा दिया गया है, जबकि अंजू बाला और तान्या के शवों का पोस्टमॉर्टम आज किया जाएगा। इस हादसे ने पूरे कृष्णानगर इलाके में शोक की लहर फैला दी है।

# ओशो नगर में भीषण आग, 30 झोपड़ियां खाक



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित ओशो नगर कनौसी में आज फिर भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। करीब डेढ़ महीने के भीतर यह दूसरी घटना है जब इस इलाके में आग का तांडव देखने को मिला है। ताजा घटना में लगभग 30 झोपड़ियां देखते ही देखते राख के ढेर में तब्दील हो गईं। हालांकि, गनीमत यह रही कि अभी तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है। वहीं अग्निकांड की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंच गईं। फायरकर्मी आग पर काबू पाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। लखनऊ के मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) अंकुश मित्तल भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और आग बुझाने के कार्यों का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ कृष्णानगर इंस्पेक्टर पीके सिंह, एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंह और एफएसओ सरोजनी नगर सुमित सिंह भी दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर मौजूद हैं। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि एक के बाद एक झोपड़ियां उसकी चपेट में आती गईं। लोगों को अपनी जान बचाने के लिए आनन-फानन में भागना पड़ा। ओशो नगर में खाली जमीन पर बड़ी संख्या में झोपड़ियां बनी हुई हैं,

जिससे आग फैलने का खतरा और बढ़ जाता है। वहीं फिलहाल, दमकल कर्मी आग को पूरी तरह बुझाने और स्थिति को सामान्य करने में लगे हुए हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा जल्द ही जांच शुरू की जायेगी।

# लखनऊ के आलमबाग बस अड्डे पर लूटकांड

## मुठभेड़ में एक लुटेरा गिरफ्तार, मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर



एसएचओ आलमबाग सुभाष चन्द्र

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ के आलमबाग बस अड्डे पर हुई लूट की सनसनीखेज वारदात ने एक बार फिर शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में हुई पुलिस कार्रवाई ने जहां एक लुटेरे को मुठभेड़ में धर दबोचा, वहीं उसका मुख्य साथी अब तक फरार है। पुलिस की कार्रवाई जारी है और अब यह मामला प्रदेश स्तर पर सुर्खियों में आ चुका है।

### आलमबाग बस अड्डे पर लूट - राजधानी में कानून व्यवस्था को चुनौती

राजधानी के सबसे व्यस्त बस अड्डों में शुमार आलमबाग पर दिनदहाड़े लूट की वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए। बस में सवारियों से टिकट वसूल रहे कंडक्टर को निशाना बनाते हुए लुटेरों ने पैसे और मोबाइल लूट लिए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में हुई यह वारदात दर्शाती है कि अपराधियों को अब पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है।

### थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र का सख्त संदेश - कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा

जन एक्सप्रेस से विशेष बातचीत में आलमबाग थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र ने दो टूक कहा,

फरार आरोपी बेहद शातिर दिमाग वाला है, लेकिन वह ज्यादा देर तक बच नहीं पाएगा। हमारी टीम चौबीसों

घंटे एक्टिव है। चाहे वह कहीं भी छिपा हो, कानून के शिकंजे से वह नहीं बच सकता।

### थाना प्रभारी की तेज कार्रवाई - मुठभेड़ में एक लुटेरा गिरफ्तार

घटना की जानकारी मिलते ही आलमबाग थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र ने टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर के बाहरी इलाके में घेराबंदी कर मुठभेड़ की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक लुटेरा घायल होकर पकड़ में आ गया। उससे पूछताछ में कई सनसनीखेज जानकारियाँ मिली हैं। हालांकि उसका मुख्य साथी मौके से फरार हो गया।

फरार आरोपी पर पहले से दर्ज हैं संगीन आपराधिक मुकदमे

पुलिस सूत्रों की मानें तो फरार आरोपी पेशेवर और शातिर अपराधी है। उस पर पहले से कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लूट, छिनैती, अवैध असलहा रखना और जानलेवा हमला जैसे अपराध शामिल हैं। पुलिस ने उसके पुराने रिकॉर्ड खंगालकर उसकी पूरी हिस्ट्रीशीट तैयार कर ली है।

लगातार हो रही हैं दबिशें, आरोपी कोर्ट में सरेंडर की फिराक में

पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए शहर और आसपास के जिलों में दबिशें दे रही है। टीमों को कई संभावित ठिकानों पर भेजा गया है। वहीं, सूत्रों का कहना है कि फरार आरोपी अब कोर्ट में आत्मसमर्पण की तैयारी कर रहा है, जिससे वह पुलिस कस्टडी की सख्ती से बच सके। पुलिस इसे एक सोची-समझी रणनीति मान रही है।

### जल्द घोषित होगा इनाम, जनता से भी मांगी जाएगी मदद

फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस जल्द ही इनाम घोषित करने की प्रक्रिया में है। आम जनता से भी उसकी सूचना देने की अपील की जाएगी। पुलिस चाहती है कि अपराधी को शरण देने वालों के विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई हो ताकि समाज में यह संदेश जाए कि अपराधियों को बचाना खुद अपराध है।

### आरोपी को पनाह देने वालों पर होगी कार्रवाई - पुलिस का अल्टीमेटम

पुलिस ने साफ कर दिया है कि फरार आरोपी को पनाह देने वालों की पहचान की जा रही है। जो भी उसे छिपाने या मदद करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की साजिश और सहयोग की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### केस बना लखनऊ पुलिस की प्रतिष्ठा का प्रश्न

इस हाई-प्रोफाइल लूटकांड को अब लखनऊ पुलिस ने अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। आला अधिकारी स्वयं निगरानी कर रहे हैं। अपराध शाखा, सर्विलांस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को भी लगाया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी अब एक मिशन बन चुकी है।

### खुफिया तंत्र को सतर्क किया गया, प्रदेश भर में फैला सर्च ऑपरेशन

फरार आरोपी के संभावित भागने के खतरे को देखते हुए एसटीएफ, एटीएस और स्थानीय खुफिया इकाइयों को अलर्ट पर रखा गया है। प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ सीमावर्ती इलाकों में भी चेकिंग बढ़ा दी गई है।

### निष्कर्ष- जल्द गिरेगा कानून का शिकंजा

लखनऊ पुलिस का रुख साफ है - अपराधी कितना भी चतुर क्यों न हो, कानून से बच नहीं सकता। आने वाले कुछ दिनों में फरार आरोपी की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है। पुलिस तंत्र अपनी पूरी ताकत से जुटा हुआ है, और यह स्पष्ट है कि अपराधी का बच निकलना अब नामुमकिन है।

# प्रसव के दौरान नीचे गिरकर शिशु की मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रसव के दौरान डिलीवरी टेबल से नीचे गिरकर शिशु की मौत के मामले में स्टाफ नर्स को बर्खास्त कर दिया गया है। जबकि डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी है। यूपी के कानपुर देहात में प्रसव के बाद गिरने से हुई नवजात शिशु की मौत के मामले में स्टाफ नर्स को बर्खास्त कर दिया गया है। जबकि, डॉक्टर को निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई तीन सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट पर की गई है। कानपुर देहात के मैथा ब्लॉक के प्रेमाधाम कला निवासी सुनील कुमार की पत्नी सरिता को प्रसव पीड़ा हुई। उन्हें बुधवार रात करीब 1.30 बजे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध 100 शैय्या एमसीएच विंग में भर्ती कराया गया था। तड़के 3.30 बजे प्रसव हुआ। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रसव के बाद नवजात डिलीवरी टेबल से नीचे गिर गया। इससे उसके चेहरे पर चोट आई। इसके बाद शिशु को एसएनसीयू (सिक न्यू बार्न केयर यूनिट) में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान सुबह 10:30 बजे उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी होने पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जांच के आदेश दिए। तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने रिपोर्ट में आरोप सही पाया। जांच में पाया गया कि स्टाफ नर्स प्रियंका सचान लेबर रूम से गायब हो गई थी। इस पर उसे बर्खास्त कर दिया गया है।

# लखनऊ में अवैध कारतूस बेचने वाला गिरफ्तार

- दूसरों के गन लाइसेंस से शस्त्र दुकान से लेता था बुलेट, जांच में पकड़ा गया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ







लखनऊ कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच और चिनहट थाना पुलिस की टीम ने दूसरे के गन लाइसेंस पर बुलेट लेने वाले को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि आरोपी शस्त्र की सरकारी शस्त्र दुकानों से लाइसेंस दिखाकर बुलेट लेता था और उसके बाद बाजार में अधिक दामों पर बेचता था। वहीं पुलिस ने उसके पास से दो लाइसेंसी रिवाल्वर और तीन गन लाइसेंस के साथ 110 कारतूस बरामद की हैं। पुलिस टीम उसके आपराधिक इतिहास के साथ उसके ग्राहकों का पता लगा रही है।वहीं चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि क्राइम टीम के साथ थाना पुलिस ने रहीमनगर निवासी प्रदीप कुमार दीक्षित को राष्ट्रीय ग्रामोद्योग आश्रम इंटर कालेज के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार किया। वहीं आरोपी धोखाधड़ी से शस्त्र धारकों का लाइसेंस लेकर कारतूस लेता था, जिन्हें बाजार में अवैध रूप से बेचता था। उसके पास से रिवाल्वर की दो लाइसेंस, राइफल की तीन लाइसेंस बरामद हुई हैं। वहीं साथ ही 30 कारतूस 315 बोर और 80 कारतूस 32 बोर के बरामद हुए हैं। लखनऊ आरोपी से जुड़े लोगों के विषय में जानकारी जुटाई जा रही है, आरोपी किस को और किस मकसद से कारतूस सप्लाई कर रहा था। इस पूरे खेल में शस्त्र लाइसेंस धारक भी शामिल हैं या नहीं इसकी भी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# दुघरा से मानपुर मंडी तक की सड़क जर्जर, हजारों ग्रामीण व किसान परेशान, अधिकारी व नेता उदासीन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ की बख्शी का तालाब (बीकेटी) विधानसभा क्षेत्र के दुघरा गांव से शुरू होकर जमखनवां होते हुए बगहा और करौंदी होते हुए मानपुर मंडी को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क इन दिनों बदहाली का शिकार हैं। बता दें कि यह सड़क इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि इस पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं,जिससे आने-जाने वाले हजारों की संख्या में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्रीय नेताओं और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों द्वारा इस समस्या पर ध्यान न दिए जाने से स्थानीय लोगों में गहरा रोष है। लोगों को अपने काम पर जाने व किसानों को मंडी जाने पर इस सड़क पर होकर जाना पड़ता है जिससे कि बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण लोगों को कभी कभार चोट भी आ जाती है।स्कूली बच्चों को इसी सड़क से होकर स्कूल जाना पड़ता है, जिससे कि उनकी साईकिलें आये दिन खराब होती रहती हैं।

यह सड़क विशेष रूप से उन किसानों के लिए जीवनरेखा है, जिन्हें अपनी उपज लेकर मानपुर मंडी जाना पड़ता है।

# श्रावस्ती और शाहजहांपुर में गिरे ओले

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में प्री मानसून बारिश का दौर जारी है। तराई और पश्चिम में बूंदाबांदी के बाद अब शनिवार को बारिश का विस्तार पूर्वी यूपी में दिखेगा। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने प्रदेश के 38 जिलों में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी जारी की है।

# होटल संचालक को गोली मारने वाले बदमाश का हुआ एनकाउंटर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और कार सवार 10 हजार के इनामी बदमाश की मुठभेड़ हो गई। बता दें कि पुलिस टीम को देखकर भाग रहे बदमाश की कार डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने उसे घेरा तो फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। वहीं पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी पहचान 25 मई को दिनदहाड़े करीब 1 किलोमीटर तक दौड़ाकर होटल संचालक मुरसलिन को गोली मारने वाले बदमाश फरमान अली के रूप में हुई। पुलिस उसके तीन साथियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। वहीं लखनऊ डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि शुक्रवार तड़के पुलिस मॉर्निंग चेकिंग कर रही थी, इस दौरान खुर्रमनगर बंधा रोड के पास पुलिस टीम ने एक संदिग्ध कार रोकी, चालक ने कार रोकने की जगह स्पीड़ बढ़ा दी। पुलिस के पीछा करने पर लवकुशनगर कल्याण अपार्टमेंट के पास कार डिवाइडर से टकरा गई। वहीं कार चालक ने भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, पुलिस के जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। उसके पास से तमंचा, कारतूस, खोखा और कार बरामद हुई। उसकी पहचान तकरोही निवासी फरमान अली के रूप में हुई। 25 मई को गाजीपुर में खाना खाते समय उसकी रिश्तेदार मुरसलिन से विवाद हुआ था, उसने अपने साथियों के साथ मुरसलिन को क़रीब एक किलोमीटर तक फायरिंग करते हुए दौड़ाया था, उसके बाद उसे ताबड़तोड़ तीन गोलियां मारी थीं मुरसलिन का अब भी उपचार चल रहा है।

### पुलिस ने घोषित किया था 10 हजार का इनाम

25 मई को गाजीपुर इलाके के सर्वोदय नगर में मुरसलिन को गोली मारी गई थी। घटना के बाद पुलिस की दो टीम आरोपी अरशल, फैसल, फैजल, फैज रिजवी, समृद्ध सिंह, अजय, शादाब और इनके गिरोह के लोगों की तलाश कर रही है। जांच में दीनदयाल पुरम तकरोही निवासी अमन कौशल और फरमान का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उनके ऊपर 10 हजार का इनाम घोषित किया। गुरुवार शाम को पुलिस ने अमन को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ इंदिरानगर, गाजीपुर और इटौंजा थाने में तीन मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में अब चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। उनमें विकास नगर निवासी अरशल गाजी और इंदिरानगर के फरीदीनगर निवासी फैज अली को 26 मई को गिरफ्तार किया था। वहीं अरशल ने बताया था कि मुरसलिन उसका चचेरा साला है।

# आंगनबाड़ी कर्मियों को दो महीने से नहीं मिला वेतन, संगठन ने आंदोलन की दी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के कई ब्लॉकों मेंआंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को दो महीने का वेतन अब तक नहीं मिल पाया है। इससे कर्मियों में नाराजगी गहराती जा रही है। और कर्मचारी संगठन अब आंदोलन की तैयारी में जुट गया है। भेटुआ, बहादुरपुर और शुकुल बाजार ब्लॉक की कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को लंबे समय से वेतन का इंतजार है। जबकि गौरीगंज ब्लॉक में मिनी आंगनबाड़ी कर्मियों का एरियर भी अभी लंबित है।इस मुद्दे को लेकर गुरुवार को बाजार शुकुल में आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में अधिकारियों द्वारा शिकायतों की अनदेखी पर कड़ी नाराजगी जताई गई। और आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के जिला संरक्षक देसराज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिंदू गुप्ता,जिला महामंत्री सुदामा मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष आशा देवी, गीता देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुईं।इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि वेतन भुगतान में देरी का कारण आधार सत्यापन प्रक्रिया थी। उन्होंने कहा,अब सभी कर्मियों का आधार सत्यापन पूर्ण हो चुका है और भुगतान की मांग शासन को भेज दी गई है। जल्द ही सभी को वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। गौरीगंज में मिनी आंगनबाड़ी कर्मियों का एरियर भी लंबित है।कर्मचारी संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी विभाग ने आधार सत्यापन में देरी को बताया वजह, जल्द भुगतान का आश्वासन दिया है। यदि समय रहते भुगतान नहीं हुआ, तो संगठन वृहद आंदोलन की चेतावनी दे चुका है। जिससे जिले में आंगनबाड़ी सेवाओं पर भी असर पड़ सकता है।

## गोआश्रय स्थलों का सदस्य ने किया स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सदस्य गो सेवा आयोग उ0प्र0 रमाकांत उपाध्याय के जनपद भ्रमण के दौरान अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल कोन्हा डीह विकासखंड डीह, कान्हा उपवन परशदेपुर और अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल ममुनी विकासखंड सलोन का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने गोवंशों को दिए जाने वाले हरे चारे, पानी, चिकित्सा व्यवस्था, बिजली, कूलर पंखे आदि की व्यवस्था देखी गईं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओं को हीट वेव से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था कराई जाए। इस अवसर पर उन्होंने ने कान्हा उपवन परशदेपुर में पौधरोपण भी किया।

सदस्य ने भ्रमण के दौरान ग्राम बढ़ई चक विकास खण्ड डीह में स्थित केले की आर्गेनिक (जैविक) खेती के उपक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि केले के उत्पादन के लिए वैज्ञानिक पद्धति को भी अपनाया जाए।

# बिना नोटिस अतिक्रमण हटाया, गुमटियां तोड़ीं

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



नगर पंचायत अमेठी द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान ने विवाद का रूप ले लिया है। आरोप है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के कार्रवाई की, जिससे स्थानीय व्यापारियों में भारी नाराज़गी है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत की टीम बुलडोजर लेकर अंबेडकर तिराहे पर पहुंची और कई गुमटियों को तोड़ दिया। इस दौरान व्यापारियों के सामान को सड़क पर फेंक दिया गया।व्यापारियों ने प्रशासन से थोड़ी मोहलत की मांग की,ताकि वे अपना सामान हटा सकें, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई में पारदर्शिता नहीं बरती गई।और केवल कुछ चुनिंदा दुकानों को ही निशाना बनाया गया।वहीं नालियों पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया गया। इस कार्रवाई के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय मांगें रखी गईं।व्यापारियों की प्रमुख मांगें,नगर पंचायत अधिनियम के तहत रेहड़ी-पटरी व्यापारियों के लिए वैकल्पिक और स्थायी व्यवस्था की जाए। बिना नोटिस कार्रवाई पर रोक लगे और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हो।व्यापारियों को हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाए। किसी भी अभियान से पहले व्यापारियों को सूचित किया जाए। सभी के साथ समानता का व्यवहार किया जाए। मनमानी पर रोक लगे और जनसंवाद को प्राथमिकता दी जाए। व्यापारियों ने प्रशासन पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्यवाही नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

# रक्त की हर बूंद बनेगी जिंदगी की उम्मीद एक जून को लगेगा रक्तदान शिविर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

गर्मियों की तपिश के बीच जिले का एक सरकारी विद्यालय इस बार एक अलग ही ऊर्जा का केंद्र बनने जा रहा है। एक जून को जामो ब्लॉक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में कुछ खास होगा।यहाँ सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि जिंदगी बचाने का अभियान चलेगा। भारतीय स्वच्छता मंच के नेतृत्व में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर की पहल भारतीय स्वच्छता मंच के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा पांडेय ने की है।

उन्होंने जिले के एसीएमओ डॉ.राम प्रसाद को पत्र सौंपकर इस आयोजन को चिकित्सा विभाग के सहयोग से सफल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कृष्णा पांडेय कहते हैं कि हर रोज किसी को खून की जरूरत पड़ती है।और कई बार इसकी अनुपलब्धता जानलेवा हो जाती है। अगर हम सब थोड़ा-थोड़ा योगदान करें, तो न जाने कितनी जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। इसी सोच से शुरू हुई इस शिविर की तैयारी अब एक सामाजिक अभियान का रूप ले चुकी है। मंच के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों और युवाओं से संपर्क कर उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित करना शुरू कर दिया है। इस शिविर का उद्देश्य केवल रक्त संग्रह नहीं, बल्कि रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना भी है। कृष्णा पांडेय बताते हैं कि गरीब और असहाय मरीजों को अक्सर रक्त के अभाव में इलाज नहीं मिल पाता। इस शिविर से ऐसी स्थिति में मदद मिल सकेगी। यह आयोजन भारतीय स्वच्छता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में हो रहा है। मंच लंबे समय से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहा है। चाहे वह स्वच्छता अभियान हो, स्वास्थ्य जागरूकता हो या फिर जन सेवा से जुड़ी अन्य गतिविधियाँ। एक जून रविवार को होने वाला यह रक्तदान शिविर न सिर्फ एक आयोजन होगा, बल्कि समाज के लिए एक संदेश होगा, कि जब समाज मिलकर चलता है, तो हर कठिनाई आसान हो जाती है।

## दो नए अग्निशमन केंद्र बनने का रास्ता साफ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में अग्निशमन सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। जिले के के दो स्थानों भौसिंहपुर थाना संग्रामपुर और नगरडीह ब्लॉक भादर में जल्द ही नए फायर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने इन दोनों स्थानों पर अग्निशमन विभाग के लिए निःशुल्क भूमि आवंटित कर दी है। भौसिंहपुर में 0.4150 हेक्टेयर और नगरडीह में 0.430 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। अग्निशमन विभाग द्वारा इन केंद्रों के निर्माण के लिए शासन को बजट प्रस्ताव भेजा गया है। वर्तमान में अमेठी जिले के केवल सात में ही फायर स्टेशन मौजूद हैं। जिसमें अमेठी, गौरीगंज, मुसाफिरखाना, शुकुल बाजार जगदीशपुर, जायस और मोहनगंज हैं। बाकी ब्लॉक अब भी अग्निशमन केंद्रों से वंचित हैं, जिससे आपात स्थिति में त्वरित राहत कार्यों में बाधा आती है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के अनुसार नए फायर स्टेशन बनने से इन क्षेत्रों में आग की घटनाओं पर जल्दी और प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा। जैसे ही शासन से बजट स्वीकृति मिलेगी, निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। दो नए फायर स्टेशन भौसिंहपुर और नगरडीह में बनेंगेजिससे आग जैसी आपदाओं में तेजी से राहत मिलेगी।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल थीं अहिल्याबाई : रानिका जायसवाल

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज, अमेठी**




शिव भक्त, पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती स्मृति अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को नगर पालिका जायस, नगर पालिका गौरीगंज, नगर पंचायत अमेठी व मुसाफिरखाना द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें नगर पालिका जायस एवं गौरीगंज में मुख्य अतिथि वक्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष रानिका जायसवाल रहीं।नगर पंचायत अमेठी में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विषुव मिश्रा व नगर पंचायत मुसाफिरखाना में जिला मंत्री प्रभात शुक्ला रहे।

जायस एवं गौरीगंज में गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने किया।बतौर मुख्य अतिथि रानिका जायसवाल ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण की मिसाल थी। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताया।यह भी कहा कि विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थस्थलों का पुनरोद्धार कराया। वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है। अहिल्याबाई होल्कर आदर्श शासन की शिल्पकार रही हैं। जिनकी प्रशासनिक दक्षता उन्होंने खुद ही लगान वसूली न्याय और प्रजा की समस्याओं का समाधान प्रारंभ किया।और राजकोष को जनता का धन समझते थी।

अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमद नगर जनपद स्थित चांडी ग्राम में हुआ था।अहिल्याबाई प्रारंभ से ही विलक्षण प्रतिभा और प्रखर बुद्धि थी।उनके पिता मैंकोजी शिंदे मराठा साम्राज्य में पाटिल के पद पर कार्यरत थे।उन्होंने अपनी पुत्री को मर्यादा नीति और धर्म का संस्कार बचपन में ही दिया था।विवाह के उपरांत अहिल्याबाई मालवा राज्य की बहू बनी और कालांतर में राज्य की महारानी।यह मार्ग सरल ना था युद्ध में पति खंडेराव की मृत्यु फिर ससुर मल्हाराव का निधन और अंततः इकलौते पुत्र वालेराव की असामयिक मृत्यु,यह सारे आघात अहिल्याबाई पर एक के बाद एक टूटे।परंतु उन्होंने इन्हें दुर्बलता नहीं बल्कि दायित्व का आवाहन समझा 11 दिसंबर 1767 को जब उन्हें विधिवत राज्याभिषेक कर राज सिंहासन सोपा गया।

तब उन्होंने न केवल राज्य को स्थाई अस्थित्व दिया बल्कि अपनी दूर दृष्टि न्याय प्रियता और धर्म निष्ठा से उसे समृद्धि की ओर अग्रसर किया। उन्होंने देश भर में मंदिरों को धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण कराया। जिनमें काशी, गया, सोमनाथ, द्वारिका, रामेश्वरम, जैसे तीर्थ स्थलों का विशेष उल्लेखनीय स्थान है।

अहिल्याबाई न केवल धर्म प्रेमी थी बल्कि उत्कृष्ट शासन भी वह सैनिक रणनीति में निपुण थी।राज्य की आयकरप्रणाली को व्यवस्थित करती थी और महिला सशक्तिकरण का मूर्ति मां प्रेरणा थी। उनके शासनकाल में मालवा की और राजनीतिक रूप से स्थिर रहा। बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नयन का भी केंद्र बना।

13 अगस्त 1795 को जब अहिल्याबाई लोक से विदा हुई तब वह अपने पीछे एक आदर्श राज्य मॉडल छोड़ गई।जिसमें शक्ति सेवा आयोग और संयम का प्रतीक माना जाता है।

अहिल्याबाई किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता दी। और सिंचाई के लिए नहरों तालाबों और जलाशयों का निर्माण कराया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आदर्श शासन की शिल्पकार एवं सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी। अहिल्याबाई के जरिए आधी आबादी मातृ शक्ति को सशक्त बनाने के लिए पार्टी बूथ स्तर तक अभियान चला रही है। उन्होंने सभी से होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते बताया कि गोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, अशोक मौर्य जिला मन्त्री भाजपा, आशा बाजपेई जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सहित मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली**



अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर गुरुवार को ऊंचाहार ब्लॉक मुख्यालय में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने कहा कि जो सपना 300 वर्ष पूर्व माता अहिल्या बाई होल्कर ने देखा था, उसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को सम्मान देकर और उन्हें सशक्त बनाकर पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई एक सामान्य परिवार में जन्मी थीं और उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा, जिसे जानना हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। वे न केवल एक कुशल शासिका थीं, बल्कि धर्म, न्याय, सेवा और स्त्री शक्ति की प्रतीक भी थीं।

अभिलाष कौशल ने कहा कि भारत के इतिहास में कई वीरांगनाओं ने अपने अद्वितीय शासन और दूरदर्शिता से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है, जिनमें मालवा की रानी अहिल्याबाई होल्कर प्रमुख हैं। वे आज भी एक आदर्श प्रशासिका, न्यायप्रिय शासिका और धर्मपरायण महिला के रूप में याद की जाती हैं। उन्होंने कहा कि विगत सरकारों ने महापुरुषों को उचित सम्मान नहीं दिया, जबकि वर्तमान सरकार इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि आशीष तिवारी ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर गरीब परिवार से थीं, लेकिन उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया और समाज में अनेक सुधार लाए। उन्होंने महिलाओं को सम्मान दिलाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान देने वाली रामा देवी, रीना पाल, गीता यादव, निशा तिवारी, रेखा पटेल, गुड्डन यादव को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विनीत कौशल, विजयपाल, सहायक कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आरेडिका के हॉस्पिटल में प्राइवेट वार्ड का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आरेडिका चिकित्सालय में महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा द्वारा एक अत्याधुनिक प्राइवेट वार्ड का उद्घाटन किया गया। आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं के अंतर्गत बनाए गए इस प्राइवेट कक्ष का उद्देश्य मरीजों और उनके परिजनों को संकट की घड़ी में उच्च स्तरीय सुविधा और देखभाल प्रदान करना है। प्राइवेट रूम को आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों, सतत निगरानी प्रणाली और एक सुरक्षित व आरामदायक वातावरण से सुसज्जित किया गया है। इस सुविधा का विशेष लाभ गंभीर स्थिति वाले मरीजों को मिलेगा जिन्हें विशेष देखभाल और एकांत की आवश्यकता होती है। पीसीएमओ डॉ. आभा जैन ने कहा कि यह प्राइवेट रूम आरेडिका की आकस्मिक चिकित्सा सेवा को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। यह मरीजों की गरिमा बनाए रखने और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा से बाल अपराधों के लंबित वादों और केसों की जानकारी ली। निर्देश दिया कि बाल अपराधों के वादों को निस्तारण कराने की कार्यवाही शीघ्र कराई जाए। वादों को लंबित ना रखा जाए।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य ने कहा कि बच्चों की समय- समय पर काउंसलिंग भी कराते रहें। बाल अपराधों को गंभीरता से लिया जाए।

बैठक में बाल संरक्षण, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम और बाल कल्याण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को बाल संरक्षण को प्राथमिकता देने और बच्चों के विकास के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, यूनिसेफ से मंडली सलाहकार, किशोर न्याय बोर्ड से मीनू श्रीवास्तव, बाल कल्याण समिति से पूनम सिंह, वन स्टॉप सेंटर से आस्था ज्योति, राज लक्ष्मी बाई सम्मान कोष से सारिका शुक्ला, श्रद्धा सिंह अर्चना सिन्हा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी, रिजवाना परवीन अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा,डिप्टी सीएमओ डॉ अशोक, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरेडिका का हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक और प्रयास




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में बुधवार को एक और कदम हरित ऊर्जा की दिशा में बढ़ाया गया। आरेडिका के विद्युत विभाग द्वारा आरेडिका चिकित्सालय की छत पर 152.5 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित किया गया। इस सौर संयंत्र का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल ने जानकारी दी कि इस संयंत्र की स्थापना से आरेडिका की कुल सोलर ऊर्जा उत्पादन क्षमता अब 4.08 मेगावाट हो गई है। यह सोलर प्लांट सीधे ग्रिड से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि इस सौर संयंत्र से हर वर्ष लगभग 14.23 लाख रुपये की रेलवे राजस्व में बचत होगी और यह संयंत्र 4 से 5 वर्षों में अपनी लागत को पूरा कर लेगा। इसके अतिरिक्त, इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और स्वच्छ तथा हरित ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।

# पत्रकार से अभद्रता, सीएमओ बोले जांच टीम गठित, दोषी पर होगी सख्त कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

पत्रकारिता दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिन पर जिले के जगदीशपुर के स्वास्थ्य केंद्र में खबर कवरेज के दौरान एक पत्रकार के साथ स्टॉफ द्वारा की गई अभद्रता का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद जिले में पत्रकारों में रोष व्याप्त है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि सुरक्षाकर्मी ने न सिर्फ पत्रकार से मोबाइल छीनने की कोशिश की,बल्कि डंडा और लात से मारने की धमकी भी दी। इस घटना को लेकर पत्रकार संगठनों ने विरोध जताते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और शासन प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा कि घटना की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। वीडियो की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। पत्रकारों ने न सिर्फ आरोपी सुरक्षाकर्मी को तत्काल निलंबित करने, बल्कि अस्पताल प्रशासन की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। जिले के पत्रकारों का कहना है कि यह हमला मीडिया की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। जगदीशपुर सीएचसी में पत्रकार से अभद्रता, मोबाइल छीनने और मारने की धमकी सीएमओ ने जांच टीम गठित करने और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पत्रकारों ने उप मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप की अपील की है।

# प्रदेश की बंजर, बीहड़ जलभराव, ऊंची-नीची जमीनों को बनाया जा रहा है कृषि योग्य

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

देश और प्रदेश में लगातार बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप अन्न के उत्पादन को बढ़ाना जरूरी है। शहरों के विस्तार एवं औद्योगीकरण से उपजाऊ भूमि घटती जा रही है। ऐसे में कृषि योग्य भूमि को रकबा बढ़ाना जरूरी है। उत्तर प्रदेश में जमीन का बड़ा हिस्सा ऐसा है, जहां विभिन्न परिस्थितियों के चलते किसान खेती नहीं कर पा रहे है। बीहड़, बंजर, असमतल, ऊबड़-खाबड़ और जलभराव के कारण काफी जमीन बेकार पड़ी है। लगातार बढ़ रही जनसंख्या को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए कृषि उत्पादन व उत्पादकता में बढ़ोतरी जरूरी है और यह तभी संभव है जब खेती के लिए भूमि की उपलब्धता हो।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश की बंजर, बीहड़, ऊबड़-खाबड़, असमतल व जलभराव भूमि को कृषि योग्य बनाकर खेती का दायरा बढ़ाने पर बल दिया है। इससे उत्पादन तो बढ़ेगा ही, साथ ही किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। प्रदेश सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के तहत सभी प्रकार की खराब पड़ी भूमि में 02 लाख 19 हजार 250 हेक्टेयर से अधिक भूमि को खेती योग्य बना रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना प्रदेश के 74 जिलों में संचालित है। योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि सुधार के विविध कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। किसानों, भूमिहीन मजदूरों, अनुसूचित जातियों की आवंटित भूमि दुरुस्त होगी और उन्हें अपने खेत के सुधार में काम करने पर मनरेगा से रोजगार भी मिलेगा। प्रदेश में बीहड, बंजर व जलभराव क्षेत्रों के सुधार व उपचार के लिए 2022-23 से 2026-27 तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना चलाई जाएगी। गौतमबुद्ध नगर को छोड़कर प्रदेश के शेष 74 जिलों के लिए यह योजना संचालित की जा रही है।

इस योजना के तहत चयनित परियोजना क्षेत्र के सभी किसान व किसान मजदूर इसमें लाभार्थी होंगे। परियोजना क्षेत्र के चयन में उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां लघु व सीमांत किसान और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति किसानों व भू-आवंटियों की भूमि की अधिकता है। योजना के तहत चयनित परियोजना क्षेत्र में शत-प्रतिशत अनुदान पर बीहड़, बंजर, भूमि सुधार व क्षेत्र सुधार का कार्य राज्य सेक्टर से और जलभराव क्षेत्र का उपचार कार्य मनरेगा से कराया जाता है।

इस योजना से कृषि वानिकी उद्यानीकरण के साथ फसलों का उत्पादन किया जायेगा। परियोजना क्षेत्र में सुधार की गई भूमि पर जरूरत के हिसाब से कृषि वानिकी व उद्यानीकरण के साथ ही उपचारित क्षेत्र में 50 प्रतिशत अनुदान पर फसलों का उत्पादन कराया जाएगा।

## मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जागरूकता सत्र: रायबरेली में डॉ. परवीन ने जीएसएम समुदाय को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जनपद में पहल फाउंडेशन ने सक्षम परियोजना के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में होलीस्टिक साइकोलॉजिस्ट डॉ. रूमा परवीन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। फाउंडेशन की परियोजना प्रबंधक लवप्रीत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. परवीन ने अपने संबोधन में बताया कि मानसिक स्वास्थ्य का प्रभाव जीवन के हर पहलू पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। सत्र में जीएसएम (जेंडर एंड सेक्शुअल मैन्यारिटी) समुदाय पर विशेष ध्यान दिया गया। डॉ. परवीन ने इस समुदाय के खिलाफ होने वाली हिंसा और भेदभाव के मानसिक प्रभावों पर चर्चा की। कार्यक्रम में 35 सामुदायिक सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने का मौका मिला। सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के समापन पर लंच बॉक्स वितरित किए गए। पहल फाउंडेशन ने भविष्य में इसी तरह के और सत्र आयोजित करने की योजना बनाई है। फाउंडेशन का लक्ष्य समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## प्रांतीय प्रधानाचार्य पुनश्चर्या वर्ग का आयोजन 31 जून से

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** प्रान्तीय प्रधानाचार्य पुनश्चर्या वर्ग 31 मई से 10 जून 2025 तक प्रान्तीय स्तरीय नव चयनित आचार्य / आचार्या प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 01 जून 2025 से 10 जून 2025 तक गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर, रायबरेली में सम्पन्न होगा। जिसमें अवध प्रान्त के 50 प्रधानाचार्य विद्या भारती योजना के अनुरूप नेतृत्व करने की क्षमता में वृद्धि का प्रशिक्षण प्राप्त करेगें एवं 125 आचार्य / आचार्या इस प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेकर विद्याभारती की रीति नीति के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

# ट्रक ड्राइवर की हत्या के मामले में चार के ऊपर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




जाजमऊ में गोतसकरी के विरोध में ट्रक ड्राइवर के हत्याकांड में पुलिस ने चार और उपयोग के खिलाफ नाम जद एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले उन्नाव में अपने गोदाम के सामने ट्रक ड्राइवर को बेरहमी से पीटा। इसके बाद उसे स्कॉर्पियो में लादकर जाजमऊ लाए और यहां पर पीट-पीट कर मार डाला। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। जबकि अन्य दो आरोपियों की तलाश अभी भी जारी है।

सूत्रों के मुताबिक उन्नाव कोतवाली थाना क्षेत्र के गोधन हार में रहने वाली मृतक की बेटी सैयद अलीशा की तहरीर पर जाजमऊ पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या के नाम जद एफआईआर दर्ज की है। अलीशा ने बताया कि उसके पिता सलीम अहमद जो कि जाजमऊ पोखरपुर शिवान टेनरी के मालिक फरहान का ट्रक चलाते थे। मेरे पिता की सैलरी बकाया थी गुरुवार को वह अपनी सैलरी लेने के लिए नजदीकी अकील के साथ फरहान के पास गए थे। दोपहर में करीब 2ः30 बजे प्राथमिक के पिता ने अपने मोबाइल से प्रार्थना के पति को कॉल किया था। बताया कि फरहान व उसके भाई हसीब उर्फ शिबू शोएब उर्फ सोनू वह एक अन्य सद्दाम अपने हाथ में लोहे की रोड लेकर वेतन न देने व को किसी की बात बताने को लेकर गाली गलौज कर रहे थे। इसके बाद प्राथमिक के पिता के मोबाइल पर कॉल करने की कोशिश की लेकिन पिता का मोबाइल आफ़ होने के कारण बात नहीं हो सकी। अनहोनी की आशंका पर अलीशा ने अपनी मां और परिवार के अन्य लोगों से बात की। प्राथमिक अपने पति के साथ कानपुर जाजमऊ आयी। तब पता चला कि फरहान शिबू उर्फ हसीब शोएब उर्फ सोनू और सद्दाम ने पीट-पीट कर मेरे पिता की हत्या कर दी है। उनके पूरे शरीर पर चोट के गंभीर निशान थे। हत्या करने के बाद शो को जमजम मस्जिद के सामने स्कॉर्पियो कर से फेंक कर भाग निकले।

वारदात के बाद मृतक के साथ गए उनके दोस्त अकील ने भी बताया कि पुलिस की मदद से काशीराम अस्पताल ले गए थे लेकिन जांच के बाद डॉक्टर ने पिता को मृत घोषित कर दिया। बेटी की तहरीर पर जहाज मऊ पुलिस ने पोखरपुर जाजमऊ सिवान टेनरी निवासी फरहान, हसीब उर्फ शिबू, शोएब उर्फ सोनू और चट्टान के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की है।

मामले में डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के दो आरोपियों सिवान टेनरी निवासी शोएब आलम उर्फ सोनू और छबीले पुरवा जाजमऊ के रहने वाले शादाब अहमद उर्फ सद्दाम काके को अरेस्ट कर लिया है दोनों से पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## छात्रनेता अभिजीत राय को प्रधानमंत्री की रैली से पहले पुलिस ने किया नजरबंद

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



शुक्रवार को छात्रनेता अभिजीत राय ने ऐलान किया कि वो छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही व छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ खिलाफ मोदी जी से मिलकर अवगत कराएंगे और ज्ञापन देंगे लेकिन जब पुलिस प्रशासन को इसकी खबर लगी तो अभिजीत राय को खोजने में लग गई बहुत खोजने के बाद विश्वविद्यालय मेट्रो के पास पुलिस ने अभिजीत राय को पकड़ा और कल्याणपुर थाने में नजरबंद कर दिया फिर मोदी जी के जाने बाद छोड़ दिया वहीं छात्रनेता अभिजीत राय ने कहा कि छात्रों की आवाज़ दब नही पाएगी आज पुलिस ने रोक लिया लेकिन संघर्ष अभी जारी रहेगा प्रधानमंत्री जी हमारे आदर्श हैं और उन्हें हम छात्र उन्हें अवगत करा के रहेंगे कि कानपुर में छात्रों को कैसे प्रताड़ित किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर भावुक हो गईं ऐशन्या

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरफोर्स स्टेशन में पहलगाम हमले में शहीद शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उनके पिता संजय द्विवेदी और मां सीमा भी मौजूद रहीं। यह मुलाकात भावुक माहौल में हुई, जहां प्रधानमंत्री ने शहीद के परिवार को ढांढस बंधाया और उनके साहस व बलिदान को श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री ने ऐशन्या से बातचीत करते हुए उनका हालचाल जाना और कहा कि देश को आपके पति पर गर्व है, उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। सरकार आपके साथ है। उन्होंने घटना पर दुःख भी जताया हैं। मुलाकात के वक्त माहौल गमगीन हो गया और मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया और अपनी बात साझा की।

### किसी बड़े ने सिर पर हाथ रख दिया

शहीद शुभम की पत्नी ऐशन्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद अपने भावुक मन की बात साझा की। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा जैसे किसी बड़े ने सिर पर हाथ रख दिया हो... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके मैं बहुत भावुक हो गई। प्रधानमंत्री से हुई इस मुलाकात को ऐशन्या ने एक आत्मीय और संबल देने वाला क्षण बताया।

### गर्व और भावुकता से भरा पल था

उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े नेता का इस तरह आकर हालचाल पूछना उनके लिए गर्व और भावुकता से भरा पल था। ऐशन्या ने बताया कि पीएम मोदी ने आपरेशन सिंदूर अभी जारी रखने की बात कहीं है। साथ ही, आतंक के खिलाफ लड़ाई जारी रहने के लिए भी कहा।

### धर्म पूछकर मार रहे थे, बांटना चाहते थे: ऐशन्या

ऐशन्या ने बातचीत में बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने दो बातें रखी थी। जिसको उन्होंने सुना। उनसे कहा- कश्मीर में चीजें सही हो रही थीं, शायद आतंकी इसको खत्म करने के लिए आए थे। मुझे ये भी लगता है कि वह हिंदुस्तान के हिंदू-मुस्लिम को अलग करने की कोशिश करने आए थे। वो धर्म पूछकर हमें मार रहे थे। हमें बांटना चाहते थे। आतंकियों ने इसलिए धर्म पूछकर मारा। पूरा देश आपके साथ खड़ा है।

### ऐशन्या बोलीं- प्रधानमंत्री भी दु:खी दिखे

ऐशन्या ने बताया कि प्रधानमंत्री भी दुखी थे, उनके चेहरे से वो दुख के भाव झलक रहे थे। उन्होंने पापा संजय द्विवेदी के कंधे पर हाथ रखकर उन्होंने दिलासा दी। प्रधानमंत्री ने घटना के बारे में पूरी जानकारी ली।

बेटे का हुआ बलिदान, प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया

पहलगाम हमले में मारे गए शुभम के पिता संजय द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि हमारे बेटे का बलिदान हुआ, हमने मोदी का आभार व्यक्त किया। क्योंकि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ, पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की। कार्रवाई से हमें बहुत राहत मिली। प्रधानमंत्री ने गहरी संवेदना व्यक्त की। देश के निर्दोष लोगों की मौत पर वे बहुत दुखी हैं। उन्होंने वादा किया है कि वे आतंकवाद का समूल नाश कर देंगे। उन्होंने कहा कि आज जल्दी है, आपसे दोबारा मुलाकात करेंगे।

# अधेड़ महिला के साथ पड़ोसी ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने के लगा रही चक्कर, नहीं हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात**



एक और जहां देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी महिलाओं की सुरक्षा का दावा करते हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस महके में बैठे अधिकारी महिलाओं की प्रयास सुनने तक से इनकार कर देते हैं। आपको बताते चलें प्रीति 12 मई को रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गोपालपुर तालुका अतरिया के रहने वाली राम मूर्ति उम्र 50 वर्ष पत्नी जगदीश के साथ पड़ोस के रहने वाले कहैई पुत्र वीरभान सिंह व उसकी पत्नी भतीजे सुशील ने लाठी डंडों से लैस होकर मारपीट की थी। अधेड़ महिला का आरोप है कि पहले कहैई ने नशे की हालत में महिला के साथ कई गलौज की और जब महिला ने गाली देने से इनकार किया तो कहैई और उसका परिवार महिला के ऊपर हमलावर हो गया। घटना के तुरंत बाद महिला को ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रसूलाबाद ना ले जाकर कानपुर के हैलेट अस्पताल उपचार के लिए भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की माने तो महिला के दाहिने पैर का अंगूठा और कोलर बोन टूट गई है। बीती 12 तारीख से लगभग आज 18 दिन हो चुके हैं। महिला रसूलाबाद थाने और तिसती चौकी के लगातार चक्कर काट रही है लेकिन अभी तक ना तो पुलिस ने महिला की एफआईआर तक दर्ज नहीं की है। और ना ही आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उसपर आरोपी पीड़ित महिला का यह भी आरोप है कि आरोपी लगातार उसे मारने की धमकी दे रहा है।

### अब डिजिटल तरीके से पकड़े जाएंगे अवैध वेंडर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** अवैध वेंडरों का जाल तोड़ने के लिए रेलवे जून के तीसरे हफ्ते से नई व्यवस्था लागू कर रहा है। अब पंजीकृत वेंडरों को क्यूआर कोड और रेडियो फ्रेक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) कोड जारी किए जाएंगे। मोबाइल एप्लीकेशन के सभी पर नजर रखी जाएगी। इसका कंट्रोल रूम प्रयागराज में होगा। रेलवे की ओर से स्टेशनों पर सामान बेचने के लिए 250 वेंडर ही पंजीकृत हैं। लेकिन, कानपुर सेंट्रल स्टेशन, गोविंदपुरी, अनवरगंज और पनकी धाम स्टेशनों पर अवैध वेंडरों की भरमार है।

# भाजपाइयों ने भीषण गर्मी में किया शरबत वितरण




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में और अखिल भारतीय दोसर वैश्य समाज के अध्यक्ष विजय गुप्ता द्वारा भीषण गर्मी में सेवा कार्य करते हुए सी एस ए कंपनी बाग चौराहे पर कई स्टॉल लगाकर आम जनमानस को शरबत वितरण किया गया, क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने बताया कि पार्टी के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए हजारों की संख्या में आम जनमानस, पार्टी कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों को शरबत वितरित किया गया, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को गर्मी से राहत पहुंचाना था इसी कड़ी में हजारों की संख्या में भारी भीड़ ने शरबत पीकर गर्मी से राहत प्राप्त की, क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने कानपुर से प्रस्थान करने पर चकेरी एयरपोर्ट पहुंच कर कानपुर के वैश्य एवं व्यापारी समाज की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में हुए विकास परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम से कानपुर का आर्थिक विकास और अधिक तीव्र गति से होगा।

## सजायाफ्ता कातिल ने वकील की फीस चुकाने को की थी दीवान के घर चोरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

गोविंदनगर के कैनाल कालोनी में रहने वाले दीवान के घर हुई 20 लाख की चोरी सशर्त जमानत पर छूटे एक सजायाफ्ता कातिल ने की थी। घटना के वक्त आरोपी पीले रंग का कुर्ता पहने था। गुरुवार दोपहर वह उसी कुर्ते को पहनकर गोविंदपुरी स्टेशन से बांदा की ट्रेन पकड़ने वाला था। तभी पुलिस ने शक के आधार पर उसे रोककर तलाशी ली और चोरी का माल बरामद होने पर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचाना बांदा के तिंदवारी के सेमरी गांव का राजेश बाजपेई के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया कि उस पर हत्या के तीन मामले समेत 25 मुकदमे दर्ज हैं। इन्हीं मामलो में वकील की फीस चुकाने के लिए उसने चोरी की थी। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि इटावा में तैनात दीवान रघुराज सिंह के खाली पड़े घर का ताला तोड़कर 22 मई को चोर ले करीब 20 लाख का माल पार कर दिया था। घटना के वक्त घर खाली था।

# पीएम को मिलने वाले उपहार में दिखेगी बिठूर के इतिहास की झलक



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर शहर में आगमन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपहार स्वरूप में मिलने वाले पॉट में शहर की विरासत और बिठूर के इतिहास की झलक दिखेगी। इसे आईआईटी के रोजी शिक्षा केंद्र में डिजाइन करने के साथ बिठूर निवासी कुम्हार ने तैयार किया है। गांवों के युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने और व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से आईआईटी में पूर्व छात्र की मदद से रोजी शिक्षा केंद्र की स्थापना हुई थी। इससे बिठूर क्षेत्र की महिलाएं और कुम्हार भी जुड़े हैं।

रोजी केंद्र में अब डिजाइनिंग का भी काम होता है।

बिठूर के कुम्हार ने तैयार किया है प्रधानमंत्री के लिए एक पॉट यहां कुम्हारों को समय की मांग के अनुसार तैयार करने के लिए डिजाइनिंग सिखाई जाती है। 30 मई को प्रधानमंत्री के शहर आगमन पर प्रशासन ने उनको भेंट स्वरूप पॉट देने का विचार किया। इसके संबंध में आईआईटी के रोजी शिक्षा केंद्र से संपर्क किया गया। वहां की सेरेमिक डिजाइनर शैली संगल और कुम्हार शंकरलाल प्रजापति ने प्रधानमंत्री के लिए एक पॉट तैयार किया है। इसमें बिठूर के मंदिर की झलक दिखेगी। पीएम को 11-11 इंच के दो पॉट दिए जाएंगे।

# ग्रीनपार्क को मिली तीन अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच की मेजबानी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में ग्रीनपार्क स्टेडियम को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज की मेजबानी करने का मौका मिला है। सितंबर व अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया-ए और इंडिया-ए के खिलाफ दो चार दिवसीय और तीन वनडे मैचों की घरेलू सीरीज होगी। तीन वनडे मुकाबले कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। वहीं, दो चार दिवसीय मुकाबले लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया-ए के भारत दौरे का प्रोग्राम जारी

ग्रीनपार्क को मेजबानी दिलाने में यूपीसीए के मुखिया व बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने अहम भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के मीडिया कमेटी के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने जानकारी दी कि बीसीसीआई की ओर से ऑस्ट्रेलिया-ए के भारत दौरे का प्रोग्राम जारी कर दिया गया है, जिसकी मेजबानी यूपीसीए को सौंपी गई है।

लखनऊ में खेले जाने वाले दो चार दिवसीय मुकाबलों में पहला मैच 16 से 19 सितंबर और दूसरा 23 से 26 सितंबर तक खेला जाएगा। वहीं, ग्रीनपार्क में होने वाली सिरीज का पहला वनडे मैच 30 सितंबर, दूसरा तीन अक्टूबर और तीसरा मैच पांच अक्टूबर को खेला जाएगा। बता दें कि भारत को अक्टूबर में आस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है। जहां उसे तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है।

### अंतरराष्ट्रीय आयोजन न मिलने की उड़ी थी अफवाहें

इसलिए लखनऊ-कानपुर में आस्ट्रिलया-ए के खिलाफ होने वाली यह सीरीज कई खिलाड़ियों के लिए टीम इंडिया में जगह बनाने का रास्ता बनाएगी।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में अंतिम बार कोई अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन 27 सितंबर 2024 को हुआ था। पिछले वर्ष भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच के बाद ग्रीनपार्क स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय आयोजन न मिलने की अफवाहें भी उड़ी थी।

मीडिया कमेटी के चेयरमैन ने बताया कि यूपीसीए को आस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ मिली मेजबानी ग्रीनपार्क और यूपीसीए के लिए किसी संजीवनी बूटी से कम नहीं है। यूपीसीए में इस वर्ष चुनाव होने हैं, जिसके चलते बागी हावी होते जा रहे थे लेकिन बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कानपुर और लखनऊ को अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी दिलवाकर बागियों की रणनीतियों को समाप्त कर दिया है।


## पंचायत चुनाव के लिए परिसीमन का आदेश जारी, सियासी सरगर्मी शुरू

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इन चुनावों से पहले गांवों के परिसीमन के लिए शासनादेश जारी हो चुका है। इसमें कहा गया है कि पिछले पंचायत चुनाव के बाद तमाम ग्राम पंचायतों व राजस्व ग्रामों के शहरी क्षेत्र में शामिल होने से स्थिति बदली है। सभी जिलों से ग्राम पंचायतों और राजस्व ग्रामों के आंशिक पुनर्गठन के प्रस्ताव पांच जून तक मांगे गए हैं। शासन से आदेश जारी होने के बाद गांवों में सियासी सरगर्मी शुरू हो गई है। चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग अपने-अपने गांव और क्षेत्र का आरक्षण अपने अनुसार कराना चाहते हैं। इसके लिए प्रयास भी शुरू कर दिए हैं। वर्ष 2021 में 10 ब्लॉकों की 590 ग्राम पंचायतों में पंचायत चुनाव कराए गए थे। इन चार वर्षों में कितने ग्राम पंचायत को नगरीय निकायों के विस्तारीकरण में शामिल किया।

# सगी बहनों को अगवा कर किया दुष्कर्म, स्कूल की किताबें खरीदने निकलीं थी दोनों

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर के काकादेव थाना क्षेत्र में दसवीं और सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली सगी बहनों को अगवाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। दोनों सोमवार की सुबह स्कूल की किताबें खरीदने के लिए बुक स्टॉल जाने के लिए घर से निकली थीं।

पीड़ित किशोरियों की मां ने दो युवकों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। विजय नगर निवासी महिला के अनुसार उनकी कक्षा 10 और कक्षा सात में पढ़ने वाली बेटियां 26 मई की सुबह 10 बजे बुक स्टॉल जा रही थीं।

### जबरन बाइक से अपने घर ले गए थे आरोपी

रास्ते में क्षेत्र के दबंग युवक और उसके साथी ने दोनों को रोक लिया। उन्हें डरा धमका कर जबरन बाइक से अपने घर ले गए। महिला का आरोप है कि घर पर दोनों आरोपी बेटियों के साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर दोनों के साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया।

### डरी सहमी हुईं मिलीं दोनों बेटियां

मां के अनुसार दोनों बेटियां दोपहर तक जब घर नहीं पहुंचीं, तो उन्होंने बाजार में उनकी तलाश की। वह किसी तरह आरोपियों के घर पहुंचीं। वहां पर दोनों बेटियां डरी सहमी हुईं मिलीं। उन्होंने आरोपियों से विरोध जताकर पुलिस से शिकायत करने की बात कही।

### पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया

इस पर दोनों आरोपियों ने गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि किशोरियों की मां की तहरीर पर दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।

# रिमझिम फैक्टरी में डंपर ने मजदूर को कुचला, मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

हमीरपुर जिले के भरुआ सुमेरपुर कस्बे में संचालित रिमझिम इस्पात लिमिटेड में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े चार बजे एक मजदूर पर एक ट्रक चढ़ गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सुबह करीब पांच बजे जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को फैक्टरी एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस की इस कार्रवाई से परिजन आक्रोशित नजर आए।

आरोप लगाया कि उन्हें बिना शव को दिखाए धक्का देकर एंबुलेंस को फैक्टरी से बाहर लेकर चले गए। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बांकी निवासी जयनारायण (40) पुत्र रज्जन सविता बीते 10 वर्षों से कस्बे में संचालित रिमझिम इस्पात लिमिटेड में कार्य करता था। चाचा रामविशाल ने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब साढ़े चार बजे फैक्टरी के डंपर ने इसको कुचल दिया।

इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन फैक्टरी पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि फैक्टरी एरिया चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह और सिपाही दयाराम उन्हें धक्का देकर एंबुलेंस में शव लादकर फैक्टरी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए और उन्हें मौके पर शव को देखने नहीं दिया। इससे परिजन आक्रोशित नजर आए। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने मामले को संभाला।

मृतक मजदूर को दिया जाएगा मुआवजा

साथ ही, परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। मृतक अपने पीछे पत्नी नीलम, पुत्र राज, पुत्री सोनम व पुत्र सत्यम को रोता बिलखता छोड़ गया है।

बताते हैं कि यह मजदूर अवधेश शुक्ला के ठेकेदारी में फैक्टरी में काम करता था।

फैक्टरी मैनेजर मनोज गुप्ता ने बताया कि डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत हुई है। फैक्टरी अधिनियम के तहत मृतक मजदूर को मुआवजा दिया जाएगा।

## मैनेजमेंट कोटे से सरकारी संस्थान में दाखिले का झांसा दे रहे ठग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

12वीं के परिणाम आते ही स्नातक स्तर पर दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्र तकनीक संस्थानों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, सीएसजेएमयू में संचालित कोर्स में दाखिले की तैयारी कर रहे हैं। कई निजी यूनिवर्सिटी ने छात्रों का डाटा निकलवाकर अभिभावकों को फोन करना भी शुरू कर दिया है। कुछ अभिभावकों के पास फ्रॉड कॉल्स भी आ रही है।

कॉल पर एचबीटीयू के मैनेजमेंट कोटे में मनपसंद ब्रांच दिलाने की बात कही जा रही है।

# बड़े भाई ने लाठी से पीटकर की छोटे भाई की हत्या

**जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात**




कानपुर देहात में मंगलपुर थाना के परहुली में चार बिस्वा जमीन के विवाद में बड़े भाई ने गुरुवार की रात घर के बाहर चारपाई पर सो रहे छोटे भाई की लाठी से पीटकर हत्या कर दी। जब घर के अन्य परिजन ने चारपाई पर लहूलुहान हालत में शव पड़ा देखा, तो कोहराम मच गया। सूचना पर एसपी ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए।

परिजन की तहरीर पर आरोपी भाई पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। परहुली निवासी सुनील गुप्ता (40) घर के बाहर चारपाई डालकर सो रहे थे। बंटवारे के विवाद में रात 11 बजे उनके बड़े भाई सर्वेंद्र लाठी लेकर आए। छोटे भाई के सिर पर हमला कर पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना से परिजन बिलखने लगे। सूचना पर एसपी अरविंद मिश्रा, फॉरेंसिक टीम, एएसपी राजेश पांडेय, सीओ रसूलाबाद राजीव सिरोही व पुलिसफोर्स मौके पर पहुंची।

परिजन से घटना की जानकारी ली। भाई अरविंद ने बताया कि सर्वेंद्र को मिले खेत उपजाऊ होने व सुनील की जमीन कम उपजाऊ होने के कारण चार बिस्वा जमीन अधिक मिली थी। इसी बात को लेकर सर्वेंद्र का सुनील से विवाद था।

अनहोनी से मां तारा देवी, पत्नी सपना, बेटे पार्थ का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि भाई अरविंद की तहरीर पर आरोपी सर्वेंद्र पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर घर से ही गिरफ्तारी कर ली गई है।



*मैंने हाल ही में पुंछ का दौरा किया, जहां पाकिस्तानी गोलाबारी में 4 बच्चों सहित 14 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। इस अचानक और अंधाधुंध हमले ने आम इलाकों में भारी तबाही मचाई है। सैकड़ों घर, दुकानें, स्कूल और धार्मिक स्थल बुरी तरह तबाह हो गए हैं।* –राहुल गांधी



**भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा...**

पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आपरेशन सिंदूर और शल्यवादी विपक्ष

**'ऑपरेशन सिन्दूर' के स्थगित होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र बीकानेर के पलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा, न टॉक, अब तो सिर्फ पीओके पर बात होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार पाकिस्तान को सीधे चेताया और भविष्य में आतंकी गतिविधियों पर आरपार का संदेश दिया।**

*महाभारत संग्राम में एक सिद्धांत निकल कर आया 'शल्यवाद।' माद्रीपुत्र नकुल-सहदेव के मामा माद्रा (मद्रदेश) के राजा शल्य थे। महाभारत में पाण्डवों के पक्ष में युद्ध करने आए शल्य का दिल अतिथि सत्कार से जीत कर दुर्योधन ने छ्ल से उन्हें अपने खेमे में कर लिया। उन्होने कर्ण का सारथी बनना स्वीकार किया और कर्ण की मृत्यु के पश्चात् युद्ध के अंतिम दिन कौरव सेना का नेतृत्व भी किया और युधिष्ठिर के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। वे कर्ण के सारथी तो बन गये किन्तु उन्होंने युधिष्ठिर को यह भी वचन दिया कि वे चाहे खड़े कौरव सेना के साथ दिखेंगे परन्तु युद्ध पाण्डवों के पक्ष में ही लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने अपने वचनों से कौरवों को ही हतोत्साहित करना शुरू किया। अपने ही लोगों का मनोबल तोडने की नीति 'शल्यवाद' कहाती है। वर्तमान में आपरेशन सिंदूर के बाद भारत का विपक्ष भी इसी शल्यवादी की नई परिभाषा लिखता दिखाई दे रहा है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए आपरेशन सिंदूर के दौरान विपक्षी दलों ने चाहे देश व सरकार के साथ एकजुटता जताने की बात कही परन्तु पूरे आपरेशन के दौरान विपक्षी नेताओं की कंटीली जिव्हा देश को मर्माहत करती रही। 'आपरेशन सिन्दूर' को लेकर सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस ने 'आपरेशन' के स्थगित होने के बाद जो कुछ कहा है वह सबकुछ उसकी एकजुटता की प्रतिबद्धता के विपरीत दिखाई देता है। आपरेशन स्थगित होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जो कहा है वह दुश्मन देश को सांत्वना देने वाला था। इसलिए वहां के मीडिया ने उसे हाथों हाथ लपका। खड्गे ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' को एक छोटी-मोटी झड़प बताया वहीं राहुल गांधी ने विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा 'आपरेशन सिन्दूर' को लेकर दिये बयानों पर पलटवार करते हुए जो कहा उससे उनकी अपनी और कांग्रेस पार्टी की छवि ही कमज़ोर हुई। कांग्रेस नेता ने 'ऑपरेशन सिन्दूर के संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की एक कथित टिप्पणी को लेकर कहा कि यह 'पाप' है और 'सिन्दूर का सौदा' है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्री को जवाब देना चाहिए। राहुल ने तो यहां तक पूछा कि हमने कितने भारतीय विमान गंवा दिए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से पता था। उन्होंने कहा कि देश को सच जानने का पूरा हक है। कांग्रेस और राहुल गांधी ने जयशंकर के एक बयान का वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया है कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमलों से पहले, भारत सरकार ने पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया था। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों को गलत बताया था कि विदेश मंत्री जयशंकर ने सात मई को 'ऑपरेशन सिन्दूर' शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सुचेत किया था। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश मंत्री के बयान पर कुछ सवाल पूछे हैं। यह बहुत अहम है, क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलग-अलग देशों में एक बात दोहराते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाने के लिए मध्यस्थता की। ट्रंप ने एक बहुत खौफनाक बात यह भी बोली कि उन्होंने भारत को व्यापार रोकने की धमकी देकर युद्ध रुकवाया। यानी 'सिन्दूर का सौदा' होता रहा, प्रधानमंत्री चुप रहे।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वे यह भी सवाल खड़ा करते हैं कि 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर क्या भारत भर में जश्न मनाया इन्होंने कोई बड़ा कार्यक्रम किया हो तो बता दो वास्तव में इन्होंने भारतीय सैनिकों के सम्मान में कोई भी बड़ा आयोजन नहीं किया, क्योंकि इनका ये मानना है कि यदि ऐसा करेंगे तो पाकिस्तान, इंग्लैंड अमेरिका, दुबई, कतर जैसे कई देशों से भारत में मुसलमान प्रताड़ना के नाम पर इन्हें जो रुपया देते हैं, वह रुपया नहीं देंगे। इनका आरोप है कि आज जो मुसलमान की हालत है इसका कारण जमीन उलेमा ए हिंद जैसी तंजीमें हैं। जिन्होंने देश के आम मुसलमान को नकारात्मकता दिखाई और हिंदू भाइयों को अपना कौमी दुश्मन बता रखा है।**


# दीनी तालीम के नाम पर बच्चों से छल करते 'अवैध मदरसे'



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**इस संबंध में मप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) की डॉ. निवेदिता शर्मा का कहना है, उनके कार्यकाल में इस मामले से जुड़े उनके अनुभव अच्छे नहीं। नियमित तौर पर शिक्षण संस्थाओं में निरीक्षण के दौरान मदरसों में जाना हुआ है। बहुत बुरी हालत में है मदरसे। अब तक एक भी मदरसा निरीक्षण में ऐसा नहीं मिला, जिसे बच्चों के हित में सुविधाओं के हिसाब से बेहतर कहा जाता।**

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में एक पंथ को माननेवालों की मजहबी शिक्षा से किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती और न ही कभी होनी चाहिए। किंतु जब बात देश के सुनहरे भविष्य की हो और उस भविष्य को यदि मजहबी तालीम के नाम पर सीमित रखने, उसकी बुद्धि के विकास को षड्यंत्रपूर्वक रोकने का प्रयास हो, तब जरूर देश के हर नागरिक को अपने पंथ, रिलीजन, धर्म और मजहब से ऊपर उठकर इसे आड़े हाथों लेने में गुरेज नहीं करना चाहिए। देश में एक बार फिर ऐसे ही हालात बनते दिखे हैं। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में 'मदरसा शिक्षा' को लेकर देश में होनेवाले विमर्श ने जोर पकड़ा है। इसे लेकर कई विचारधाराएं भी हैं। बच्चों का विषय होने पर स्वभाविक है कि सहमति के बिन्दु खोजना होंगे, लेकिन बात जब 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' जैसी संस्थाओं की आ जाए। ये इस्लामिक संस्थाएं सरकारी जिम्मेदारियों से बचने की सलाह दें और देश के भविष्य को मजहब के नाम पर सीमित रखने की कोशिश करें, तब फिर तमाम प्रश्न खड़े होते हैं कि आखिर हम यह कैसा भारत गढ़ रहे हैं अब सामने आए इस नए मामले में 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' का निर्णय कि वह गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को जबरन बंद कराए जाने के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएगी विवाद का विषय बन गया है। इसके विरोध में कई आवाजें देशभर से उठी हैं, जो 'जमीयत' के इस कदम को संविधान और मुस्लिम विरोधी बता रही हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य एवं पूर्व में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष रहे प्रियंक कानूनगो कहते हैं, ÷इस संगठन के मौलवी नहीं चाहते हैं कि बच्चे आधुनिक शिक्षा से जुड़ें। कट्टर पंथ को कायम रखने के लिए वे चाहते हैं कि कौम के बच्चे आधुनिक पढ़ाई से मरहूम रहें। कोई भी धर्म नहीं कहता कि बच्चों को इल्म से दूर रखा जाए। लेकिन यहां जमीयत की गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को चलाने की जिद वास्तव में यह बताती है कि ये वही लोग हैं जो पसमांदा मुसलमानों एवं अन्य कई मुसलमानों को गरीबी में रखकर अपना राज कायम रखना चाहते हैं। प्रियंक कानूनगो मदरसा शिक्षा के संबंध में एनसीपीसीआर के अपने पुराने अनुभव को साझा करते हुए बताते हैं, पिछले साल मदरसा एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है, उसमें न्यायालय ने भी अपने कंक्लूजन में ये बात बड़ी स्पष्टता से कही है कि राइट टू एजुकेश एक्ट, जो आर्टिकल 21(ए) संविधान के द्वारा बच्चों को दिया गया है, उसकी समानता के साथ ही धार्मिक शिक्षा दी जाएगी। ऐसे में स्वभाविक है कोई भी सरकार ये अवश्य देखेगी कि बच्चे स्कूल जा रहे हैं अथवा नहीं। मुस्लिम बच्चे दीनी तालीम लें कोई नहीं रोक रहा, लेकिन अवैध मदरसों के नाम पर उन्हें आधुनिक शिक्षा जो उन बच्चों का अपना मौलिक अधिकार भी है, उससे कैसे दूर किया जा सकता है यदि उन्हें आधुनिक शिक्षा से दूर किया गया है या गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के माध्यम से



**एक तरफ हमारे संसदीय प्रतिनिधिमंडल (डेलिगेशन) पूरी दुनिया में बात कर रहे हैं और पाकिस्तान की सच्चाई, उसके आतंकवाद को बेनकाब कर रहे हैं तो दूसरी तरफ इन संगठनों के लोग घूम रहे हैं जो यह बता रहे हैं कि मुसलमान भारत में मारा जा रहा है, प्रताड़ित है, वह बर्बाद हो गया।**

किया जा रहा है तो स्वाभाविक है, कोई भी राज्य सरकार होगी वह इन मदरसो पर कार्रवाई करेगी। कानूनगो ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग में रहते हुए उन्होंने पाया कि मान्यता प्राप्त मदरसे तक में आरटीई एक्ट 2009 के अनुरूप सिलेबस चलता हुआ नहीं मिला है। मदरसों में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा अनिवार्य योग्य शिक्षकों की कमी है। धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों की अनदेखी करते हुए ये बड़ी तादात में पाया गया कि वहां हिंदू और अन्य गैर-मुस्लिम बच्चे इस्लामी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यह हाल जब मान्यता प्राप्त मदरसों का हो सकता है, तब गैर मान्यता प्राप्त या अवैध मदरसों को चलाए रखने की अनुमति कोई भी लोककल्याणकारी राज्य सरकार कैसे दे सकती है। सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय जागरण अभियान की संस्थापक व राष्ट्रीय समन्वयक सुबुही खान 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' की गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के मामले को लेकर कोर्ट जाने के निर्णय को अनुचित ठहराती हैं। वे कहती हैं, यह दर्भाग्य है भारत में मुसलमानों का कि उन्हें ऐसी लीडरशिप नहीं मिली, जो अपने ही बच्चों का और अपनी कौम के भविष्य की चिंता करे। किसी भी बच्चे का दिमाग और उसका चरित्र बचपन में दी गई शिक्षा से ही बनता है। लेकिन यहां उन्हें बचपन में ही मुख्यधारा से दूर करने के प्रयास हुए हैं और अधिकांश बच्चों को मदरसा शिक्षा से जोड़ दिया गया। जिसमें कि 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' का गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को संचालित करने का समर्थन करना बहुत गलत है, क्योंकि जिसकी मान्यता नहीं या जो मान्यता लेना नहीं चाहते, स्वभाविक है उसमें बहुत अवैध काम होते हैं। ऐसे स्थलों पर बच्चों के साथ कई अवराध होते हैं और उन्हें शिक्षा के नाम पर कट्टरवादी बना दिया जाता है। सुबुही का कहना है, इन स्थलों पर न सरकार का कोई हस्तक्षेप रहता है और न पढ़े लिखे मुस्लिम समाज का। जबकि जो मान्यता प्राप्त मदरसे हैं, उन्हें सरकार से आर्थकि मदद भी मिलती है। दूसरी ओर आज हमारी सरकारें मदरसों को मॉर्डेनाइज करने की दिशा में काम कर रही हैं। एनसीईआरटी का सिलेबस भी लागू करने की बात कही जा रही है। स्वभाविक है सरकार की नजर होने पर वहां अपराध होने की संभावना कम रहेगी। वास्तव में जो लोग अवैध मदरसों के नाम पर अपनी दुकानें चलाते हैं, अवैध धंधे करते हैं उन्हें ही गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर की जा रहे सरकारी एक्शन को लेकर परेशानी हो सकती है। कोई भी मुसलमानों का नेता जो बच्चों का भला चाहेगा वह यही इच्छा रखेगा कि अवैध मदरसे नहीं चलना चाहिए।'' इसी तरह से इस्लाम के विद्वान जमात उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सुहैब कासमी गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की वकालत करने पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद संगठन को बुरी तरह घेरते हैं। मौलाना सुहैब कासमी ने कहा, ये वह संस्था है जो पिछले 70 सालों से मुसलमान को देश के अंदर नेगेटिव अंदाज में तैयार कर रही है। आप इस संस्था के प्रदेशों के अध्यक्षों से बात कीजिए, आपको पता चल जाएगा कि ये मुसलमानों का इस्तेमाल अपने स्वार्थ के तौर पर करते चले आ रहे हैं। इनकी एक ही सोच है कि हिन्दुस्तान में मुसलमान परेशान दिखेगा तो इन्हें विदेशों से फंडिंग मिलती रहेगी। यह दुनिया के देशों में जाकर यही बताते हैं कि भारत में मुसलमान बहुत परेशान हैं, उनसे मस्जिद छीनी जा रही हैं। मदरसे बंद कि जा रहे हैं, हम उनको पढ़ा रहे हैं, इसलिए आप हमें पैसा दीजिए। ये पूरा ड्रामा चंदेवाजी और जकात इकट्ठा करने के लिए हो रहा है। मौलाना सुहैब का कहना है, ये वही लोग हैं, जिन्होंने कई मदरसों को कभी रजिस्टर्ड नहीं होने दिया।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 20:15 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 21:07 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | वृद्धि, 10:43 |
| सूर्योदयः | 05:25 |
| सूर्यास्तः | 19:12 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 08:52-10:35 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:55-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### पूंछ रहे सवाल !!

*साध कर निशाना ।*
*पूंछ रहे सवाल ।।*
*सच सच बतलाएं ।*
*करता कौन बवाल ।।*
*ले लिए हैं हम ।*
*नया अब अवतार ।।*
*ना कहो चालाक ।*
*है यह तो व्यवहार ।।*
*कथनी और करनी में ।*
*भले रहा मैं भिन्न ।।*
*हमको है सताया ।*
*अंदर से मैं खिन्न ।।*
*मांग रहा मैं वोट ।*
*जोड़ लिया है हाथ ।।*
*ना आगे भटकाना ।*
*वरना मैं अनाथ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चेहरे पर एलोवेरा जेल में फिटकरी को मिलाकर लगाने के फायदे



**अक्सर** लोग स्किन से जुड़ी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। इसमें लोगों को मुंहासे, दाग-धब्बे, पिंपल्स, डल स्किन, त्वचा में जलन होने, त्वचा में सूजन आने, त्वचा में डेड सेल्स जमा होने और रेडनेस होने जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में एलोवेरा जेल और फिटकरी दोनों ही स्किन के लिए फायदेमंद माना जाता है। बता दें, फिटकरी में अच्छी मात्रा में पोटैशियम पाया जाता है, साथ ही, इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण भी पाया जाता है। इससे स्किन को कई लाभ मिलते हैं। ऐसे में इन दोनों को मिलाकर लगाने से स्किन को कई तरीकों से लाभ हो सकता है।

**त्वचा में निखार लाएं :** एलोवेरा जेल को फिटकरी में मिलाकर लगाने से त्वचा में निखार लाने में मदद मिलती है। एलोवेरा जेल में हाइड्रेटिंग और मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इनको लगाने से त्वचा की डलनेस को कम करने और त्वचा में निखार लाने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा को कई लाभ मिलते हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

**एजिंग से बचाव करे:** फिटकरी में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं और एलोवेरा जेल में अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इनको मिलाकर लगाने से झुर्रियों और फाइन लाइन्स जैसे एजिंग के लक्षणों से बचाव करने और त्वचा के स्वास्थ्य को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**कैसे करें एलोवेरा जेल और फिटकरी का इस्तेमाल?:** इसके लिए 2 चम्मच फिटकरी पाउडर को 2-3 चम्मच एलोवेरा जेल में मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 10-15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरे को सादे पानी से धो लें। इससे त्वचा में निखार लाने और स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने में मदद मिलती है।

**एलोवेरा फिटकरी लगाने से क्या होता है?:** गर्मियों में एलोवेरा जेल में फिटकरी को मिलाकर लगाने से त्वचा में ठंडक बनाए, त्वचा की जलन को कम करने, रेडनेस को कम करने, स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखने में मदद मिलती है। यह स्किन के लिए फायदेमंद है।

**चेहरा साफ करने के लिए एलोवेरा कैसे लगाएं?:** हेल्दी और ग्लोइंग स्किन के लिए 1-2 चम्मच एलोवेरा जेल में गुलाब जल को अच्छे से मिला लें। अब इसको चेहरे पर मसाज करते हुए हल्के हाथ से 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरे को धो लें। इसके अलावा, स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए एलोवेरा जेल को कई तरीकों से लगाया जा सकता है।

**स्किन प्रॉब्लम कौन-कौन सी होती है?:** लोगों को त्वचा में जलन होने, मुंहासे होने, एक्जिमा होने, सोरायसिस होने, स्किन इंफेक्शन, त्वचा के लाल होने, खुजली, सूजन और रूखापन आने जैसी त्वचा से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्किन से जुड़ी इन समस्याओं को नजरअंदाज न करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# पुण्यश्लोक अहिल्याबाई : सिंहासन की नहीं, सेवा की रानी



प्रो. आर के जैन

**आज अहिल्याबाई की जयंती पर हम केवल उनकी गौरवगाथा को नहीं दोहराते, बल्कि उस प्रचंड अग्नि को प्रज्वलित करते हैं, जो हमें सिखाती है कि चाहे चुनौतियाँ कितनी भी विशाल हों, साहस, करुणा और दृढ़ संकल्प से उन्हें पराजित किया जा सकता है।**

**जब** समय की धूल भरे पन्नों को पलटते हैं, तब एक नाम ऐसा उभरता है जो न केवल इतिहास को रोशन करता है, बल्कि हर हृदय में साहस, करुणा और समर्पण की लौ जगा देता है – अहिल्याबाई होलकर। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गाँव में जन्मी यह साधारण बालिका नियति की कठिन अग्निपरीक्षाओं से गुजरकर मराठा साम्राज्य की ऐसी युग-प्रवर्तक रानी बनी, जिसने शासन को सेवा, समर्पण और न्याय का पर्याय बना दिया। 'पुण्यश्लोक' अहिल्याबाई होलकर की गाथा केवल इतिहास की कहानी नहीं, बल्कि एक जीवंत दर्शन है, जिसने अपनी सूझबूझ, अटूट दृढ़ता और असीम करुणा से एक युग को नई दिशा दी। वे नारी शक्ति की वह अडिग मूर्ति थीं, जिन्होंने इंदौर को समृद्धि के शिखर पर पहुँचाया और भारतीय संस्कृति को उदारता, धर्म और न्याय के रंगों से सजाया। उनकी जयंती पर उनकी गौरवमयी गाथा को स्मरण करना केवल अतीत को दोहराना नहीं, बल्कि उस अमर चेतना को पुनर्जनन करना है, जो हमें सिखाती है कि सच्चा नेतृत्व सिंहासन की भव्यता में नहीं, बल्कि जन-जन के हृदय में बसने वाली निस्वार्थ सेवा और अटल विश्वास में निहित है। अहिल्याबाई का जन्म एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता मनकोजी शिंदे ने उन्हें शिक्षा और संस्कारों का ऐसा

**भारतीय संस्कृति और आत्मा की सच्ची रक्षिका और सेविका थीं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति सत्ता के ताज में नहीं, बल्कि प्रजा के प्रति निस्वार्थ सेवा, अटूट समर्पण और अडिग न्याय में बसती है। अहिल्याबाई नारी शक्ति की वह प्रखर दीपशिखा थीं, जिन्होंने यह सिद्ध किया कि नारी केवल कोमलता की प्रतीक नहीं, बल्कि साहस, बुद्धि, नेतृत्व और करुणा की जीवंत मूर्ति भी हो सकती है।**

आलोक दिया, जो उनकी असाधारण प्रतिभा को उजागर करता गया। उनकी बुद्धिमत्ता और संवेदनशीलता ने मराठा सरदार मल्हारराव होलकर का ध्यान खींचा, जिन्होंने उन्हें अपने पुत्र खंडेराव की वधू बनाया। परंतु जीवन ने उनके लिए कांटों भरा रास्ता चुना। 1754 में खंडेराव की युद्ध में मृत्यु, 1766 में ससुर मल्हारराव का निधन और फिर पुत्र मालेराव की असमय मृत्यु – इन त्रासदियों ने उनके जीवन को झकझोर दिया। लेकिन अहिल्याबाई वह अग्निकणिका थीं जो आंधियों में और प्रज्वलित होती हैं। उन्होंने दुखों को अपनी शक्ति बनाया और इंदौर की बागडोर संभालकर एक ऐसे युग का सूत्रपात किया, जो आज भी सुशासन की मिसाल है। उनका शासनकाल (1767-1795) मराठा इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। अहिल्याबाई ने शासन को केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि प्रजा के कल्याण का पवित्र कर्तव्य माना। वे प्रातःकाल दरबार में बैठतीं, हर छोटे-बड़े की फरियाद सुनतीं और त्वरित, निष्पक्ष न्याय देतीं। उनकी नीतियों में किसानों को कर में राहत, व्यापारियों को सुगम व्यापारिक मार्ग और प्रजा को आधारभूत सुविधाएँ देने का भाव झलकता था। उन्होंने नदियों पर घाट, कुएँ, बावड़ियाँ और तालाब बनवाए, जो आज भी उनकी दूरदर्शिता के साक्षी हैं। सड़कों का जाल बिछाकर उन्होंने व्यापार और संपर्क को नई गति दी। यात्रियों के लिए धर्मशालाएँ और विश्रामगृह बनवाए, जिससे इंदौर न केवल एक समृद्ध राज्य बना, बल्कि एक ऐसी मिसाल बन गया, जहाँ प्रजा का सुख सर्वोपरि था। अहिल्याबाई की धार्मिक उदारता उनके व्यक्तित्व का एक और अनमोल रत्न थी। उन्होंने काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, रामेश्वरम, द्वारका, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, हरिद्वार और उज्जैन जैसे पवित्र तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार कराकर उन्हें नवजीवन प्रदान किया, जिससे ये स्थान आध्यात्मिकता के केंद्र के रूप में और सशक्त हुए। पर उनकी भक्ति संकीर्ण नहीं थी। उन्होंने सभी धर्मों का सम्मान किया, मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों की देखभाल की और हर समुदाय को समान अवसर दिए। उनके लिए धर्म केवल मंदिर-मस्जिद तक सीमित नहीं था, बल्कि वह जीवन का वह दर्शन था जो मानवता को एक सूत्र में बाँधता था। उनकी यह उदारता और समावेशी सोच आज के विभाजनकारी युग में भी एक प्रेरक मशाल है, जो हमें सौहार्द और सहअस्तित्व का मार्ग दिखाती है। अहिल्याबाई का व्यक्तित्व एक अनुपम मिश्रण था–एक ओर वीरता से भरा योद्धा, जो युद्धभूमि में मराठा साम्राज्य की ढाल बनकर सेनाओं का नेतृत्व करता था, तो दूसरी ओर करुणामयी माता, जो प्रजा के दुख-दर्द को हृदय से महसूस कर उनकी सेवा में तत्पर रहती थीं। शाही वैभव और ठाठ-बाट से कोसों दूर, सादे वस्त्रों में, बिना आभूषणों के सजीं, उनकी सादगी ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति थी। वह सत्ता की ऊँचाइयों पर बैठकर भी जमीन से जुड़ी रहीं। उनके लिए शासन केवल आदेश देने की कला नहीं, बल्कि माता-पिता की तरह प्रजा की रक्षा और पालन करने का पवित्र कर्तव्य था। उनकी हर नीति, हर निर्णय में यह ममत्व और दायित्व झलकता था, जो उन्हें एक युग-प्रवर्तक शासक बनाता है। उनकी यह विरासत आज भी हमें सच्चे नेतृत्व का अर्थ सिखाती है। 13 अगस्त 1795 को, जब अहिल्याबाई ने इस नश्वर संसार को अलविदा कहा, उन्होंने पीछे छोड़ा एक ऐसा अमर विरासत, जो आज भी भारत के कण-कण में जीवंत है।

# विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने किया ग्रामीण सड़कों की मरम्मत के कार्य का शुभारंभ



## ग्रामीणों में खुशी की लहर



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज द्वारा विधिवत रूप से की गई। वर्षों से उपेक्षा का शिकार रही ग्राम पंचायत सेमपुर से खजुआ दीन नगर तथा ग्राम बिथरा से हाशिमपुर तक की सड़कों की मरम्मत कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों के चेहरों पर वर्षों बाद राहत और प्रसन्नता साफ देखी गई।उल्लेखनीय है कि बरसात के दिनों में इन मार्गों की जर्जर स्थिति के चलते क्षेत्रवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कीचड़, गड्ढे और फिसलन भरे रास्तों के कारण न केवल आवागमन बाधित होता था, बल्कि आपात स्थितियों में एम्बुलेंस तक गांवों में नहीं पहुंच पाती थी। ऐसे में मरम्मत कार्य का शुभारंभ ग्रामीणों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा, ÷जनता की समस्याओं को दूर करना मेरा धर्म है। वर्षों से जो सड़कें उपेक्षित थीं, उनका पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्य अब प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जा रहा है। मेरा उद्देश्य है कि बरखेड़ा क्षेत्र की हर गली, हर रास्ता अब समतल और सुगम हो, जिससे जनसाधारण को कोई असुविधा न हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा भी यही है कि गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं समय पर पहुंचें। सड़कों के बेहतर होने से न केवल परिवहन की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि गांवों के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। मरम्मत कार्य के शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, स्थानीय नागरिकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों की उपेक्षा अब समाप्त हो रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इसी तरह क्षेत्र के अन्य जर्जर मार्गों की भी मरम्मत जल्द करवाई जाएगी। वही इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने कहा, अब बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी नहीं होगी और बीमारों को समय पर अस्पताल ले जाया जा सकेगा। यह सड़क अब जीवन की राह आसान बनाएगी। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिया और कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बर्दाश्त की जाएगी।

## शराब की दुकान हटाने के लिए महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** आबादी में खुली शराब भट्ठी के विरोध में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान शराब भट्ठी आबादी से दूर खुलवाने की मांग की गई।



महिलाओं ने कहा नशे के चलते आपराधिक घटनाएं हो रहीं हैं। कस्बे के मोहल्ला लाइनपार हबीबगंज गौटियां में हाल ही में आबादी के पास शराब की भट्ठी खोली गई है। भट्ठी पर दिन भर नशेड़ियों का आना जाना लगा रहता है। इससे अराजकता माहौल बना रहता है। इसके अलावा मोहल्ले की युवा पीढ़ी भी नशे की आदि हो रही है। पढ़ने वाले बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। नशे की हालत में क अपराध भी बढ रहा है। एक दिन पहले मोहल्ले में ही भांग रगड़ने से मना करने पर दो नशेड़ियों ने महिला ऊषा देवी की चाकू से हत्या कर दी थी।शुक्रवार को हबीबगंज गौटिया में हाल ही में आबादी के पास खुली शराब भट्ठी को लेकर नाराजगी जताई। महिलाओं ने नशे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए आबादी से शराब भट्ठी हटाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ कई पुरुष भी मौजूद रहे।

# गन्ना उत्पादन में नवाचार सीखने बिजनौर पहुंचे पीलीभीत के 50 किसान

- गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव के नेतृत्व में हुआ शैक्षिक भ्रमण, गन्ना उत्पादन में उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी लेने का अवसर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



गन्ना किसानों की आमदनी बढ़ाने और गन्ना उत्पादन में नवीनतम तकनीकों का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद पीलीभीत से 50 गन्ना किसानों का एक दल शुक्रवार को जनपद बिजनौर के शैक्षिक भ्रमण पर रवाना हुआ। यह भ्रमण गन्ना अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को प्रदेश के अग्रणी गन्ना उत्पादक जनपद बिजनौर की उन्नत कृषि पद्धतियों का अध्ययन कराया जा रहा है।

### उन्नत कृषि पद्धतियों का अध्ययन

जनपद बिजनौर गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में अग्रणी स्थान रखता है। यहां के कृषकों द्वारा उन्नत किस्मों की खेती, आधुनिक सिंचाई तकनीकों, मशीनीकरण, जैविक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और वैज्ञानिक विधियों से गन्ने की खेती की जाती है, जिसके चलते यहां प्रति हेक्टेयर उत्पादन औसत से कहीं अधिक है। किसानों का यह भ्रमण इन्हीं सभी पहलुओं को व्यवहारिक रूप से समझने और सीखने का अवसर प्रदान करेगा।

### किसान को मिलेगा नवाचारों का ज्ञान

इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान किसानों को गन्ने की उच्च उत्पादक किस्मों, कतार विधि से रोपाई, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण एवं मशीनों की सहायता से खेती जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही बिजनौर के प्रगतिशील किसानों के खेतों का दौरा कर उन्हें नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और उनसे संवाद का अवसर भी मिलेगा।

### किसानों की प्रतिक्रिया

किसानों में भ्रमण को लेकर उत्साह का वातावरण रहा। किसान रणवीर सिंह ने बताया कि यह पहला अवसर है जब उन्हें इस स्तर पर गन्ना खेती से संबंधित उन्नत तकनीकों को देखने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि जो जानकारी वे यहां प्राप्त कर रहे हैं, उसका लाभ निश्चित रूप से उन्हें अपने खेतों में देखने को मिलेगा शैक्षिक भ्रमण के समापन पर सभी किसानों से फीडबैक भी लिया जाएगा और जिला गन्ना कार्यालय द्वारा उनके लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर अनुभवों का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाएगा।यह पहल न केवल किसानों को सशक्त करेगी बल्कि जनपद में गन्ना उत्पादन के नए आयाम भी स्थापित करेगी।

### भ्रमण कार्यक्रम से लौटने के बाद किसान अपने-अपने क्षेत्र में सीखी गई में करेंगे सुधार: खुशीराम भार्गव

इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने अपने संबोधनम ने बताया कि, यह भ्रमण कार्यक्रम किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। हमारे किसान जब अपने समकक्ष प्रगतिशील कृषकों से मिलते हैं और नई तकनीकों को नजदीक से देखते हैं, तो उनमें कुछ नया करने की प्रेरणा जगती है। हमें उम्मीद है कि इस भ्रमण से लौटने के बाद ये किसान अपने-अपने क्षेत्रों में सीखी गई तकनीकों को अपनाकर गन्ना उत्पादन में गुणात्मक व मात्रात्मक सुधार करेंगे।

# उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष का भरोसा, पत्रकारों पर हमला बर्दाश्त नहीं: नफीस अहमद अंसारी

- पत्रकार दंपत्ति को देखने जिला अस्पताल पहुँचा सपा प्रतिनिधिमंडल

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों पर उत्पीड़न और दबाव बनाने के प्रयास किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने उस समय कहीं जब समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिला अस्पताल में भर्ती पत्रकार इसरार और उनकी पत्नी मिराज बानो का हालचाल लेने पहुँचा।

प्रतिनिधिमंडल को जानकारी मिली कि बीते दिन बरखेड़ा के नगर पंचायत अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, एसडीएम बीसलपुर और एक ठेकेदार द्वारा की गई कथित प्रताड़ना से मानसिक रूप से परेशान होकर पत्रकार इसरार व उनकी पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों से मुलाकात कर दोनों मरीजों की स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पत्रकार इसरार और उनकी पत्नी को भरोसा दिलाया कि पार्टी इस पूरे प्रकरण में उनके साथ खड़ी है और उनके साथ हुए अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी सदैव संघर्षरत रही है।

वहीं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सदैव पत्रकारों और पीड़ितों के सम्मान के लिए सजग रहते हैं। जहाँ भी पत्रकारों का उत्पीड़न होता है, वह हरसंभव मदद के लिए तत्पर रहते हैं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह **जग्गा** ने किया। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू, अधिवक्ता सभा के विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा, महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार, तथा युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हरगोविंद गंगवार सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

# महिला की हत्या करने वाले नशेड़ियों को पुलिस ने भेजा जेल

- असम हाइवे से शेरपुर जाने वाले रोड से किया गिरफ्तार, चाकू बरामद

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

भांग रगड़ने का विरोध करने पर महिला की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। गुरुवार को कस्बे की हबीबगंज गौटिया की ऊषा देवी पड़ोस के बाग में बकरी चराने गईं थीं। बाग में मोहल्ले के ही अमित पुत्र दीनदयाल और बल्लू पुत्र बाबू भांग रगड़ रहे थे। ऊषा देवी के भांग रगड़ने से मना करने पर अमित और बल्लू ने उन पर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया था। सीएचसी में उपचार के दौरान ऊषा देवी की मौत हो गई थी। दिन दहाड़े हुई हत्या से सनसनी फैल गई थी। एसपी अभिषेक यादव ने सीएचसी पहुंचकर घटना की जानकारी ली थी। मृतक ऊषा देवी के पति हरिशंकर की ओर से आरोपी अमित और बल्लू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की टीमें आरोपियों की धरपकड़ में जुट गईं। शुक्रवार सुबह तड़के पुलिस ने असम रोड से शेरपुर जाने वाले मार्ग के तिराहे पर दोनों आरोपी अमित और बल्लू को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से ऊषा देवी की हत्या करने में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हुआ।कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है।

### खून से लथपथ कमीज पहने घूमता रहा आरोपी

बाग में भांग रगड़ते समय ऊषा देवी ने जब अमित और बल्लू को नशा करने से मना किया। इसके बाद दोनों ऊषा देवी से उलझ गए और विवाद हुआ।



इस दौरान अमित और बल्लू ने चाकू से ऊषा देवी पर दो प्रहार किया। इससे वह रक्त रंजित हो गई। खून से आरोपी अमित की कमीज भी भीग गई। महिला पर प्रहार करने के बाद से दोनों फरार हो गए। अमित खून से सनी कमीज पहने घूमता रहा। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने खून से लथपथ कमीज भी बरामद की है।

# बृज मौर्या बनाए गए कांग्रेस के हाथरस जनपद के कॉर्डिनेटर

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश के विभिन्न प्रदेशों में संगठन सृजन शुभारंभ कर दिया है जिसका मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार देना है आने वाली 3 जून को नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में 'संगठन सृजन अभियान'की ऐतिहासिक शुरुआत करेंगे जिसके संदर्भ में आज भोपाल में प्रेस वार्ता की गई। उत्तर प्रदेश में इसका आगाज पहले ही किया जा चुका है द्य बताते चलें कि पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दूबे जी को जनपद लखीमपुर खीरी का कॉर्डिनेटर बनाया गया है।नव नियुक्त कॉर्डिनेटर हाथरस बृज मौर्या ने राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के साथ राष्ट्रीय नेतृत्व को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। बृज मौर्या को जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल पूर्व सांसद पूर्व मंत्री जफर अली नकवी, पूर्व सांसद रवि वर्मा, निवर्तमान सचिव पूर्वी वर्मा, प्रदेश महासचिव विपुल गुप्ता, यूथ जिला उपाध्यक्ष रवि गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित, यूथ जिला अध्यक्ष नवाज खान, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष तेजपाल गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेसी शिवसहाय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अमर गुप्ता, पूर्व शहर अध्यक्ष कमर आबिद, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लीलावती, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शाह, जिला महासचिव आदिल खान, जिला महासचिव रामज्ञान शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी राजीव सिंहा, शहर अध्यक्ष पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी राजन यादव, महिला कांग्रेस जिला महासचिव श्री मति निशा कन्नौजिया, वरिष्ठ कांग्रेसी राम चंद्र प्रधान, चंदन चौकी व सुडा निवासी रामचंद्र, रामू, रावण आशाराम, राजेश यादव, सत्तार, मो0 शाहिद आदि सैकड़ों लोगों ने बधाई दे खुशी जाहिर किया।

# कुंभी चीनी मिल के किसानों ने अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र का भ्रमण किया

**जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी**

मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल क्षेत्र के 55 प्रगतिशील किसानों ने चीनी मिल की बस द्वारा अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र का भ्रमण किया। जिसके तहत किसानों को नवीन तकनीक, उन्नतिशील गन्ना प्रजाति, रोग कीट नियंत्रण, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग, गन्ना बीज पौधशाला, पेड़ी प्रबंधन एवं सह फसल आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की। वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना जगपाल सिंह ने बस को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर चीनी मिल के अवधेश प्रसाद कुशवाहा, विकाश नेगी, अनिल राज, अवधेश गुप्ता, मनीष पटेल, राजकुमार सिंह, पुष्पेंद्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर एडीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश



- सात केंद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा, शामिल होंगे 3235 अभ्यर्थी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

एक जून को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में सात केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 3235 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इस परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचितापूर्ण कराने के लिए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शुक्रवार को अटल सभागार में बैठक ली। बैठक का संचालन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि परीक्षा के संबंध में जो भी मानक हैं, उनका पूरी तरह से पालन किया जाए। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी।

अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। सभी केंद्र व्यवस्थापक सुनिश्चित करें कि केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं प्रकाश, फर्नीचर, पानी, शौचालय आदि ठीक हों।

कहीं कोई कमी हो तो समय रहते पूरा कर लें। एएसपी पवन गौतम ने कहा कि सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### सात केंद्रों पर दो पाली में होगी प्रवेश परीक्षा

परीक्षा के जिला समन्वयक वाईडी कॉलेज प्राचार्य डॉ हेमंत पाल ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा सात केंद्रों पर दो पाली में कराई जाएगी। पहली पाली सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो से सायं पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को दो पेपर अलग-अलग पाली में देने होंगे। इस प्रवेश परीक्षा में 3235 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिला मुख्यालय पर अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज, धर्मसभा इण्टर कालेज, गुरुनानक इण्टर कालेज, युवराज दत्त महाविद्यालय, कृषक समाज इण्टर कालेज, सेठघाट रोड, फत्तेपुर लखीमपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में जिला समन्वयक डॉ हेमंत पाल, उप नोडल प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय पलिया सूर्य प्रकाश शुक्ला, डीआईओएस, सभी केंद्र प्रतिनिधि, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र पर्यवेक्षक, केंद्र प्रभारी व अन्य अधिकारियों मौजूद रहे।

# खीरी मीडिया क्लब का आयोजन, 5 युवाओं को मिला यंग जर्नलिस्ट अवार्ड



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर खीरी मीडिया क्लब की ओर से शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पांच युवा पत्रकारों को '5 स्टार यंग जर्नलिस्ट अवार्ड' से नवाजा गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सक्सेना ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ से आए स्टेट ब्यूरो संकेत मिश्रा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार किसी भी स्थिति में अपनी गरिमा से समझौता न करे। उन्होंने जिला स्तर के पत्रकारों को पत्रकारिता की बुनियाद का दर्जा देते हुए कहा कि वे हैं, तभी लखनऊ-दिल्ली तक पत्रकारिता की धमक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रिटायर प्रोफेसर डॉ एससी मिश्रा ने पत्रकारों को ढर्रे से हटकर नए दौर की रिपोर्टिंग की सीख दी। उन्होंने कहा कि आज तमाम क्षेत्र पर्यावरण, कृषि, तकनीक में भी रिपोर्टिंग की आवश्यकता है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि कैसे सवाल पूछने की क्षमता विकसित करें। अतिथि के रूप में मौजूद बार कौंसिल आफ इंडिया के सदस्य अजय शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों पर जिम्मेदारी है कि वे अपनी भाषा और संस्कृति का प्रसार करें। उन्होंने पत्रकारिता को भी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था का मुख्य द्योतक बताया। अतिथि के रूप में वाईडी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने कहा कि पत्रकारिता की हर समय इंसान को जरूरत रही है। समालोचना से ही समाज में विकास और निखार होता है। वाईडी कॉलेज में राजनीति विभाग के अध्यक्ष डा. संजय कुमार ने इस बात पर खेद जताया कि आज की पत्रकारिता में आलोचना की जगह कम होती जा रही है।

सिस्टम की प्रशंसा से जनता का भला नहीं होगा। वाईडी कॉलेज के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. जेएन सिंह ने इस तरह के आयोजन को जिले की पत्रकारिता व रचनात्मकता के लिए आवश्यक कदम बताया और खीरी मीडिया क्लब की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार श्याम जी अग्निहोत्री ने कहा कि खीरी मीडिया क्लब ने यह कार्यक्रम कर बता दिया कि युवा पत्रकार एक स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाने के योग्य हैं।

उन्होंने मुक्त कंठ से इसकी सराहना की। कार्यक्रम को जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री राजीव पांडे, वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत पांडे, आमिर रजा पम्मी, खीरी मीडिया क्लब के अध्यक्ष मनोज शर्मा, गोपाल गिरि व सर्वेश कटियार ने भी संबोधित किया। संचालन मयंक ने किया।

### इनको मिला स्टार यंग जर्नलिस्ट अवार्ड

कार्यक्रम के दौरान 5 स्टार यंग जर्नलिस्ट अवार्ड युवा पत्रकार शिवम पटेल, आलोक प्रताप सिंह (संपूर्णानगर), मयंक त्रिवेदी, सूरज सिंह चौहान (बिजुआ), धर्मेंद्र वर्मा को मिला। इस कार्यक्रम के दौरान खीरी मीडिया क्लब के महामंत्री प्रतीक श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शुक्ला, अजय मिश्रा, पवन तिवारी, प्रभाकर शर्मा, धर्मेंद्र राजपूत, शादाब रजा, रीतेश भसीन मन्त्री, विनीत गुप्ता मो. साजिद, इलियास चिश्ती, शिवम वाजपेयी, देवेश पांडे, विवेक सिंह, राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई होल्कर पार्क का शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** कस्बा में गंगा रिसोर्ट के पास अहिल्याबाई होलकर की त्रीशताब्दी पर पार्क निर्माण को लेकर नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गिरीश चंद्र मिश्रा ललित कला अकादमी संस्कृत विभाग द्वारा पार्क का शिलान्यास किया गया है। संचालन अध्यापक संजीव पाल ने किया है। विशिष्ट अतिथि शिवा गुप्ता, सुशील वर्मा, कमलेश वर्मा, सूरज मिश्रा, सुशीला वर्मा मौजूद रही। कार्यक्रम का आयोजन जगदीश पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से पार्क का शिलान्यास किया है। मुख्य अतिथि ने जनता को संबोधित करते हुए माता अहिल्याबाई होलकर की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा वह न्याय की देवी थी। उनका जन्म महाराष्ट्र में 31मई 1725 को हुआ था। पूरा जीवन संघर्ष में व्यतीत किया था। समाज को नई दिशा देने को लेकर सती प्रथा के दौरान वह सती नहीं हुई थी।

# जौनापुरी से पूर्णागिरि धाम के लिए रवाना हुई झंडी यात्रा, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने किया पूजन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जौनापुरी से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शुक्रवार को उत्तराखंड स्थित शक्तिपीठ श्री पूर्णागिरि मंदिर की पावन यात्रा के लिए रवाना हुए। भक्तिभाव से ओतप्रोत इस झंडी यात्रा का शुभारंभ भव्य धार्मिक आयोजन के साथ हुआ।



इस मौके पर बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने मां पूर्णागिरि का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और झंडी यात्रा को मातारानी के दरबार के लिए रवाना किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सकुशल यात्रा की कामना करते हुए क्षेत्र की उन्नति व समृद्धि के लिए मां से प्रार्थना की।यात्रा रवाना होते समय विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने भक्तों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण बन गया। गांववासियों और श्रद्धालुओं ने यात्रा को लेकर गहरे श्रद्धा भाव के साथ भागीदारी निभाई। झंडी यात्रा के दौरान भक्तों के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और आयोजक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### गोला कप: डे नाइट क्रिकेट के दूसरे दिन के मैच का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे दिन खेले गए पहले मैच में 11 वारियर ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया।हेलबॉयज की टीम बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में राहुल 74 गोपी 13 की मदद से 140 रनों का लक्ष्य रखा जिसके लक्ष्य का पीछा करते हुए 11 वारियर हिमांशु के 75 रनों की मदद से 5 विकेट से मैच में जीत हासिल की हिमांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया आज का दूसरा मैच बांकेगंज क्लब और अथर्व क्लब के बीच खेला गया अथर्व क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भोला 3 रे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 14,6 रन और 4, 4 रनों की पारी के साथ मात्र 28 गेंदों पर 111 रन बना कर टीम को 165 रनों का विशाल लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करते हुए बांकेगंज क्लब की टीम कुछ खास ना कर सकी और अथर्व क्लब ने 50 रनों से बड़ी जीत हासिल की आज का तीसरा मैच ज्ञान वाटिका और यूथ क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया ज्ञान वाटिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 126 रन का लक्ष्य बनाया जिसका पीछा करते हुए यूथ क्रिकेट क्लब 86 रन ही बना सके ज्ञान वाटिका ने 39 रनों से जीत हासिल की। टूर्नामेंट में खेले गए तीनों मैचों में अतिथिगण जोगेश साहनी, विनोद स्वर्णकार,पंकज राजपूत,सभासद आनंद सोनी व प्रधानाचार्य आलोक मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैचों में अम्पायरिंग शिवम अवस्थी,संतोष मौर्य,सौरभ शुक्ल, अन्वर अहमद, जबकि राजेंद्र निषाद ने लाइव कमेन्ट्री करके खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर स्टेडियम कमेटी के पदाधिकारी,सदस्य व भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

### डॉक्टर कौशल वर्मा ने सिसावां में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा नें क्षेत्र के ग्राम सिसावां स्थित जनता इंटर कॉलेज में शुक्रवार को एक नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया है। कैंप में डॉक्टर एमके अग्रवाल, डॉक्टर सचिन पांडे की मौजूदगी में 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाएं दी गई हैं। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिक एसिड, नसों व फिजियोथैरेपी की जांचे की गई।



नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प में आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांव के जरूरतमंदों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। सनशाइन हॉस्पिटल परिवार इसके पहले भी लखीमपुर सीतापुर पीलीभीत बरेली क्षेत्र में सैकड़ो नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप आयोजित कर हजारों लोगों को दवाएं व जांच कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा चुके हैं। डॉक्टर समय-समय पर शारीरिक रूप से अक्षम जरूरतमंद मरीजों को उपकरण व नगद धनराशि भी बांटते रहते हैं। इस अवसर पर जनता इण्टर कॉलेज के प्रबंधक, प्रधानाचार्य स्टाफ, मैनेजर प्रतीक मिश्रा, सचिन पाण्डे, अनुज वर्मा, सुमित पाण्डे, अभिषेक वर्मा, अमित पाण्डे, एड. आनंद, प्रभात बाजपेई, अनुज सिंह और समस्त हॉस्पिटल स्टाफ ने आयोजन के प्रबंध को इतनी गर्मी के बावजूद पूरा समय देकर सहयोग किया है।

# मानव तस्करी समाज के लिए अभिशापः प्रिया यादव

## सामाजिक संस्था व सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। दूठीबारी/महराजगंज



भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय बार्डर पर तैनात 22 वाहिनी एसएसबी बीओपी कैंप कार्यालय ठूठीबारी में मानव सेवा संस्थान के साथ एक और अन्य संस्था के संयुक्त तत्वाधान में मानव तस्करी निषेध विषयक पर मासिक गोष्ठी का आयोजन एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट प्रिया यादव की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में भारत नेपाल के एनजीओ, सुरक्षा एजेंसियों व संभ्रांत नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए असिस्टेंट कमांडेंट प्रिया यादव ने कहा कि मानवता व सभ्य समाज के लिए मानव तस्करी एक कलंक के रूप में आज समूचे विश्व की समस्या है। मानव तस्करी के जरिए लोगों को उच्च वेतनमान समेत अन्य प्रलोभन का लालच देकर लड़कियों व महिलाओं को यौन शोषण के लिए मजबूर किया जाता है। मानव तस्कर पीड़ित लोगों का शोषण कर देह व्यापार और मजदूरों के रूप में उपयोग करते है। साथ ही इनके अंगों को बेचकर मोटा मुनाफा कमाते है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों व एनजीओ के समन्वय से मानव तस्करी पर प्रभावी रोकथाम किया जा सकता है। वही एनजीओ के लोगों ने शासन द्वारा जारी निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस दौरान एसएसबी इंस्पेक्टर विशाल कुमार, इलाका प्रहरी महेशपुर नेपाल इंस्पेक्टर गंगा दत्त बडू, महिला उपनिरीक्षक खुश्बू, साधना, वरुण मिश्रा, मेनका, माधुरी, भूमिका मगर आशुतोष त्रिपाठी मौजूद रहे।

## संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा सरकार

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को शहर के भीखमपुर रोड स्थित एक मैरिज हॉल में संविधान बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य अतिथि युवक कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को खत्म कर देना चाहती है, मगर कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान दुनिया के श्रेष्ठ संविधानों का अध्ययन कर पूरे विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाया गया। संविधान को डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महापुरुषों ने मिलकर बनाया है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लगातार राष्ट्र निर्माण का काम किया है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पूरी मजबूती से संविधान की रक्षा के लिए खड़ा है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जानता है कि देश को आजादी दिलाने में पार्टी के नेताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# चंदन व झरही नदी में आया बरसात का पानी



जन एक्सप्रेस। महराजगंज

भारतीय सीमा क्षेत्र सहित पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के पहाड़ों पर झमाझम बारिश होने से बरसात का पानी भारतीय क्षेत्र में बहने वाली झरही उर्फ प्यास नदी में सोमवार सुबह जलस्तर बढ़ गया। यह नदी ठूठीबारी कस्बे के पश्चिम से होकर भारतीय सीमा में प्रवेश करती है। हिट वेब और भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिला वहीं पशु पक्षियों को प्यास बुझाने में राहत मिल गया। पड़ोसी मुल्क नेपाल के पहाड़ों से निकल कर बहने वाली झरही उर्फ प्यास नदी ठूठीबारी कस्बे के पश्चिम तथा पूरब दक्षिण चंदन नदी होकर भारतीय सीमा क्षेत्र में बहती है लेकिन बीते दिनों चिलचिलाती धूप से चंदन व झरही उर्फ प्यास नदी का पानी सुख गया था नदी समीप पेड़ पौधे सुख रहे थे। वहीं पशु पक्षी अपनी प्यास सुलभता से नहीं बुझा पा रहे थे। पांच दिनों से क्षेत्र समेत नेपाल के पहाड़ों पर भीषण गर्मी पड़ रहा था। बीती रात भारी बारिश होने से झरही उर्फ प्यास नदी में पहाड़ों से बारिश का पानी आ गया नदी किनारे पेड़ पौधे पशु पक्षियों को यह बरसात संजीवनी साबित हो रही है। सुरेश यादव, अंगद मौर्य, रामचंद्र, शकुंतला देवी, झिनका देवी, रिंकू गुप्ता आदि ग्रामीणों ने बताया की झरही नदी में पानी आने से क्षेत्र के पशुपालक नदी में अपने पशुओं को आसानी से नहला रहे है वहीं पशु पक्षी आसानी से अपनी प्यास भी बुझा रहे हैं।

# नारी सशक्तिकरण की प्रतीक थीं अहिल्याबाई होल्कर : जयमंगल

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



चौक नगर पंचायत सभागार में आयोजित पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन भारतीय राजनीति, समाज सेवा और प्रशासन के लिए आदर्श रहा। उन्होंने 1767 में राज्य की बागडोर संभाली और 28 वर्षों तक कुशल प्रशासन किया। सदर विधायक ने कहा कि अहिल्याबाई ने कर नहीं बढ़ाया, फिर भी राजस्व को 75 लाख से सवा करोड़ तक पहुंचाया। उन्होंने काशी, अयोध्या, हरिद्वार, सोमनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथपुरी समेत अनेक तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण कर सनातन संस्कृति को मजबूती दी। उन्होंने बताया कि तीन शताब्दी पूर्व जब महिला सशक्तिकरण की कोई कल्पना नहीं थी, तब अहिल्याबाई ने विधवाओं को गोद लेने, संपत्ति रखने और निर्णय लेने का अधिकार दिया। उन्होंने नारी सशक्तिकरण की नींव रखी। इस मौके पर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने रानी अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों को जनमानस से जोड़ने का कार्य किया है। अहिल्या बाई का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। रानी अहिल्याबाई द्वारा स्थापित धर्मशालाएं, घाट और तीर्थ व्यवस्थाएं आज भी जीवित उदाहरण हैं कि एक नारी के संकल्प और विवेक से राष्ट्र की दिशा बदली जा सकती है। इस अवसर पर चेयरमैन संगीता देवी, ईओ ओमप्रकाश, मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल, अजय मद्धेशिया, सरोज पाण्डेय, राधेश्याम कन्नौज्जिया, यंत्री मद्धेशिया, छविनाथ यादव, विशाल पुष्कर, विजय, श्रीराम गुप्ता, हरिकेश पटेल, पवन बर्मा, त्रिभुवन गुप्ता, हरिलाल भारती, सर्वेश पाण्डेय, अंगद बर्मा, दिग्विजय भारती, गोवर्धन, नरोत्तम प्रसाद, अशोक विश्वकर्मा, छोटे जायसवाल, आद्या पाण्डेय, कपिलदेव दूबे मौजूद रहे।

## पुलिस ने छह गोवंश को छुड़ाया, तस्कर भाग गए

जन एक्सप्रेस। देवरिया

रामजानकी मार्ग पर मईल चौराहा के पास गोवंश से लदे पिकअप को पुलिस ने पकड़ा। तस्कर गोवंश को बिहार के रास्ते बंगाल लेकर जा रहे थे। पुलिस को देख पिकअप छोड़कर तस्कर भाग गए। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार की सुबह थाने के एसआई अंकित सिंह पुलिसकर्मियों के साथ रामजानकी मार्ग पर मईल चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच बरहज की तरफ से पिकअप आते दिखी। पुलिस को देखकर चौराहे से कुछ दूरी पर सड़क किनारे पिकअप खड़ी कर तस्कर भाग गए। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर थाने लाई। तलाशी लेने पर उसमें लदे छह गोवंश के पैर और मुंह रस्सी से बंधे थे। पुलिस ने इन्हें मुक्त कराया। थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि छुड़ाए गए गोवंश को गोशाला भेजवा दिया गया।

# पनियरा की बेटी ने फ्रांस मे बिखेरी तिरंगे की चमक, क्षेत्र में हर्ष

## हर्षिता ने ग्रेजुएशन सम्मान समारोह में शामिल होकर लहराया परचम, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक सहित तमाम लोगों ने दी बधाई

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज




पनियरा नगर पंचायत के प्रथम चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश चंद्र जायसवाल की बेटी हर्षिता जायसवाल ने फ्रांस में अपनी सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में फ्रांस के एक प्रतिष्ठित संस्थान से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। ग्रेजुएशन सम्मान समारोह में वह काली टोग, कैप व भारतीय तिरंगे को हाथ मे लिए कार्यक्रम में शिरकत की तो स्वयं गौरवान्वित हुई साथ ही अपने माता, पिता व देश के सम्मान को ऊंचा किया।

हर्षिता के सफलता पर जिले के सांसद व केन्द्रीय वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी व क्षेत्रीय विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी। नगर पंचायत पनियरा के प्रथम चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश चन्द्र जायसवाल ने बताया कि पुत्री हर्षिता बचपन से यह सपना संजोया था कि वह विदेश जा कर पढाई करेगी और भारत के नाम को वैश्विक मंच पर रोशन करेगी। अपने सपने को पूरा करने के लिए उसने अपने कदम को स्वयं बढाया और उनकी माता सत्यभामा जायसवाल सहित उनके परिजनों ने बेटी पर भरोसा जताया और बेटी द्वारा लिए गए हर फैसले को सम्मानपूर्वक स्वीकार किया। शैक्षणिक सत्र 2023 - 24 में हर्षिता जायसवाल ने फ्रांस के एक प्रतिशष्ठित मैनेजमेंट में एमबीए की डिग्री प्राप्त की।जो एक दृढ़ संकल्प व कड़ी मेहनत का परिणाम रहा। दुनियां भर से हजारों की संख्या में छात्रों ने आवेदन किया था जिसमे से महज 70 अभ्यर्थियों का चयन हुआ जिसमें से एक नाम पनियरा की बेटी हर्षिता का भी रहा। हर्षिता जायसवाल वर्तमान में पेरिस में एक प्रतिश्ठित कम्पनी में कार्यभार संभाल रही हैं। बातचीत में हर्षिता ने बताया कि उनके माता-पिता ने उनका हौसला बढाया उनके प्रेम और बलिदान के बगैर यह सम्भव नही था।

इस सफलता पर ब्लाक प्रमुख पनियरा वेद प्रकाश शुक्ला, युवा भाजपा नेता आफाक आलम उर्फ सैफ खां, दीपक त्रिपाठी, अमित जायसवाल, केनू जायसवाल, प्रांजल जायसवाल, दीपक जायसवाल, विनीता जायसवाल, स्मिता जायसवाल, सरफराज उर्फ लल्लू खां, तपन गुप्ता, कबीर खां सहित अन्य लोगो मे हर्ष ब्याप्त है।

# एम्स में शुरू होगा पोस्टमार्टम, तैयारी लगभग पूरी, डीएम की अनुमति का इंतजार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर




गोरखपुर एम्स जल्द ही पोस्टमार्टम सेवा शुरू करने जा रहा है। इसके लिए एम्स में शवगृह तैयार है और फोरेंसिक मेडिसिन विभाग की टीम पोस्टमार्टम करेगी। इससे पोस्टमार्टम की गुणवत्ता बढ़ेगी और मेडिकल छात्रों को सीखने में मदद मिलेगी। शुरुआत में यह सुविधा केवल एम्स थाना क्षेत्र तक ही सीमित रहेगी लेकिन बाद में इसका विस्तार किया जाएगा।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में बीमारियों की रोकथाम के लिए शोध, चिकित्सा शिक्षा व उपचार में मानक स्थापित कर रहा एम्स अब एक नई सुविधा शुरू करने जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एम्स में अब पोस्टमार्टम भी शुरू होगा। तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। शव गृह बनकर तैयार है। एम्स की फोरेंसिक मेडिसिन विभाग की टीम पोस्टमार्टम करेगी। इससे गुणवत्तापूर्ण पोस्टमार्टम होगा, साथ ही एमबीबीएस विद्यार्थियों की एनाटामी की समझ बढ़ेगी। दूसरी तरफ मेडिकल कालेज के पोस्टमार्टम हाउस का भार कम होगा। सारी तैयारी पूरी है। डीएम को अनुमति के लिए पत्र भेजा चुका है। अनुमति के बाद पोस्टमार्टम शुरू कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर एम्स में पोस्टमार्टम शुरू होने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। एम्स प्रबंधन ने भी इसके लिए हरी झंडी दे दी है। सीएमओ ने मेडिकोलीगल आटोप्सी सेवाएं प्रारंभ करने के लिए समिति का गठन कर दिया है। समिति में सीएमओ डा. राजेश झा, उप निदेशक क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला संजय कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी कैंट योगेंद्र सिंह, एम्स के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डा. मनोज पर्चके शामिल हैं। पिछले दिनों समिति ने एम्स के शवगृह का निरीक्षण कर अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए इसे शुरू करने की अनुमति प्रदान करने की संस्तुति की थी।

इसके बाद औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। अब केवल डीएम की अनुमति का इंतजार है। एम्स की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल डा. विभा दत्ता के मार्गदर्शन में शीघ्र ही एम्स में पोस्टमार्टम शुरू किया जाएगा। शुरुआत में केवल एक एम्स थाना क्षेत्र का पोस्टमार्टम एम्स में किया जाएगा। इसके बाद इसका दायरा बढ़ाया जाएगा।

## पेट्रोल भरवाने गए युवक को पीटा, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। देवरिया

धुसवा स्थित पंप पर बृहस्पतिवार को पेट्रोल भरवाने गए बाइक सवार युवक की कुछ लोगों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद सहित पांच लोगों पर केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, बरुवाडीह निवासी दिनेश प्रजापति बाइक में पेट्रोल भरवाने धुसवा स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचे। वहां कुछ लोगों से साइड लेने को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते करीब पांच की संख्या में लोग गाली देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इसके बाद पीड़ित ने मिथुन, गोविंद निवासी ग्राम धुसवा, आशीष निवासी गौरकोठी व दो अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी।

# खजनी में ईंट भट्टे पर मिला युवक का शव, लगा हत्या का आरोप



जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर के खजनी के नंदापार चौराहे के मार्का ईट भट्टे पर एक युवक का शव मिला। जिसकी पहचान रुद्रपुर निवासी त्रिवेणी शंकर त्रिपाठी के रूप में पहचान हुई है। मृतक का आरोप है कि शंकर की हत्या कर भट्टे पर शव फेंका गया। घर वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घरवालों का आरोप है नर्वदेश्वर दुबे ने उनकी जमीन शराब पिलाकर अपने नाम करा ली और हत्या कर फेंक दिया।


## कार्यालयः सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल, पंचम इकाई, लखनऊ।

पत्रांकः 54/सहा०आयु०/स०द०पं०ई०-लखनऊ | दिनांकः 27 मई 2025

**सी.जी.एस.टी./एस.जी.एस.टी. अधिनियम 2017 की सुसंगत धारा 79(1)(बी) के अन्तर्गत माल की नीलामी की सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित अनुसूची(SCHEDULE) में वर्णित जब्त किए गए माल गुल (SK Rahmat Ali/Chand Tara Brand) की नीलामी सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से **"जो जैसा है"** की स्थिति में अनुसूची में वर्णित विवरण के अनुसार **दिनांक 06.06.2025(दिन शुक्रवार) को प्रातः 11.00 बजे** कार्यालय **सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ** राज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ के परिसर में नीलामी समिति के समक्ष आयोजित की जाएगी। नीलामी की तारीख से पूर्व देय सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान हो जाने पर नीलामी की प्रकिया रोक दी जाएगी। जिसका विवरण एवं मुख्य शर्ते निम्नलिखित है-

अनुसूची (SCHEDULE)

| क्र0सं0 | माल का विवरण | झाल/नग | माल की मात्रा | कुल माल की धरोहर राशि (EARNEST MONEY) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गुल (SK Rahmat Ali/Chand Tara Brand) | 10 नग | 45000 पाउच (Per Pouch MRP 3/-) | 20000.00 |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय-सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, राज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से दिनांक 05.06.2025(दिन **बृहस्पतिवार**) तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

**नीलामी में प्रतिभाग करने के नियम एवं मुख्य शर्ते-**

1. उचित अधिकारी(PROPER OFFICER)/अध्यक्ष नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए नीलामी निरस्त कर सकता है ।
2. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी में जी.एस.टी. अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत व्यक्ति ही प्रतिभाग कर सकते हैं। साक्ष्य के रूप में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को अपने जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
3. नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु माल के विवरण के सम्मुख अंकित धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट (DRAFT) ही मान्य होगा, जो **सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई लखनऊ** के नाम से देय होगा। जिस व्यक्ति के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जाएगी, उसे छोड़कर नीलामी प्रकिया में भाग लेने वाले शेष फर्म/व्यक्तियों की धरोहर राशि वापस कर दी जाएगी।
4. माल जिस दशा में है जहां है उसी प्रकार नीलाम किया जाएगा। बोलीकर्ता द्वारा माल की गुणवत्ता एवं माल का आकलन स्वयं उपस्थित होकर करना होगा। नीलामी के उपरान्त उक्त के सम्बंध में कोई दावा स्वीकार नही किया जाएगा।
5. नीलामी समिति के समक्ष उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा बोली गयी धनराशि को समिति द्वारा विवेकानुसार/नियमानुसार स्वीकार/अस्वीकार किया जा सकेगा तथा स्वीकार किए जाने की स्थिति में उच्चतम बोलीकर्ता को नीलामी का 25 प्रतिशत तुरन्त एवं शेष नीलामी की धनराशि निर्धारित समय एक सप्ताह के अन्दर जमा कर माल को जिस स्थिति में है उसी स्थिति में अपने संरक्षण में लेना होगा अन्यथा की स्थिति में उसका दावा निरस्त करते हुए धरोहर तथा 25 प्रतिशत जमा की गयी धनराशि राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के अन्तर्गत नीलाम किए गए माल पर नियमानुसार निर्धारित कर देयता भी जमा की जाएगी।

(श्यामवीर सिंह)
सहायक आयुक्त, राज्य कर,
सचल दल, पंचम इकाई, लखनऊ।
(मो. 7235002274)

UPID: 234404, Date-29.05.2025
Website: www.up.gov.in


## चार युवकों पर ट्रांसफॉर्मर तोड़ने का आरोप, प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

थाना क्षेत्र के गांव रामपुर माफी में गांव के चार मनबढ़ों पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर ईंट पत्थर से मार कर तोड़ने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने थाने पर पहुंच कर प्रदर्शन करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर माफी निवासी विशुनदयाल, महेन्द्र मिश्रा, वकील शर्मा, सुभाष शर्मा, गुड्डू यादव, अर्जुन यादव, मोहित, राजाराम, शिवकुमार, अजीत कुमार, नितई शर्मा, रघुबर, रामकृपाल, हरिओम सहित काफी संख्या में लोग थाने पर पहुंच कर प्रदर्शन करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# आरोपी परिवार के दो और लोगों को पुलिस ने उठाया

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

थाना क्षेत्र के रामपुर झुरिया निवासी तेज बहादुर उर्फ राजन यादव की देवरिया जिले के खुखुन्दू थाना क्षेत्र के खजुरी करौता मठकेशोराम गांव में बरात में हत्या कर दी गई थी। यह वारदात पुलिस के लिए पहेली बनी हुई है। मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को दो और लोगों को उठाया है।

अहिरौली बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि सभी पहलुओं पर पुलिस टीम अपना काम कर रही है। आरोपी रणधीर के चाचा लक्ष्मन निषाद व आरोपी के चचेरे भाई विनित को पूछताछ के लिए थाने लाकर खुखुन्दू थाने से आई हुई पुलिस के साथ भेज दिया गया है। जल्द ही हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में होगा। गांव में अहिरौली बाजार थाने की पुलिस मौजूद है। मृतक तेज बहादुर के भाई ज्वाला बहादुर ने बताया कि अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। वहीं आरोपी रणधीर के घर सन्नाटा छाया हुआ था। उसके चाचा लक्ष्मन निषाद के घर भी सन्नाटा छाया हुआ है। इसके पूर्व पुलिस नामजद दो आरोपियों को हिरासत में रखकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो पुलिस की जांच में तीन डिस्मिल जमीन को लेकर उपजे विवाद में तेज बहादुर की हत्या हुई है। पुलिस घटना के पर्दाफाश के करीब पहुंच चुकी है। परिवार के एक और सदस्य की तलाश पुलिस को है। इसकी तलाश में पुलिस बिहार और गोरखपुर में भी दबिश दे रही है।

## घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। देवरिया

महुआडीह थाना क्षेत्र के बालकुआं गांव के पास मार्ग दुर्घटना में घायल 55 वर्षीय प्रेम प्रकाश उर्फ गाजू राव की बृहस्पतिवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। घर वाले शव को लेकर थाने पर पहुंचे। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार, बालकुआं गांव के प्रेम प्रकाश उर्फ गाजू राव चार अप्रैल को साइकिल से गेहूं पिसवाने पिपरा दौलाकदम चौराहा पर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने साइकिल में ठोकर मार दी। इससे प्रेम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बृहस्पतिवार को घर पर उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि घर वाले लोग शव को लेकर थाने पर आए थे। पोस्टमार्टम कराया गया है।

## सियार के हमले से महिला समेत चार जख्मी

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

कसया थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर में सियार ने हमला कर महिला समेत चार लोगों को जख्मी कर दिया। इसमें से एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, उसका इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की देर शाम अमरपुर गांव निवासी सरस्वती (55) गांव के नजदीक पूरब बगीचे में बैठी थीं।

इसी बीच बाग में आए एक सियार ने उनपर हमला कर दिया। सियार ने हाथ, चेहरे और नाक काट कर जख्मी कर दिया। उन्हें बचाने के लिए पहुंचे गांव के गोलू, शेष मणि, नाजिया और पुरुषोतम सिंह के घर रिश्तेदारी में आई पूजा सिंह पर भी सियार ने हमला कर जख्मी कर दिया। शोर सुनकर गांव के लोगों ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला।

# आकांक्षी जनपद के सूचकांको के प्रगति की बैठक नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित

## नोडल अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय कलवारी एवं आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



शुक्रवार को शासन द्वारा आकांक्षी जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव परिवहन अमित गुप्ता की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आकांक्षी जनपद हेतु स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, फाइनेंशियल इंक्लूजन, कृषि, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर निर्धारित सूचकांक पर प्रगति की समीक्षा की गयी।

प्रमुख सचिव द्वारा विस्तार पूर्वक सभी सूचकांकों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं सभी मानकों को पूरा करते हुए प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया गया। सके उपरांत प्रमुख सचिव द्वारा विकास खंड बलरामपुर में ग्राम कलवारी का भ्रमण किया गया।

इस दौरान उन्होंने कंपोजिट विद्यालय कलवारी का निरीक्षण किया एवं फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, किताब का वितरण, पेयजल व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामवासी से भी वार्ता की एवं शिक्षा व्यवस्था का फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र कलवारी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

उन्होंने धात्री महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं से संवाद किया एवं मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना, उन्होंने कितनी बार चिकित्सालय में चेकअप किया गया आदि की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकाहिया का निरीक्षण किया एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जाना एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया।

## ढाई लाख की लाइट दो माह से बंद, अंधेरे से गुजरना पड़ रहा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

करीब ढाई लाख से अकराबाद में अलीगढ़ जिला पंचायत ने एक हाईमास्ट लाइट लगाई थी। लाइट दो महीने से खराब है। कई शिकायत की गईं, पर लाइट सही नहीं हुई। रात में सुनसान जगह से अंधेरे में निकलते समय राहगीरों को डर लगता है। डर रहा है कोई घटना न घटित हो जाए। कस्बा अकराबाद में जीटी रोड स्थित मोड़ से मुख्य बाजार जाने वाली सड़क के किनारे पांच माह पूर्व जिला पंचायत की ओर से करीब ढाई लाख रुपये की लागत से एक हाईमास्ट लाइट लगाई गई थी। यह लाइट दो माह से खराब है। जिससे स्थानीय लोगों को रात के समय अंधेरे में गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब लाइट को ठीक कराने के लिए जेई को फोन से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन लाइट ठीक नहीं हुई है। जिससे बहुत परेशानी है। कस्बे के लोगों की मांग है कि अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए। जिससे लोगों को अंधेरे से मुक्ति मिल सके।

# एनसीसी के विशेष वार्षिक प्रशिक्षण के 10 दिवसीय शिविर का समापन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के जवाहर नवोदय विद्यालय में चल रहे 51 वीं यूपी बटालियन एनसीसी के विशेष वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार को समापन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार 30 मई को 51 यूपी बटालियन एन सी सी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में पीटी, ड्रिल फायरिंग, योगाभ्यास, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट बैटल, क्राफ्ट की जानकारी दी गई। साथ ही कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पटवाल द्वारा महत्वपूर्ण सैन्य विषयों का रिवीजन करवाया गया। शिविर में सिखाये गए विषयों की परीक्षा हुई । विभिन्न कंपनियों के बीच वॉलीबॉल, बैडमिंटन के फाइनल मैच खेले गए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अपने समापन भाषण में कर्नल पटवाल ने कैडेटों को शिविर में सीखे गये समस्त गतिविधियों को अपने दैनिक जीवन मे उपयोग करने के लिए कहा। कैम्प कमांडेंट कर्नल पटवाल, डिप्टी कैम्प कमांडेंट रणयोध्द सिंह, विशिष्ट अथिति के रूप में आये 48 बटालियन के कमांडिंग अफीसर कर्नल सुनील कपूर, प्रधानाचार्य गीता मिश्रा और वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी शिव कुमार पाठक ने कैडेटों को पुरस्कार वितरित किये। यह कैंप, कैम्प कमांडेंट ए पी एस पटवाल डिप्टी, कैंप कमांडेंट रणयोध्द सिंह के निर्देशन में एवं विद्यालय प्रधानाचार्य गीता मिश्रा के सहयोग से संचालित किया गया। कैम्प की समस्त गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने में सभी एएनओ, जेसीओ, एनसीओ, पीआई स्टॉफ, केयर टेकर व सिविल स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जिला सेवायोजन विभाग द्वारा कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन प किया गया। मेले में कुल 03 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागी कम्पनियों ने सीनियर मैनेजर, फैसिलिटि मैनेजर, एच0 आर0 एवं फिटर वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन के पदो के लिए कुल 56 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

मेले में 109 अभ्यर्थियों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया। मेले में प्रतिभाग करने वाले छात्रों की करियर कार्उसिलिंग भी की गयी थी। जिसमें उनको स्वयं की स्किल्स बढाने पर जोर दिया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी सुश्री मीता गुप्ता द्वारा बताया गया कि सभी अभ्यर्थी डिग्री के साथ साथ टेक्निकल स्किल भी रखें । इस कार्यक्रम के दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता, एवं कार्यालय के कर्मचारी आदि मौजूद रहें। आई0 टी0 आई0 के छात्रों के लिए आनलाइन साक्षात्कार का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढचढ कर प्रतिभाग किया गया।

## गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर शब्द कीर्तन व लंगर आयोजित

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर मे सिखों के पांचवे गुरु गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर स्थानीय गुरु सिंह सभा गुरुद्वारे में शुक्रवार को शब्द कीर्तन कर लंगर प्रसाद का वितरण किया गया।

सरदार मंजीत सिंह मंगी ने 30 मई को बताया कि जहांगीर की क्रूर यातना के बावजूद गुरु अर्जन देव जी ने अपना धर्म परिवर्तन नहीं किया। धर्म के प्रति प्राण न्योछावर करना धर्म समझा। औरंगजेब ने उन्हें नग्न करके गरम तवे पर बैठाकर और उनपर गम रेत तक डलवाया और धर्म परिवर्तन की बात कही गई, परंतु गुरु अर्जन देव ने अपना धर्म नही बदला अलबत्ता प्राण त्यागना उचित समझा। उन्हीं के याद में शहीदी पर्व पर शुक्रवार को नई बाजार थाना मोड जगदीश सेठी के प्रतिष्ठान के पास लंगर लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

प्रसाद वितरण में सिख समुदाय की महिलाएं व पुरुष सहित छोटे छोटे बच्चों ने उत्साह के साथ लोगों प्रसाद वितरण किया।

लंगर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज, राम जी आर्य, जय सिंह, शशांक सिंह, राधेश्याम चौरसिया, सहित सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त अवसर पर सरदार गुरमुख सिंह, गुरदीप सिंह, कुलबीर सिंह, बलवंत सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, अजय सेठी, अजीत सिंह रिक्की, कुलविंदर सिंह, दर्शन सिंह तथा करमजीत सिंह सहित अनेक नवयुवक भक्तों को प्रसाद वितरण कर रहे थे।

## दुबई के शेखों को भा रहा अलीगढ़ का आलू

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ जिले में 11 किस्म की आलू की पैदावार हो रही है। इनमें चिप्सोना, कुफरी पुखराज, कुफरी मोहन, कुफरी गंगा, कुफरी ज्योति, कुफरी चिप्सोना-1, कुफरी ख्याति, कुफरी बहार, कुफरी सूर्या, कुफरी 302 और कुफरी नीलकंठ प्रजाति शामिल हैं।

अलीगढ़ का आलू दुबई में शेखों को बहुत भा रहा है। खाड़ी देशों को किया जा रहा आलू निर्यात 50 हजार टन तक बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 लाख टन आलू खाड़ी देशों में निर्यात किया गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1.50 लाख टन आलू निर्यात किया गया था। आलू उत्पादन में अलीगढ़ प्रदेश में छठवें स्थान पर है।

यहां चिप्सोना आलू की सर्वाधिक पैदावार है, जबकि जिले में 24987 हेक्टेयर क्षेत्र में आलू की खेती होती है। वर्ष 2023-24 में जिले में 11 लाख टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें से 4.4 लाख टन विदेश में निर्यात हुआ है। एएमयू के कृषि अर्थशास्त्र और व्यवसाय प्रबंधन विभाग के प्रोफेसर सगीर अहमद अंसारी ने बताया कि जिले को आलू की खेती के लिए मुफीद माना गया है।

देश में 59.57 मिलियन टन आलू उत्पादन होता है देश में हर साल आलू का उत्पादन 59.57 मिलियन टन होता है।

# ग्रीष्मकालीन कत्थक नृत्य कार्यशाला का आयोजन 2 जून से

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में पंडित बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश और एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में 02 जून से शास्त्रीय नृत्य कथक की सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान छात्राओं को कथक की प्राथमिक जानकारी के साथ ही साथ मुद्राओं आदि की विभिन्न जानकारी दी जायेगी।

यह जानकारी देते हुए एम एल के महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने 30 मई को बताया कि बलरामपुर जिले में पहली बार शास्त्रीय नृत्य कथक की शौकीन छात्र-छात्राओं के लिए कथक संस्थान ने एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है जिसमें बिना किसी शुल्क के कथक नृत्य की बारीकियों को सीखने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यशाला के



सकुशल संचालन के लिए पंडित बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश ने महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान को कार्यशाला का संयोजक नामित किया है। **कार्यशाला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ चौहान ने** बताया कि कार्यशाला 02 जून से 08 जून तक महाविद्यालय के मनोविज्ञान स्मार्ट कक्ष में संचालित की जायेगी। कार्यशाला में महाविद्यालय के अतिरिक्त कक्षा 06 से 12 की भी छात्राएं सम्मिलित हो सकती हैं। इस कार्यशाला के लिए कोई शुल्क नहीं है। संस्थान की ओर से यह निशुल्क है और कार्यशाला के पश्चात प्रतिभागियों को कथक संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। कार्यशाला में प्रतिष्ठित व कुशल कथक गुरु द्वारा कथक की प्राथमिक जानकारी के साथ साथ कथक की बारीकियों से परिचित कराया जायेगा।

कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए सीटें सीमित हैं और प्रतिदिन डेढ़ घंटे की क्लास होगी। कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए मेरे मोबाइल नंबर 9839753879 एवं 7007335349 पर संपर्क करके 01 जून 2025 तक रजिस्ट्रेशन हर हाल में करा लें। 02 जून को कार्यशाला का शुभारंभ किया जायेगा। 08 जून को कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाली प्रतिभागियों का प्रस्तुतिकरण भी होगा।

## बैंक अफसरों पर कारोबारी ने लिखवाया मुकदमा, लगाया गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

मुकदमे में आरोप है कि कैनरा बैंक से कारोबारी ऋण ले रखे थे। जिसमें अपनी पत्नी के नाम की पला रोड की संपत्ति को बंधक रखा था। जिसकी बाजारू कीमत तीन करोड़ रुपये थी। बंधक रखते समय बैंक ने उसकी कीमत 1.75 करोड़ रुपये आंकी।

ऋण जमा न हो पाने पर बैंक अफसरों ने उनकी बंधक संपत्ति को नीलाम करने की प्रक्रिया करते हुए उसकी बाजारू कीमत 1.28 करोड़ 55 हजार रुपये तय करा दी गई।

अलीगढ़ महानगर के सासनी गेट निवासी एक कारोबारी ने कैनरा बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों पर संपत्ति हड़पने की नीयत से आपराधिक साजिश रचने का मुकदमा दर्ज कराया है। सासनी गेट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यह मुकदमा दर्ज किया है।

यह मुकदमा पला रोड के कारोबारी योगेश कुमार शर्मा ने कराया है, जिसमें कैनरा बैंक के एजीएम अजीत कुमार जग्गा, रिकवरी में डिवीजनल प्रबंधक स्वीन वर्मा, प्रमुख प्रबंधक रेलवे रोड प्रमोद फुलवारी, वरिष्ठ प्रबंधक रिकवरी मोहित गर्ग व आर्किटेक्ट नीरज शर्मा को नामजद किया गया है। मुकदमे में आरोप है कि उन्होंने कैनरा बैंक से कारोबारी ऋण ले रखे थे। जिसमें अपनी पत्नी के नाम की पला रोड की संपत्ति को बंधक रखा था। जिसकी बाजारू कीमत तीन करोड़ रुपये थी।

बंधक रखते समय बैंक ने उसकी कीमत 1.75 करोड़ रुपये आंकी। ऋण जमा न हो पाने पर बैंक अफसरों ने उनकी बंधक संपत्ति को नीलाम करने की प्रक्रिया करते हुए उसकी बाजारू कीमत 1.28 करोड़ 55 हजार रुपये तय करा दी गई। इसकी जब शिकायत अधिकारियों से की तो उनके द्वारा जवाब दिया वे अपनी मनमर्जी से काम करेंगे। मामले में पुलिस अधिकारियों से शिकायत की गई। मगर जब सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने अदालत की शरण ली। इसी क्रम में ये मुकदमा दर्ज किया है। सीओ प्रथम के अनुसार मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# त्रि शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के नगर पंचायत पचपेड़वा व गैसड़ी में शुक्रवार को अहिल्याबाई होलकर के जन्म त्रिशताब्दी अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नमन किया गया।

जानकारी के अनुसार 30 मई को लोक माता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रि शताब्दी कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत पचपेड़वा तथा नगर पंचायत गैसड़ी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला महामंत्री डॉ अजय सिंह पिंकू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह मौजूद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में पिंकी सिंह, रीता शर्मा, अध्यक्ष पचपेड़वा रवि वर्मा, अध्यक्ष नगर पंचायत गैसड़ी प्रिंस वर्मा मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनका अनुसरण करने के लिए अपील किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दयाराम प्रजापति, मयूर सूर्यवंशी, सुरेश कुमार सिंह शेरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ओझा, राम केवल यादव, इंद्रजीत साहू व राम विलास विश्वकर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## सूचना कार्यालय में लगेंगे कलम के सिपाहियों के चित्र

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

जैसे कार्यालयों में राष्ट्रपिता, पीएम, सीएम आदि के चित्र लगते हैं। अब अलीगढ़ के सूचना विभाग में कलम के सिपाहियों यानी पत्रकारों के चित्र लगेंगे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान दिया।

हिंदी पत्रकारिता दिवस पर अलीगढ़ में अनोखी पहल शुरू की गई है। स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जनपद के कलम के सिपाहियों यानी पत्रकारों के चित्र सूचना विभाग कार्यालय में लगेंगे। आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा ने पांच दुर्लभ चित्र डीएम संजीव रंजन को भेंट किए।

डीएम कार्यालय में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर एक समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उल्लेखनीय योगदान देने वाले अलीगढ़ जिले के वीर पत्रकारों और संपादकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डीएम संजीव रंजन को आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा ने पांच दुर्लभ चित्र भेंट किए।

# तंबाकू नियंत्रण जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**




जनपद में शासन के निर्देश के क्रम में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पूर्व संध्या पर महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज टांडा में जनपद के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया डॉ. मुकेश यादव ने बताया कि तंबाकू सेवन करना स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक घातक है जिससे कैंसर के साथ-साथ गैर संचारी रोगो के होने का खतरा बढ़ जाता है कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को तंबाकू न सेवन करने की शपथ भी दिलाई।

डॉ.उमेश कुमार वर्मा विभाग अध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन ने बताया कि तंबाकू में 7000 जहरीले तत्व होते हैं जिससे आंख,मुख,गला एवं फेफड़ों पर अत्यधिक हानिकारक प्रभाव पड़ता है।

डॉ.अभिषेक पाण्डेय दंत चिकित्सक ने बताया कि तंबाकू या किसी भी प्रकार के सुपारी खाने से मुँह का खुलना कम हो जाता है। मुँह में सफेद लाल चकत्ते होना शुरुआती कैंसर के लक्षण हो सकते है समय से इलाज कराए और तंबाकू का सेवन कभी ना करें। डॉ.सर्वेश कुमार ने तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया की

धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध है इसके लिए 200रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

धारा 5 के अंतर्गत किसी भी तंबाकू उत्पाद का विज्ञापन करना प्रतिबंधित है।

धारा 6 के अंतर्गत नाबालिक के द्वारा तंबाकू बेचना या खरीदना एवं विद्यालय परिसर के 100 गज के दायरे में तंबाकू बेचना प्रतिबंधित है।

धारा 7 के अंतर्गत बिना सचित्र चेतावनी के किसी भी तंबाकू उत्पाद को बेचना प्रतिबंधित है। कार्यक्रम में डॉ.मोहम्मद आतिफ,डॉ.उदयभान,डॉ. सुलक्षणा गौतम,डॉ.शिवरतन डॉ.रिचा मिश्रा,वंदना यादव, आशुतोष मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

## पनवारी कांड: अकोला हिंसा में कोर्ट का फैसला, पांच साल का कठोर कारावास

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** वर्ष 1990 को जाट और जाटव समाज के लोगों के बीच संघर्ष हुआ था। 22 जून को पुलिस की मौजूदगी में बरात चढ़ाए जाने पर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। इसके बाद हिंसा भड़क गई थी। इस मामले में कोर्ट ने सजा सुना दी है। आगरा में बहुचर्चित पनवारी कांड में वर्ष 1990 में भड़की हिंसा में कागारौल के अकोला में हुई जातीय हिंसा में शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आ गया। 34 साल बाद कोर्ट ने बुधवार को 35 आरोपियों को दोषी करार दिया था। 32 को जेल भेज दिया गया। तीन दोषियों के कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए हैं। 15 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया है। मुकदमा विचारण के दौरान 22 की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट में शुक्रवार को सजा सुनाई गई। दोषियों को पांच साल का कठोरवास और हर एक पर 41 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

# खंदौली ब्लॉक बना प्रदेश का प्रथम आईएसओ सर्टिफाइड ब्लॉक

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा मे स्थित खंदौली ब्लॉक को आईएसओ सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ यह प्रमाण पत्र भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता द्वारा ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा एवं विजय अग्रवाल खंड विकास अधिकारी को संयुक्त रूप से देकर सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख खंदौली ने बताया कि ब्लॉक परिसर मे क्षेत्र पंचायत द्वारा मानक अनुसार जीर्णोद्धार के कार्य कराए गए व ब्लॉक के समस्त अधिकारियों की कड़ी मेहनत से आईएसओ मानको को पूर्ण कर प्रदेश के प्रथम आईएसओ ब्लॉक का प्रमाण पत्र ब्लॉक की समस्त व्यवस्थाओं, रखरखाव, भवन इत्यादि सभी मानकों को देखते हुए हावके आई सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने जारी किया है इस अवसर पर उपमा गुप्ता महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा, निर्मला दीक्षित पूर्व सदस्य महिला आयोग, सहायक विकास अधिकारी ऋषि कुमार, पंकज यादव, ललित पचौरी, प्रेमशंकर यादव, सचिव गौरव शर्मा, गौरव पाठक, संजय सिंह, अमित रावत, वीरेंद्र सिंह, लायका , भूरी सिंह राठौर, देवेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष, मुकेश गुप्ता, रिंकू चौधरी, चरण सिंह, सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# एससी, ओबीसी लोगों के साथ योगी सरकार में हो रहा सबसे अधिक अत्याचार: लाल बिहारी

■ तिहरे हत्याकांड में मृतक परिवार से मिला सपा का प्रतिनिधिमंडल, जफराबाद कांड को सदन में उठाएगी समाजवादी पार्टी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**जफराबाद।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में सपा का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जफराबाद थाना क्षेत्र के तिहरे हत्याकांड में मृतक परिवार से मिला।

पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें हर संभव न्याय दिलाने के लिए उनके साथ खड़े रहने का भरोसा देते हुए प्रतिनिधिमंडल ने घटना की जानकारी इकट्ठा किया।

पार्टी मुखिया अखिलेश यादव को यहां की बातों से शीघ्र अवगत कराने का भरोसा दिया। मालूम हो कि जफराबाद थाना क्षेत्र के नेवादा गांव में बीते रविवार को पिता लालजी गौतम व उनके दो पुत्र गुड्डू, यादवीर की निर्मम हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में मृतकों के परिवार से मिलने आए नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा पीड़ित परिवार से घटना की विस्तृत जानकारी ली। नेता प्रतिपक्ष ने मृतक लाल जी की पत्नी प्रभावती देवी व बहू सरिता से घटना के संबंध में जानकारी लिया। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी मनोज राय से घटना के संबंध में अभी तक फरार चल रही इनामी अपराधियों के धड़ पकड़ की जानकारी लिया।

बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए लाल बिहारी यादव ने कहा कि योगी सरकार में अनुसूचित तथा पिछड़ी जाति के लोगों के साथ घोर अन्याय हो रहा है। उन्होंने खुले आम आरोप लगाया की सरकार में बैठे कुछ चिन्हित अपराधियों द्वारा प्रदेश भर में ऐसी घटनाओं को चुन चुन कर अंजाम दिया जा रहा है। जीरो टॉलरेंस की नीति योगी सरकार की पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। इस सरकार में अपराध चरम पर है। सरकार अपराध को रोकने का सिर्फ दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष इस परिवार को न्याय दिलाने के लिए सदन में मुद्दा उठाएगी। न्याय के लिए सदन में अगर हंगामा करना हुआ तो हंगामा किया जाएगा। इस परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा मृतकों के परिवार को एक-एक करोड रुपए सरकार को देना चाहिए। यह मांग नेता प्रतिपक्ष सदन में करेगा। इस दौरान सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, एमएलसी आशुतोष सिंह, जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधनाथ पाल, दीपचंद राम, जफराबाद विधानसभा अध्यक्ष नंदलाल यादव, राजेंद्र टाइगर, उमाशंकर पाठक, जवाहरलाल यादव, मेवा यादव, मुन्ना यादव, तौफीक अहमद, आरिफ हबीब, राहुल त्रिपाठी सहित दर्जनों समाजवादी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जंघई पुलिस चौकी पर दलालों का दबदबा, कार्रवाई के नाम पर चल रही है अवैध वसूली..!

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**मीरगंज।** मीरगंज थाना क्षेत्र के जंघई पुलिस चौकी पर इन दिनों पैसे के लेन-देन को लेकर दलाल सक्रिय हैं। जिसका जीता जागता सबूत सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल से हुआ है। आडियो में एक घटना को लेकर कथित दलाल द्वारा पैसा लेकर पुलिस चौकी से एक आरोपी को छुड़वा देने व 11 हजार के बाद और पैसे का डिमांड करने का आडियो वायरल हुआ है जब दोबारा पैसा का डिमांड होने पर आरोपी द्वारा दलाल से न देने पर दलाल कार्रवाई की बात करने पर आरोपी द्वारा पैसा वापस मांगा गया। और चौकी में पुनः बैठाने को राजी होना स्पष्ट सुनाई जा सकता है। अब देखना यह है की पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा इस चौकी पर लुट घसोट का संज्ञान कब लिया जाता है या इसी तरह दलालो का खेल कुछ चंद पुलिस कर्मियों द्वारा चलता रहेगा..!

# केराकत में चली गोली: एक घायल, जांच में जुटी पुलिस

**शराब की दुकान पर युवक और बदमाशों में हुई थी कहासुनी**



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

केराकत। कोतवाली से महज दो सौ मीटर कि दुरी पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब मोटरसायकिल से आये पांच कि संख्या बदमाशो ने आटो चालक कों दौड़ा कर गोली मार दी गोली युवक के कंधे में लगी।

मिली जानकारी के अनुसार केराकत अंग्रेजी शराब कि दुकान के पास आटो चालक प्रदीप कुमार यादव पुत्र हरिलाल यादव निवासी चेवार के कुछ युवकों से कहा सुनी हो गईं जिसके बाद युवको ने कुछ और साथियो कों फोन कर बुला लिया। ज्यादासंख्या में आये युवकों को देख प्रदीप अपनी आटो लेकर बाईपास मार्ग पर भागने लगा। बदमाशो ने आटो चालक का पीछा करते हुए कोतवाली से मात्र दो सौ मीटर कि दुरी पर स्थित जंगली टेलर के दुकान के पास गोली चला दी गोली प्रदीप के कंधे में लगी।

वही आटो पर सवार युवक मिंटू यादव पुत्र अमरदेव निवासी पूरनपुर गोली चलने पर आटो से कूद कर एक दुकान में घुस गया वहा बदमाशो ने उसे दुकान से निकाल कर पिटाई कर दी।वही मिंटू का आरोप है कि बदमाशों ने उसकी सोने कि चैन और अंगूठी छीन ली। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पंहुचा कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गईं।

### हाथों में पिस्टल लेकर मारपीट का वीडियो वायरल

बदमाशों से जान बचाकर मिंटू यादव एक दुकान में घुस गया जिसके बाद संख्या में पहुंचे बदमाशो ने उसे दुकान से निकाल कर पिटाई कर दी।जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।वीडियो 49 सेकंड का है जिसमें साफ देखा जा सकता है एक युवक गंजी और चड्ढा पहने मोबाइल से बात करते हुए दुकान में घुसने का प्रयास कर रहा है जिसे पास खड़े एक युवक उसे रोक रहा है।जिसके बाद कंधे पर गमछा व टीशर्ट और हाफ चड्ढा पहने एक युवक अपने हाथों में पिस्तौल लेकर आता है और दुकान का शटर गिराने की बात करता है जिसके बाद चार की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने युवक को दुकान से बाहर खींचकर घुसो की बरसात करने लगे।और मारपीट कर बड़े ही आराम से बदमाश पैदल निकल दिए।

# अहिल्याबाई होलकर जयन्ती के उपलक्ष्य में महिला सफाई मित्रों को किया गया पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस। बस्ती



शुक्रवार को पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयन्ती अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान और अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह के दिशा निर्देशन में नगर पंचायत भानपुर के सभागार में गोष्ठी व महिला सफाई मित्र सम्मान और सुरक्षा किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी नेता और सल्टौआ गोपालपुर के प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह, महिला मोर्चा की नीलम गौड़, नीरज पाण्डेय आदि ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उन्होने धर्म, न्याय, सेवा और स्त्री शक्ति को नये सिरे से रेखांकित कर इतिहास में नाम दर्ज कराया। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण हेतु चलायी जा रही योजनाओं व उपलब्धिया के विषय में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम संयोजक नीरज पाण्डेय ने संचालन करने के साथ ही उद्देश्य पर प्रकाश डाला। दीप प्रज्वलन के बाद अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह ने पुष्प गुच्छ दे कर अतिथियों का स्वागत किया।

प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह ने नगर पंचायत में कार्यरत महिला सफाई मित्रों में प्रमाण-पत्र का वितरण किया। संयोजक नीरज पाण्डेय ने सफाई मित्रों को सुरक्षा किट और अधिशासी अधिकारी ऋचा संह व श्रीमती नीलम गौड़ ने महिला सफाई मित्रों नन्दनी, गीता देवी व श्यामा देवी को अंग वस्त्र भेटकर परस्कृत किया। कार्यक्रम में निकायकर्मी अविनाश मिश्र, वीरेन्द्र मौर्य, रवि सिंह, नीतश श्रीवास्तव, सीएम फेलो, शिवकुमार यादव, सफाई विभाग से आदित्य, अनिल, रंजीत, रमन, मुकेश के साथ ही अनेक कर्मचारी, स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# 6 सूत्रीय मांगो को लेकर विकासशील उद्योग व्यापार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



■ सौंपे ज्ञापन में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र पालिटेक्निक चौरहा, पटेल चौक पर फ्लाई ओवर का निर्माण कराये जाने

जन एक्सप्रेस। बस्ती

विकासशील उद्योग व्यापार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष आशीष स्वामी उर्फ कल्लू बाबा ने शुक्रवार को पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि पूर्वोत्तर रेलवे के बस्ती ओडवारा के मध्य समपार संख्या 198 बी. पर टू लेन उपरिगामी सेतु का बाधा रहित निर्माण तत्काल प्रभाव से शुरू कराया जाय। सौंपे ज्ञापन में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र पालिटेक्निक चौरहा, पटेल चौक पर फ्लाई ओवर का निर्माण कराये जाने, नगर पालिका क्षेत्र में बंद पड़े वाटर एटीएम को शुरू कराये जाने, नगरपालिका बोर्ड द्वारा निर्धारित लाइसेंस मदों का दोबारा सर्वे स्थगित कर व्यापारियों का अनावश्यक उत्पीड़न बंद किये जाने, नारंग रोड रेलवे क्रासिंग से जिगिना चौराहा मार्ग पर स्थित घरसोहिया पुरानी बस्ती क्षेत्र में मरियम हास्पिटल से सेन्टजोसेफ स्कूल तक जाने वाली जर्जर सड़क का निर्माण कराये जाने आदि की मांग शामिल है।

ज्ञापन देने के बाद विकासशील उद्योग व्यापार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष आशीष स्वामी उर्फ कल्लू बाबा ने कहा कि बस्ती शुगर मिल के निकट समपार फाटक पर उपरिगामी सेतु का निर्माण जारी रहे इसके लिये निगरानी रखनी होगी क्योंकि कुछ ताकतें इसमें पुनः बाधा पहुंचा सकती है। कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धेश कुमार के मार्गदर्शन में एसोसिएशन व्यापारियों और जनहित के सवाल को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगा। 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से ईष्टदेव पाण्डेय, रियाज अहमद, चन्द्रपाल चौधरी, जानू गुप्ता, राजू चौहान, नरेन्द्र श्रीवास्तव, दीपू शर्मा, रवि पासवान, इरफान, विवेकानन्द शुक्ल, मोहित कुमार आदि शामिल रहे।

## सड़क किनारे खुले में काटा जा रहा मुर्गा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**बरसठी।** स्थानीय थाना क्षेत्र आलमगंज बाजार मुस्लिम बस्ती को जाने वाले सड़क किनारे खुले में चिकन शॉप की दुकान स्थित है। जहां सड़क किनारे ब ा ह र खुलेआम मुर्गा काट कर बेचा जाता है। जिससे रोड पर आने जाने वालों के लिए समस्या बना हुआ है, लोगो का कहना है कि दर्जनों की संख्या में एक साथ मुर्गा काट कर खुले में रखा जाता है जो लोग नहीं खाते पीते और कुछ लोग हार्ट के कमजोर है उन्हें यह देख कर काफी समस्या झेलनी पड़ती है। जबकि उसी रास्ते सभी को आना जाना रहता है। जो मिट मुर्गा काटने पर निकला हुआ अंश होता है सड़क पर ही इधर उधर फेंक दिया जाता है जिसे कौआ ले जाकर किसी के घरों पर तो किसी के घरों के सामने गिरा देते है। समस्या इस बात की है अभी जो मना करने जाते है उनसे मार पीट पर यह मनबढ़ चिकन शॉप के मालिक आमादा हो जाते है। ऐसे में सभी मिट मुर्गा की दुकानों को खुले में काटने पीटने के लिए प्रशासन को शक्त कार्यवाही करनी चाहिए। जिससे लोगों को परेशानी न हो।

# तकनीकि से हिंदी पत्रकारिता में हुए बहुत से बदलाव: प्रो. गोविन्द पाण्डेय

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर डिजिटल दौर में हिंदी पत्रकारिता विषय पर शुक्रवार को ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस परिचर्चा में मीडिया अध्ययन से जुड़े विशेषज्ञों ने हिंदी पत्रकारिता के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो.गोविन्द पाण्डेय ने कहा कि जब किसी क्षेत्र में तकनीकी का प्रवेश होता है तो वह बदलाव लाती है। तकनीकी के कारण हिंदी पत्रकारिता में भी बहुत से बदलाव हुए है। हिंदी पत्रकारिता ने समय- समय पर रूप बदला। समाचार पत्र के पाठक पढ़े-लिखे थे, टेलीविजन के आने के बाद बिना पढ़े- लिखे लोगों से भी हिंदी पत्रकारिता सीधे जुडी। हिंदी पत्रकारिता समाचार पत्रों, रेडियो से होती हुई टेलीविजन से जुड़ी और आज डिजिटल होकर खूब फल फूल रही है। आज डिजिटल दौर में हिंदी पत्रकारिता से जुड़े लोगों को नई तकनीकों को व्यवहार में लाना होगा। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता में तकनीकी के विकास पर विस्तार से चर्चा की। पूर्व पत्रकार, प्रख्यात लेखक इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. धनञ्जय चोपड़ा ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता भारतीय परंपरा को साथ लेकर चल रही है।

कृत्रिम बुद्धिमता के इस दौर में हिंदी पत्रकारिता ने सरोकार, संस्कृति और संस्कार को नहीं छोड़ा है । उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता वेब की दुनिया में मजबूती से खड़ी है। हिंदी के एप तेजी से डाउनलोड किये जा रहे है। उन्होंने भाषा के पहलू पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने शब्दों के प्रति ज्यादा अहंकार नहीं रखा। दूसरी भाषाओं के शब्दों को बड़े आदर के साथ समाहित किया। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के पत्रकारिता विभाग की सहायक आचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि समाचार पत्रों के साथ- साथ वेब और एप पर खबरों को पढने का दौर चल रहा है। इस समय हिंदी पत्रकारिता नए कलेवर में है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज मिश्र व संचालन एवं संयोजन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया।

आमंत्रित वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. अमित मिश्र, डॉ सुरेन्द्र यादव समेत देश के विभिन्न भागों से लोगों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाइक से गिरने पर युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कटार रोड स्थित मैदामिल के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के ताखा पश्चिम गांव निवासी 41 वर्षीय रमेश कुमार पुत्र बंशीलाल शुक्रवार की दोपहर में रिश्तेदारी से बाइक से घर वापस आ रहें थे।कि घर से एक किलोमीटर दूर कटार मार्ग स्थित एक मैदामिल के समीप बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर चोट लगने से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने रमेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोपित के खिलाफ केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह भी आरोप है कि किशोरी घर से पांच थान जेवर और 24 हजार नकदी भी अपने साथ लेकर गयी है। पीड़िता की माता के द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी किशोरी की माता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि शेरपुर पथरा गांव निवासी विशाल बिंद का उसके घर आना जाना था। गत 18 मई को वह किसी काम से घर से बाहर गयी थी। तभी घर पहुंच कर विशाल बिंद 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। वह अपने साथ गहने और नकदी भी ले गयी है।

### फ़राज़ अब्बास का आईआईएससी में शोध के लिए चयन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री विभाग के छात्र मो.फ़राज़ अब्बास का चयन प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (IISc) बेंगलुरु के सेंटर फॉर न्यूरोसाइंस में शोध के लिए हुआ है। वह वहां सी. एलिगेंस नामक निमेटोड कृमि में न्यूरोपेप्टाइड्स पर शोध कार्य आरंभ करेंगे। इससे पूर्व उन्हें IIT मद्रास (2025) एवं IIT खड़गपुर, रुड़की व जोधपुर (2024) में भी शोध के लिए अवसर मिला था, परंतु पसंदीदा विषय न्यूरोसाइंस न मिलने के कारण उन्होंने प्रवेश नहीं लिया। मो. फ़राज़ अब्बास ने विश्वविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री विभाग से एमएससी किया तथा 2024 में CSIR-JRF-NET एवं GATE परीक्षा भी उत्तीर्ण की। संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा और विभागाध्यक्ष डॉ.मनीष कुमार गुप्ता ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने शुभकामना देते हुए विद्यार्थियों को उद्योग व शोधोन्मुख बनाने की प्रतिबद्धता जताई। विभाग के सभी शिक्षकों फ़राज़ को बधाई दी।

### चाय की दुकान पर लाश मिलने से मची सनसनी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद जंक्शन रेलवे स्टेशन क्रासिंग के पास चाय की दुकान पर शुक्रवार को 55 वर्षीय एक अधेड़ की लाश मिंलने से सनसनी फैल गयी। खबर लगते ही भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। कुछ लोगों ने यूपी डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दिया। उधर जफराबाद थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतक पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जनपद के नुतननगर का निवासी शेर खान पुत्र मोसू खान है। उसके पास से मिले कागजात से उसके घर सूचना भेज दी गयी है। मृतक दिल्ली में मजदूरी करता था। वह किसी ट्रेन से अपने घर मुर्शिदाबाद जा रहा था। पुलिस ने आशंका जताया कि वह जफराबाद स्टेशन पर आकर उतर गया। सम्भवत उसकी तबियत खराब थी। परिजनों को सूचना दे दी गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना की वास्तविक जानकारी हो पाएगी।




## गोदभराई के कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत हिसामपुर गांव में मंगलवार की रात को बहन की गोदभराई के कार्यक्रम के दौरान एक युवक का फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की जानकारी होते ही जिले की सर्विलांस पुलिस टीम खोजबीन में लग गयी। घटना में दो लोगों को चिन्हित करते हुए शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के मुताबिक ऊक्त गांव निवासी शंभु प्रसाद की पुत्री नीलू की गोदभराई का कार्यक्रम था। लड़के वाले केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के सरकी गांव से आये थे। जब गोदभराई चल रही थी। उसी दौरान एक युवक रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग करने लगा। उसने ताबड़तोड़ कई फायर किया। इससे काफी देर के लिए वहां दहशत मच गई। गुरुवार की रात को पुलिस को वह हर्ष फायरिंग का सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मिल गया। पुलिस ने तत्काल स्वतः संज्ञान लेकर मामले की जांच पड़ताल में लग गई। तब जाकर घटना की जगह सामने आयी। पुलिस ने इस मामले में शंभु प्रसाद तथा उनके पुत्र मदन कुमार के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। जफराबाद के प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज राय ने बताया कि दोनो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनो का चालान न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस ने असलहे को भी जप्त कर लिया है।

# जौनपुर में अनियंत्रित प्राइवेट बस डिवाइडर पर चढ़ पलटी, यात्रियों से भरी बस में सवार तीन महिलाओं सहित पांच की मौत, करीब दर्जनभर घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



काली चरण, कंडक्टर



अज्ञात



संध्या शर्मा



सुशीला देवी



नेमा देवी

वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बक्शा थाना अंतर्गत शंभूगंज बाजार बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर शुक्रवार की सुबह पौने बजे रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। तेजगति से जा रही बस डिवाइडर पार कर दाहिने पटरी पर पहुँच पलट गई।भीषण दुर्घटना में मौके पर ही दो महिला दो पुरुषों की मौत हो गई जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दी। दुर्घटना में करीब दर्जनभर लोग लोग घायल हो गए जिसमें एक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूचना पर मातहत पुलिसकर्मियों के साथ पहुँचे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने घायलों को अस्पताल भिजवाते हुए क्रेन के माध्यम से बस को खड़ा कर किनारे करवाते हुए आवागमन को सुचारू रूप से चालू करवाया। दुर्घटना स्थल पर सैकड़ों लोगो की भारी भीड़ जुट गई है। रामनगर घनश्यामपुर लेदुका होते हुए कुमार बस सर्विस प्रतिदिन जौनपुर बदलापुर पड़ाव के लिए सवारी बैठाकर आती-जाती है। सुबह बस चालक कलीचाबाद निवासी 50 वर्षीय समरजीत पाल कंडक्टर चवरी लेदुका बदलापुर निवासी 40 वर्षीय कालीचरन यादव के साथ 52 सीट वाली बस में करीब 40 सवारियों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुई। बस जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुँची चालक बस से नियंत्रण खो बैठा जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए दाहिने पटरी पर पहुँच सड़क के बीच पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना किसी ने थानाध्यक्ष बक्शा को दिया तो फौरन पहुँची पुलिस बस में बुरी तरह फंसे लोगों को बाहर निकाल मृतक चार लोगों को मर्चरी भेज घायल दस लोगों को इलाज हेतु नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल भिजवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि भीषण दुर्घटना में कुल तीन महिलाओं सहित बस कुल पांच लोगों की मौत हुई है जिसमें मृतकों में 60 वर्षीय नेमी देवी पत्नी परदेशी गौड़ निवासी गोपीपुर थाना जफराबाद, 26 वर्षीय संध्या शर्मा पत्नी विजय शर्मा निवासी बक्शा, बस कंडक्टर 40 वर्षीय कालीचरन यादव निवासी चवरी लेदुका थाना बदलापुर एवं सुशीला यादव पत्नी लालजी 65 वर्षीय सलेखनपट्टी बदलापुर की मौत हो गई। जबकि एक मृतक की पहचान नही हो सकी है। जबकि नौपेड़वा सीएचसी पर प्राथमिक उपचार पश्चात बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजे गए घायलों में बस चालक कलीचाबाद लाइनबाजार निवासी 50 वर्षीय समरजीत पाल, मसनपुर थाना बदलापुर निवासी 40 वर्षीय पुष्पा देवी पत्नी दिनेश व 18 वर्षीय बेटा अंकित, मछलीगांव बदलापुर निवासी 30 वर्षीय उत्तम निषाद व देवीप्रसाद सिंह, करनपुर लेदुका बदलापुर निवासी इंद्रपाल, बेलावा बदलापुर निवासी ज्योति सिंह को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया जिसमें पुष्पा की स्थिति गंभीर बनी हुई है जबकि मई बक्शा निवासी सुनीता पत्नी अखिलेश एवं अधिवक्ता लालता यादव तथा देवापट्टी बदलापुर निवासी रतिराम यादव को प्राथमिक उपचार के बाद पहुँचे परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, उपजिलाधिकारी सदर व सीओ सदर परमानन्द कुशवाहा ने घटनास्थल व अस्पताल पहुँच इलाज रत अधीक्षक डॉ. जीके सिंह, डॉ. आलोक रघुवंशी, डॉ. मनीष सोनकर से घायलों की जानकारी ली।

## कालीचरन की मौत से पिता पर बरपा कहर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के चवरी लेदुका निवासी बस कंडक्टर कालीचरन यादव की मौत से पूरे परिवार में हाहाकार मच गया। तीन बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ दो वक्त की रोजी-रोटी के लिए अब कहां से चंद पैसे का जुगाड़ कौन करेगा। यह सब सोच कर पूरा गांव इस हादसे के बाद से खासा मर्माहत हो गया है।

दुर्घटना ग्रस्त बस पर पिछले कई वर्षों से कंडक्टर का कार्य कर परिवार की रोजी-रोटी चलाने वाले कालीचरन की मृत्यु से वृद्ध विंध्याचल यादव के परिवार पर गमों का पहाड़ टूट गया। घर की पूरी गृहस्थी और खेती-बाड़ी देखने के लिए एकमात्र वहीं मददगार थे जो दिन भर गाड़ी पर रहकर अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई और घर परिवार सब कुछ देखते थे। इतने बड़े हादसे से पत्नी कंचन देवी का सुहाग उजड़ गया। अबोध दो पुत्र एक पुत्री को सहारा देने वाला अब कोई नही है।

वृद्ध पिता विंध्याचल यादव का एकलौता पुत्र कालीचरन ही घर का एक मात्र सहारा था। पत्नी कंचन के दो पुत्र यश व अंशु तथा पुत्री शिक्षा के आगे का जीवन कैसे यह कटेगा यह सोच ग्रामीणों की आँखे नम हो गई। बीते तीन वर्ष पूर्व कालीचरन की मां भी दुनिया छोड़ चली गई।

संध्या ने सपने में भी नहीं सोचा, कि मौत का सफर बनेगी यह प्राइवेट बस पिता को देखने की हसरत रही अधूरी खुद चल बसी संध्या जिले के बक्शा थाना अंतर्गत हुई बस दुर्घटना में बक्शा गांव निवासिनी संध्या शर्मा की पिता को देखने की इच्छा आखिरकार अधूरी ही रह गई।

## बेमौसमी बरसात ने खोली सड़क की गुणवत्ता व भ्रष्टाचार की पोल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिले में गुरूवार को हुई बेमौसमी बारिश ने निर्माण खण्ड-दो लोक निर्माण विभाग जौनपुर द्वारा बनाई जा रही सिरकोनी-रसैना मार्ग सड़क की गुणवत्ता और उसमें हुए भ्रष्टाचार का पोल खोल कर रख दिया है। बता दें कि निर्माण खण्ड-दो पीडब्ल्यूडी विभाग जौनपुर के द्वारा क्षेत्र के कचगांव बाजार से होकर जाने वाले सिरकोनी-रसैना मार्ग पर लगभग एक सप्ताह के भीतर सड़क निर्माण का कार्य कराया गया था। बताया जाता है कि बीते गुरूवार को जैसे ही बरसात हुई वैसे ही पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनाई गई उक्त सड़क राजेपुर में धंस गया। बरसात ने सड़क की गुणवत्ता एवं उसमें हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दिया। इस प्रकार से एक सप्ताह में सड़क का धंस जाना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। सरकार जहां एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त की बात करती है वहीं दूसरी तरफ खुलेआम भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। आखिर इस प्रकार के कारनामों का जिम्मेदार कौन। कचगांव राजेपुर बाजार के नागरिकों ने जिलाधिकारी जौनपुर का ध्यान उक्त प्रकरण की तरफ आकृष्ट कराते हुए सिरकोनी-रसैना सड़क मार्ग की गुणवत्ता की जॉच कराये जाने की मांग की है।

# अंशू गुप्ता के आंतक के दम पर करीबी गुर्गे ने अपने व अपने परिवारीजनों ने नाम बनाई अकूत बेनामी संपत्ति


देवेंद्र अवस्थी


हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

हिस्ट्रीशिटर व भूमाफिया अमित गुप्ता उर्फ़ अंशु जनपद समेत कई जनपदो मे करीब एक हजार करोड़ की बेशकीमती जमीनो का मालिक बनकर जुल्म ढाता रहा। शासन सत्ता से पोषित हिस्ट्रीशिटर व भूमाफिया अमित गुप्ता उर्फ़ अंशु गुप्ता एक के बाद एक जुर्म करता गया। इतना ही नहीं एक अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक को भी अपने प्रभाव में लेकर कई भागवत और राम कथा के आयोजन करवाए। आयोजित कथाओं में करोड़ों की वसूली की। उसके सिंडीकेट में शासन व्यवस्था में लगे अफसरों से लेकर राजनेता और तथाकथित पत्रकार भी शामिल रहे।

### ईडी कार्यवाही रुकवाने की जोर आजमाइश शुरू...

जिले के पुलिस अधीक्षक में अंशु गुप्ता के खिलाफ ईडी और आईटी की जांच के लिए शासन प्रशासन को पत्र लिखा था। आज धीरे-धीरे एक माह का समय गुजर गया अभी तक ईडी और आईटी ने कोई जांच नहीं शुरू की। अगर सूत्रों की बातों पर भरोसा किया जाए तो अंशु गुप्ता की राजनीतिक पकड़ भी बहुत मजबूत है। अंशु गुप्ता अगर ईडी और आईटी की चपेट में आएगा तो राजनीतिक लोग भी चपेट में आएंगे। अपने को बचाने के लिए लोग एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। किसी की भी कीमत पर ईडी और आईटी जांच रुकवाने के प्रयास चल रहे हैं।

### खबर प्रकाशित करने वाले कलमकार निशाने पर...

अंशू काना के जेल जाने के बाद अंशु द्वारा बनाई गई आईटी सेल की खीज भी सामने आ रही है। यह मनबड़े लोग किसी के साथ भी गाली गलौज और मारपीट करने पर आमादा है। सूत्रों की बात माने तो खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकारों को जान माल के खतरे के साथ उनके सम्मान की धज्जियां उड़ाने का फरमान अंशु काना ने जेल से जारी किया।

वैसे तो अंशु का अपराधिक इतिहास काफी पुराना है किंतु वह कभी शिकंजे में नही फंसा। इतना घमंडी अपराधी था कि लोगों को धमकी देता था की तुमको अब सिर्फ मुख्यमंत्री या फिर हम अंशु गुप्ता ही बचा सकते हैं। कहावत है की जब पाप का घड़ा भर जाता है तो सारे इलम और बुद्धि ठीक से काम नहीं करती। अनाप शनाप पैसा आने के बाद अंशु को भी विदेश घूमने का शौक चढ़ा। तमाम मुकदमों के चलते पासपोर्ट बनना आसान नहीं था, इसलिए उसने फर्जी पासपोर्ट का बनवाने का सहारा लिया। विदेश घूमने का शौक अंशु के गले की फांस बन गया। राजा महाराजाओं की तरह शासन के साथ ऐशो आराम की जिंदगी जी रहे अंशु गुप्ता पिछले लगभग एक माह से जेल में है।

**शातिर दिमाग अंशू गुप्ता** उर्फ अमित गुप्ता के आंतक के बल पर इसके गुर्गों ने बनाई अकूत बेनामी संपत्ति शातिर ने अपने गुर्गों को बांट रखें थे अलग-अलग क्षेत्र जिसका क्षेत्र उस क्षेत्र में उस गुर्गे का राज चलता था गुर्गे भी जानते थे की हमारे ऊपर ऐसे व्यक्ति का हाथ है जिसका कोई कुछ बिगड़ा नहीं सकता है गुर्गों द्वारा क्षेत्र के कुछ अपरधिक इतिहास वाले बदमाशों को जोड़ कर करते थे जमीनों पर कब्जे कब्जा कर मांगते थे वसूली गुर्गे जान चूकें थे हमारे आका का कोई कुछ नहीं बिगड़ा सकता क्योंकि अंशू गुप्ता जब किसी धमकाता था तो वो बोलता था के हम से कोई तुम्हें बचा सकता है तो केवल मुख्यमंत्री ही बचा सकते हैं जिसका आडियो शोशल मिडिया पर वायरल हुआ था जन एक्सप्रेस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।
अंशू गुप्ता के आंतक के दम पर इसके गुर्गे देवेन्द्र अवस्थी ने अपने व अपने परिवार जनों के नाम बनाई अकूत बेनामी संपत्ति और क्षेत्र में भौकाल बनाने के लिये कुछ दिन पूर्व अपने छोटे भाई के विवाह में सत्ता पक्ष के मंत्री और विधायकों को आमंत्रित कर जम कर उनका प्रचार-प्रसार कराया भौकाल बनाने के लिये पानी की तरह पैसा खर्च किया और उसके कुछ दिन बाद स्वयं अपनी शादी लखनऊ के एक बड़े होटल में की, जहां कम से कम पचासों लाख रुपए खर्च किए। देवेन्द्र अवस्थी ने उन्नाव जनपद के साथ अन्य जनपद के साथ अन्य प्रदेशों में अपने परिवारीजनों के नाम बना रखी करोड़ों की बेनामी संपत्ति और लग्जरी गाड़ियों का काफिला एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाले साधारण परिवार से आने वाले के पास कहा से आई इतनी सम्पत्ति कुछ दिन पूर्व इसका एक रिश्तेदार माल रोड पेट्रोल पंप पर कार्य करता था परिजनों और रिश्तेदारों के नाम बनाई है अकूत बेनामी संपत्ति जांच होने पर आय से अधिक मामले में भी फंस सकता है।

# डंफर चालक ने बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार की मौके पर ही हुई मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उन्नाव के थाना फतेहपुर चौरासी, पुलिस चौकी तकिया चौराहा के अंतर्गत लखनऊ, बांगरमऊ राजधानी मार्ग पर निकट शारदा नहर चौधरी खेड़ा पुल, बाइक नंबर, यूपी35बीपी, 5318 चालक गुड्डू पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम डम्मर खेड़ा मजरा निगोही आयु लगभग 22, वर्ष तकिया चौराहा से मियांगंज की ओर किसी रिश्तेदार से मिलने जा रहा था उधर तकिया चौराहा की ओर डंफर नंबर आरजे19 जीएच 8113, का ड्राइवर अनियंत्रित गाड़ी चलाता हुआ आ रहा था, डंफर ने बाइक चालक को मारी भयंकर टक्कर जिससे घटना स्थल पर ही हो गई दर्दनाक मौत, दुर्घटना की सूचना जैसे ही पुलिस चौकी तकिया चौराहा को मिली चौकी प्रभारी अरुण उपाध्याय अपने हमराहियों के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर शव विच्छेदन गृह उन्नाव भेजवाया, डंफर व बाइक दोनों चौकी में जमा करवाया, यातायात को अवरोध नहीं होने दिया। मृतक गुड्डू का परिवार,, पिता मृतक हैं, एक भाई है जो दिमाग से पागल है जो इधर, उधर रहता है, माता जीवित हैं, माता का नाम मूलवती 63 वर्ष, मृतक गुड्डू मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था, परिवार में वृद्ध माता का जो सहारा था वो भी छिन गया डंफर चालक नियम, कानून को ताक पर रखकर चलाते हैं गाड़ी, उक्त डंफर में बैक साइड की नंबर प्लेट तक नहीं है, कोई अधिकारी उनकी खबर लेने को तैयार नहीं, चाहे पचासों की चली जाए जान डंफर, व छतिग्रस्त बाइक दोनों तकिया चौकी में जमा हैं।

# नगर पालिका परिसर में कार्यालय का वीडियो हुआ वायरल, निष्पक्ष जांच की मांग

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



गंगाघाट उन्नाव नगर पालिका परिषद गंगाघाट में शुक्रवार को सुबह जलकल विभाग के कर्मचारी द्वारा ऑफिस पहुंचकर देखा गया कि कार्यालय के अंदर कई शराब व बियर की बोतले मेज पर रखी हुई है इसके बाद जल कल प्रभारी पंकज से जानकारी करने के बाद यह बात पता चली की नगर पालिका द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर के जयंती का कार्यक्रम सामने राजधानी मार्ग स्थित गुड्डन टावर में था जिसके संचालन का कार्यभार जल कल प्रभारी पंकज के पास था जिसके चलते जलकल प्रभारी व जलकल विभाग के कर्मचारी प्रोग्राम के आयोजन में व्यस्त थे कार्यक्रम के दौरान बाहरी व्यक्तियों द्वारा आफ़ीस में बैठकर ऐसा कार्य किया गया जिसको लेकर प्रभारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद में जलकल विभाग के बाहर बिल्डिंग में लगे हुए कैमरे की सीसीटीवी फुटेज निकालकर जांच की जाए और जिनके द्वारा नगर पालिका परिषद में यह कार्य किया गया है उन पर कार्यवाही की जाए इस कार्य की सूचना जलकल प्रभारी ने अपने उच्च अधिकारियों को भी दी। नगर पालिका परिषद में मादक पदार्थों के सेवन को लेकर पहले भी सोशल मीडिया पर कई वीडियो और खबरें प्रसारित हो चुकी है मगर नगर पालिका परिषद गंगाघाट के अधिशाषी अधिकारी का शक्ति से पेश न आना इन सब कृतो का अंजाम है जिससे कि आसपास के लोग नगर पालिका पर दबाव बनाकर ऐसे कार्यों को अंजाम देते है इस बात को लेकर जलकल प्रभारी पंकज ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग करी।

## अजय वाल्मीकि हत्याकांड के पांच आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली के प्रेमनगर थाने से चंद कदम की दूरी पर हिस्ट्रीशीटर अजय वाल्मीकि की गोली मारकर हत्या करने वाले शूटर समेत पांच आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इन सभी के खिलाफ बारादरी थाने में इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय की ओर से गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हत्या और सट्टेबाजी में लिप्त इस गिरोह को डी-233 नंबर दिया गया है। 15 जुलाई 2023 को अजय वाल्मीकि की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अजय के पिता दयाराम ने राहुल, विनय राजपूत, नितिन राजपूत और सट्टा माफिया जगमोहन तन्नू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हत्याकांड के आरोपी तन्नू पर उस समय 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया। उसे मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया।

# भाई की बुरी नीयत से बचने के लिए बहन ने बदला धर्म



जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में एक युवती ने धर्म परिवर्तन कर अपने प्रेमी से विवाह कर लिया। उसका कहना है कि फुफेरा भाई निकाह करने का दबाव बना रहा था। उससे परेशान होकर वह घर छोड़कर प्रेमी के पास चली आई। उसने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर शादी की है।
फुफेरा भाई अपने से निकाह करने का दबाव बना रहा था, जिससे परेशान होकर उत्तराखंड के काशीपुर निवासी महक ने धर्म परिवर्तन कर बरेली के युवक ऋषि राय से विवाह कर लिया। आचार्य केके शंखधार ने हिंदू रीति-रिवाज से महक और ऋषि का विवाह कराया।
काशीपुर निवासी महक ने बताया कि उसकी मुलाकात तीन साल पहले बरेली के बाकरगंज में ऋषि से हुई थी। वह उन दिनों अपने माता-पिता के साथ यहीं रहती थीं। पड़ोसी मोहल्ला कुंवरपुर तलैया निवासी ऋषि राय से महक की मुलाकात के बाद बातचीत बढ़ी और प्रेम हो गया।

### फुफेरा भाई रखता था गलत नजर

महक ने आचार्य केके शंखधार को बताया कि उनका फुफेरा भाई उस पर गलत नजर रखता था। उसने दबाव बनाया कि महक से उसका निकाह हो जाए लेकिन महक को यह पसंद नहीं था। घरवाले उसकी बात सुनने को तैयार नहीं थे। तब महक ने ऋषि को पूरी बात बताई और फिर उसके साथ जाने को घर छोड़ दिया।
दोनों बरेली आए और अगस्त्य मुनि आश्रम में आचार्य केके शंखधार से मिले। आचार्य ने दोनों की उम्र आदि का प्रमाण देखने के बाद पहले महक का शुद्धिकरण कराया, फिर दोनों ने सात फेरे ले लिए और हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। दोनों के विवाद के वीडियो भी सामने आए हैं।

### हिजाब और हलाला पसंद नहीं

महक ने बताया कि मुस्लिम धर्म में हिजाब, बहुविवाह और हलाला जैसे नियम हैं जो उसे पसंद नहीं हैं। इसलिए उसकी आस्था हिंदू धर्म में हो गई। महक का कहना है कि उसने स्वेच्छा से हिंदू धर्म अपनाया है क्योंकि उसे यहां सम्मान और सुरक्षा की भावना मिली।
महक ने बताया कि वह ऋषि से बहुत प्यार करती है और उसके साथ सुरक्षित महसूस करती है। उसने कहा कि ऋषि और वह एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। अगर किसी ने उन्हें अलग करने की कोशिश की तो वह दोनों जान दे देंगे।

पिता की मौत के बाद मां ने दूसरी शादी की तो सौतेला पिता महक पर गलत नजर रखने लगा। उसके बाद महक उत्तराखंड के काशीपुर में अपनी ननिहाल में चली गई। महक और ऋषि एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे लेकिन दोनों के परिवारवाले इसके लिए तैयार नहीं थे।

# बरेली में 10वीं पास चला रहा था फर्जी आधारकार्ड बनाने का रैकेट

जन एक्सप्रेस। बरेली




बरेली में पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। भोजीपुरा में दो युवक पिछले एक साल से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मूल निवास प्रमाणपत्र, जाति-आय प्रमाणपत्र और मार्कशीट बना रहे थे। पुलिस ने शुक्रवार को अजहरी जनसेवा केंद्र एवं आधार कार्ड केंद्र पर छापा मारा तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। मौके से बड़ी संख्या में दस्तावेज बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।
भोजीपुरा थाना क्षेत्र के पचदौरा दोहरिया में मोहम्मद फहीम उर्फ गुड्डू और जियाउल मुस्तफा अजहरी जनसेवा केंद्र एवं आधार कार्ड केंद्र चला रहे थे। पुलिस को सूचना मिली कि इस जनसेवा केंद्र पर फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। इस पर थाना पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

बरामद हुआ ये सामान

पुलिस को मौके से एक लैपटॉप, एक पीवीसी कार्ड मशीन, एक मॉनिटर, एक सीपीयू, दो प्रिंटर स्कैनर, एक कैमरा, एक वेब कैमरा, कैमरा स्टैंड, एक बड़ी फिंगरप्रिंट मशीन, दो छोटे थंब स्कैनर, दो कैमरा सीपी, तीन मोबाइल फोन, 20 जाली जन्म प्रमाणपत्र, 15 फर्जी निवास प्रमाणपत्र, पांच फर्जी आय प्रमाणपत्र, 15 फर्जी स्टांप पेपर, एक बिहार बोर्ड कक्षा 10 की जाली मार्कशीट, यूपी बोर्ड की कक्षा 10 की जाली मार्कशीट, 20 जाली आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, 44 ब्लैक प्लास्टिक आधार कार्ड, एक जाली वोटर आईडी आदि दस्तावेज बरामद हुए हैं।

पहले बैंक में आधार बनाने का काम करता था आरोपी

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि मोहम्मद फहीम 2012 से 2019 तक और 2023 से 2024 तक बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में आधार कार्ड बनाने का काम करता था। जहां इसे 10,500 रुपए सैलरी मिलती थी। इसके बाद एक नये आधार कार्ड पर 18 रुपये और अपडेट पर 13 रुपये कमीशन मिलने लगा। लेकिन यह लोग आधार कार्ड बनाने के सौ रुपये मांगने लगे थे, जिसकी किसी ने यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) में शिकायत कर दी, जिस पर उसे हटा दिया गया था।

जनसेवा केंद्र की आड़ में करने लगे फर्जीवाड़ा


नौकरी जाने के बाद फहीम ने जनसेवा केंद्र खोल लिया। जहां उसने जियाउल मुस्तफा को भी साथ रख लिया। फिर दोनों मिलकर जाली दस्तावेज बनाने का काम करने लगे। इससे ये लोग हर महीने लाखों रुपये कमाते थे। जियाउल मुस्तफा ने इंटर के बाद नीट की तैयारी की थी। पिछले छह महीने से वह जनसेवा केंद्र चला रहा था, जबकि मोहम्मद फहीम हाईस्कूल पास है।

## युवक की गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी 25 वर्षीय संकित चौहान का शव शुक्रवार सुबह कैंट थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायतघर के सामने पड़ा मिला। रोहित नाम के युवक की सूचना पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक के पास पड़े मोबाइल फोन पर कॉल आ रही थी। पुलिस ने कॉल रिसीव की तो दूसरी तरफ से अशोक नगर निवासी अंकित चौहान बात कर रहे थे। तब पता चला कि मौके पर पड़ा शव अंकित के भाई संकित चौहान का है।
अंकित ने बताया कि उनका भाई नशे का आदी था और मेडिसिटी अस्पताल के सामने पराग डेयरी की दुकान पर काम करता था। रात 11 बजे तक वह दुकान पर मौजूद था। इसके बाद से उसका पता नहीं चला और उसके मोबाइल पर कॉल रिसीव नहीं हो रही थी।
इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के सीने पर बाईं तरफ गोली लगने जैसा निशान है और खून निकल रहा है। लग रहा है कि गोली मारकर उसकी हत्या की गई है। अभी परिवार वालों ने कोई तहरीर नहीं दी है। हत्या की वजह और हत्यारों का पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# नौकरी पाने के बाद बहू ने सास से किया वादा तोड़ा



जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में अपने ही विभाग के अफसर से लिपिक ने विवाह रचा लिया, लेकिन अपनी पूर्व सास से किया वादा नहीं निभाया। सास ने नगर आयुक्त से शिकायत की तो मामला सुर्खियों में आ गया। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को मामले की जांच सौंपी है। विवाह करने वाले अधिकारी पूर्व में इसी नगर निगम में तैनात रहे।
सास की ओर से की गई शिकायत के मुताबिक, नगर निगम में सेवारत रहे उनके पति की 21 मई 2015 को मौत हो गई थी। उनके स्थान पर मृतक आश्रित कोटे से बेटे को नौकरी मिली थी। बेटे के बीमार होने पर उन्होंने 12 लाख रुपये लोन लिया, पर उसे बचा नहीं पाईं। वर्ष 2018 में उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद पुत्रवधू को नौकरी मिली।
शिकायत के मुताबिक, पुत्रवधू ने नौकरी हासिल करते वक्त अपर नगर आयुक्त के यहां शपथपत्र दाखिल कर कहा था कि वह अपने सेवाकाल अथवा जीवित रहने तक अपनी सास की देखभाल करती रहेगी और लोन अपने वेतन से अदा करेगी, लेकिन अब किस्त नहीं दे रही है। उसने दूसरी शादी कर ली है। यह आचरण कर्मचारी सेवा नियमावली का उल्लंघन है।
शपथपत्र की प्रति के साथ शिकायत की गई है। इसमें विवाह की तस्वीरें भी लगाई गई हैं।

# फाइनेंस कंपनी पर करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप, बरेली में फूट-फूटकर रोई महिला

जन एक्सप्रेस। बरेली

बदायूं में करीब 30 साल से लोगों का करोड़ों रुपये जमा करने के बाद अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी भुगतान नहीं कर रही है। शुक्रवार को कंपनी भागने की सूचना पर सैकड़ों ग्राहक दफ्तर पर पहुंच गए। भुगतान के लिए हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटा तक हंगामा होता रहा। उधर, बरेली के कटरा चांद खां मोहल्ले में कंपनी मालिक के घर का घेराव किया गया। यहां महिलाओं ने कंपनी मालिक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर हंगामा किया। इस दौरान कई महिलाओं ने रोते हुए अपनी व्यथा बताई। आरोप लगाया कि उनकी गाढ़ी कमाई सब्जबाग दिखाकर ले ली गई। अब वह लोग भटक रहे हैं। आराधना साहू ने बताया कि उनके छोटे भाई ने 25 लाख रुपये जमा किए। उसने घर तक बेच डाला। उसकी मौत हो चुकी है। हम कहां से लाएंगे अपना भाई। वह अवसाद में चला गया था, जिससे उसकी मौत हुई थी।
अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी में हजारों लोगों को करोड़ों रुपया जमा है। भुगतान की समय सीमा निकल जाने के बाद से ग्राहक लगातार अपने भुगतान को लेकर परेशान हो रहे हैं। करीब छह महीने पहले भी ग्राहकों ने जमकर हंगामा किया था। लेकिन शुक्रवार को फिर से शहर में यह सूचना फैली कि अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी भाग गई है। दफ्तर से सारा सामाना ले जाया जा रहा है। इसके बाद तो लोगों का तांता लगना शुरू हो गया। देखते ही देखते सैकड़ों की तादात में ग्राहक मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने लोगों को समझाया। कंपनी के मालिक से बात कर ग्राहकों को रुपयों का भुगतान कराए जाने का आश्वासन दिया गया।
अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी का दफ्तर सदर कोतवाली क्षेत्र के मीरा सराय शेखूपुर रोड पर है। करीब 30 साल से एजेंटों के माध्यम से आईडी और एफडी के नाम पर रुपये जमा कराती आ रही है। यहां करीब 20 हजार से अधिक ग्राहक ऐसे हैं जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई जोड़कर जमा कर दी। उम्मीद थी कि पांच साल में रुपया दोगुना हो जाएगा। करीब 15 हजार ग्राहक ऐसे हैं, जिनका करीब एक अरब रुपये कंपनी को भुगतान करना है। यह वह ग्राहक हैं जिनका एक साल पहले ही भुगतान हो जाना चाहिए था लेकिन कंपनी एक साल से ग्राहकों को आज कल करके टालती आ रही है।

### कंपनी के अंदर से सभी सामान गायब

कंपनी दफ्तर के अंदर एसी, पंखा, काउंटर, कम्प्यूटर, अलमारी आदि करोड़ों रुपये का फर्नीचर लगा हुआ था। रातोंरात कंपनी के मालिक ने दफ्तर को खाली करा लिया है। शुक्रवार को ग्राहकों को इसकी भनक लगी तो मौके पर पहुंचकर हंगामा किया है। ग्राहकों का कहना है कि उनका भुगतान कराया जाए।
सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि कंपनी का कौन मालिक है इसकी जानकारी की जा रही है। तीन एजेंट मौके पर मिले हैं पूछताछ के लिए पुलिस उनको थाने लाई है।
जानकारी की जा रही है। मालिक को बुलाकर ग्राहकों की समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## बरेली में भाजपा नेता चला रहा था जाली प्रमाणपत्र बनाने का रैकेट

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में एसओजी, पुलिस और मिलिट्री इंटेलीजेंस की संयुक्त टीम ने बुधवार को सीबीगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर स्थित भाजपा नेता मुकेश देवल के जनसेवा केंद्र पर छापा मारा। वहां से 27 जाली आधार कार्ड, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र, एक पैनकार्ड, एक मतदाता पहचानपत्र, अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों की छह मोहरें, दो लैपटॉप, दो प्रिंटर, दो माउस, वेब कैमरा और थंब स्कैनर आदि बरामद हुए। भाजपा नेता और उसका भाई मौके से भाग गए। इंस्पेक्टर सुरेश गौतम ने बताया कि भाजपा का मंडल महामंत्री मुकेश देवल और उसका भाई दीपक देवल अपने घर के अलग-अलग कमरों में जनसेवा केंद्र चलाते थे। लंबे समय से वहां जाली प्रमाणपत्र बनाने का धंधा चल रहा था। दोनों भाइयों ने बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक सीबीगंज शाखा समेत अन्य स्थानों पर भी आधार कार्ड बनाने का काम ले रखा है।

# किशोरी से दुष्कर्म कर धर्मांतरण का बनाया दबाव, आपत्तिजनक वीडियो किया वायरल

जन एक्सप्रेस। बरेली



बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित ननिहाल आई पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र की किशोरी से दूसरे समुदाय के युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी युवक ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया, जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपी शानू अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है।
पीड़ित किशोरी के पिता का कहना है कि उसकी सास बीमार थीं। दो माह पहले बेटी उनकी देखभाल के लिए आई थी। इसी दौरान शानू ने उससे दुष्कर्म किया और कई आपत्तिजनक वीडियो बना लिए। इन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह बेटी का यौन शोषण करता रहा। वीडियो वायरल होने के बाद से बेटी अवसाद में है।
इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन अधिनियम, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में आरोपी शानू अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।
किशोरी के पिता का आरोप है कि शानू अंसारी उनकी बेटी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाता था। बेटी ने उनको यह भी बताया कि शानू ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।
जब घर में कोई नहीं होता था तो शानू घर में घुस आता था। उससे दुष्कर्म करता था।

# बिहार से आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का वादा किया था, उसे पूरा करके ही आया- PM मोदी




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रोहतास**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार यह एलान किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को भी सीधा टारगेट किया गया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे। हमारी सेना ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पाकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए।

बिहार के रोहतास जिले के विक्रमगंज में पीएम मोदी की सभा थी। जिला मुख्यालय सासाराम है। सासाराम का नाम लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसके तो नाम में ही राम है। राम राज्य में यह रीति थी- प्राण जाए पर वचन न जाए। राम की रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। उन्होंने आगे इस बात को और साफ करते हुए कहा- पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था। वचन दिया था।

बिहार की धरती पर आंख में आंख मिलाकर कहा था कि आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। आज जब बिहार आया हूं तो अपना वचन पूरा करने के बाद आया हूं।

### बीएसएफ पर गर्व, शहीद इम्तियाज को श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्र से लेकर भावनाओं तक को छूने वाली बात कही। उन्होंने कहा कि यह वीर कुंवर सिंह की धरती है। यहां के नौजवान सेना-बीएसएफ में अपनी जवानी खपा देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारी सेना के साथ ही सीमा सुरक्षा बल, यानी बीएसएफ का भी अदम्य पराक्रम और साहस देखा है। बीएसएफ देश की सीमा पर सुरक्षा की अभेद्य चट्टान हैं। मां भारती की रक्षा बीएसएफ के जवानों के लिए सर्वोपरि है। 10 मई को देश की सीमा की रक्षा करते हुए इम्तियाज शहीद हो गए थे। मैं उन्हें आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं। आज बिहार की धरती से फिर दोहराना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर में लड़ाई देश के दुश्मनों से है, चाहे वह सीमा पार हों या भीतर हों- उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### माओवादी हिंसा पर

2014 से पहले देश के 125 जिले नक्सल प्रभावित थे, अब सिर्फ 18 जिले नक्सल प्रभावित बचे हैं। अब सरकार सड़क-रोजगार दे रही है। वो दिन दूर नहीं जब माओवादी हिंसा का पूरी तरह से खात्मा हो जाएगा। पहले सरकारी योजना नागरिकों तक पहुंचती ही नहीं थी। नक्सल प्रभावित गांव में न अस्पताल होता था, न मोबाइल टावर। नीतीश जी ने इन परिस्थितियों में काम किया। हमने माओवादियों के खिलाफ काम किया। हम युवाओं को मुख्य धारा में लाने का भी काम किया।

### बिहार की धरती से किए वादे पर

पहलगाम में आतंकी हमले में हमारे कितने निर्दोष नागरिक मारे गए। इस आतंकी हमले के एक दिन बाद मैं बिहार आया था और मैंने बिहार की धरती से देश से वादा किया था, वचन दिया था। आतंकियों को कड़ी सजा मिलेगी। वह वचन पूरा किया। उनके ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर

ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारी क्ष्स्त्र का अभूतपूर्व और अदम्य साहस देखा। मां भारती की रक्षा हमारे BSF के जवानों के लिए सर्वोपरि है। मातृभूमि का कर्तव्य निभाते हुए 7 मई को क्ष्स्त्र के सब इंस्पेक्टर इम्तियाज शहीद हो गए। बिहार के शहीद बेटे को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

### CM नीतीश की तारीफ की

बिहार में जंगलराज वाली सरकार की विदाई हुई तो नीतीश जी के नेतृत्व में विकास होने लगा। पहले न हाईवे-न अस्पताल और न कोई विकास। पहले सिर्फ पटना एयरपोर्ट था, लेकिन अब दरभंगा एयरपोर्ट भी बन गया है। पटना एयरपोर्ट का नया टर्मिनल का उद्घाटन किया। बिहटा एयरपोर्ट पर भी 1400 करोड़ का निवेश हो रहा है।

### लालू परिवार पर

आज बिहार में वर्ल्ड क्लास ट्रेनें चल रही हैं। हम रेलवे का आधुनिकीकरण भी कर रहे हैं। ये काम पहले भी हो सकते थे, लेकिन जिन पर ये जिम्मेदारी थी। उन्होंने नौकरी के नाम पर गरीबों की जमीन लूटने का काम किया। सामाजिक न्याय के उनके यही तरीके थे। गरीबों को लूटना और खुद राजशाही की मौज करना। जंगलराज वालों के तौर-तरीके से आप लोगों को आगे भी सावधान रहने की जरूरत है।

### RJD और कांग्रेस वाले झूठ बोल रहे

जिन लोगों ने बिहार को सबसे ज्यादा ठगा, जिनके दौर में वंचित लोगों को बिहार छोड़कर जाना पड़ा, आज वही लोग सामाजिक न्याय का झूठ बोल रहे हैं। दशकों तक आदिवासी, गरीबों के पास शौचालय नहीं था। करोड़ों लोगों के सिर पर छत तक नहीं थी। क्या कांग्रेस-आरजेडी का यही सामाजिक न्याय था। जबकि इससे ज्यादा अन्याय नहीं हो सकता है।

# एनडीए से लड़कियों का पहला बैच पास

**148वीं पासिंग आउट परेड में 17 लड़कियां, हरसिमरन के पिता हवलदार, इशिता परिवार की पहली मिलिट्रीपर्सन**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

एनडीए से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास हुआ। इतिहास में ये पहली बार है जब 17 महिला कैडेट्स 300 से ज्यादा पुरुषों के साथ एनडीए से ग्रेजुएट हुई हैं। ये सभी इंडियन आर्मी, नेवी और एयर फोर्स जॉइन करेंगी। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को एनडीए में शामिल होने के लिए अनुमति दी थी। दरअसल, बीते 75 सालों से महिलाओं को टेरिटोरियल आर्मी में ऑफिसर पदों पर भर्ती का प्रावधान नहीं था। इसके खिलाफ कुश कालरा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां 18 अगस्त 2021 को कोर्ट ने पहली बार लड़कियों के लिए एनडीए में शामिल होने के दरवाजे खोल दिए। इस फैसले के बाद, 2022 में पहली बार 17 महिला कैंडिडेट्स का बैच एनडीए में शामिल हुआ, जो आज ग्रेजुएट हुए हैं।



### नॉन-मिलिट्री बैकग्राउंड हैं इशिता

इशिता सांगवान नॉन-मिलिट्री बैकग्राउंड से आती हैं। उनके माता-पिता कॉर्पोरेट सेक्टर में जॉब करते हैं और बड़े भाई आईटी प्रोफेशल हैं। 2022 में इशिता इकोनॉमिक्स से ग्रेजुएशन कर रही थीं, जब एनडीए में लड़कियों को एडमिशन की परमिशन मिली। इशिता ने अप्लाई किया और सिलेक्शन हो गया।

### महिला कैडेट्स में हवलदार की बेटी भी, नेवी अफसर बनेंगी

एनडीए से पास होने वाली हरियाणा की हरसिमरन कौर अब इंडियन नेवल एकेडमी जाएंगी। कौर ने बताया, 'एनडीए जॉइन करने के पीछे मेरा यही उद्देश्य था कि मैं मिलिट्री में जल्दी करियर शुरू कर पाऊं। मेरे पिता आर्मी से हवलदार के पद से रिटायर हुए हैं। मेरे दादा भी आर्मी में ही थे। यही वजह है कि आर्म्ड फोर्सेज से मैं गहरा जुड़ाव महसूस करती हूं।'

### नारी शक्ति को सलाम: जनरल वीके सिंह

पासिंग आउट परेड पुणे के खडकवासला स्थित एनडीए परिसर में हुई। रिटायर्ड सेना प्रमुख जनरल वी के सिंह ने परेड की सलामी ली। उन्होंने कैडेट्स को प्रेसिडेंट्स अवॉर्ड दिए। जनरल सिंह ने कहा कि इतिहास में पहली बार इस ग्राउंड से लड़कियों का बैच भी पास हो रहा है। ये नारी शक्ति को सलाम है। उन्होंने कहा कि ये लड़कियों के लिए ट्रेनिंग का अंत नहीं है।

### श्रीती के पिता विंग कमांडर रह चुके

एनडीए पास करने वाली पहली महिला कैडेट्स में श्रीती दक्ष भी शामिल हैं। श्रीती के पिता एयरफोर्स में विंग कमांडर रह चुके हैं। श्रीती कहती हैं कि जैसा उन्होंने सोचा था, NDA का एक्सपीरियंस उससे भी बेहतर है। एकेडमी में आकर उन्हें समझ आया कि मिलिट्री ट्रेनिंग का असली एक्सपीरियंस कैसा होता है। परेड से पहले श्रीती ने कहा था- कुछ ही देर है, जब वो पल महसूस कर पाऊंगी जो मेरे पिता ने भी एक समय पर महसूस किया होगा।

### हवलदार की बेटी हरसिमरन बनेगी नेवी में अधिकारी

हरियाणा की हरसिमरन कौर मेन्स की तैयारी कर रही थीं। उसी दौरान इनके एक दोस्त ने बताया कि एनडीए में अब फीमेल्स भी अप्लाई कर सकती हैं। तभी इन्होंने इंडियन आर्मी में शामिल होने का मन बना लिया। कौर ने बताया, 'एनडीए जॉइन करने के पीछे मेरा यही उद्देश्य था कि मैं मिलिट्री में जल्दी करियर शुरू कर पाऊं। मेरे पिता आर्मी से हवलदार के पद से रिटायर हुए हैं। मेरे दादा भी आर्मी में ही थे। यही वजह है कि आर्म्ड फोर्सेज से मैं गहरा जुड़ाव महसूस करती हूं।

# पुंछ पीड़ितों से मिले अमित शाह, मृतकों के परिवारों को दी सरकारी नौकरी की सौगात




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**

गृह मंत्री अमित शाह ने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं। अमित शाह ने कहा कि तीन दिन की आफत में प्रशासन जनता के साथ खड़ा हुआ था और एक प्रशासनिक अधिकारी को भी अपना बलिदान देना पड़ा। इससे पहले कल गृहमंत्री ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकवाद के सफाए, घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राजभवन जम्मू में उच्च स्तरीय बैठक की थी। गृहमंत्री ने कहा है कि सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति है।

भारत अपने लोगों की सुरक्षा और संप्रभुता को बचाने के लिए दुश्मन को घर में घुसकर मारने में विश्वास रखता है। गृहमंत्री बृहस्पतिवार को शाम साढ़े सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू पहुंचे। रात करीब साढ़े आठ बजे गृहमंत्री की अध्यक्षता में राजभवन जम्मू उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक शुरू हुई। इसमें अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकरोधी अभियान, भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई।

### भयमुक्त हो अमरनाथ यात्रा

बैठक में अमरनाथ यात्रा भयमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार किए गए प्लान पर विस्तृत चर्चा हुई। यात्रा मार्ग पर सुरक्षाबलों की तैनाती, सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और मजबूत सुरक्षा ग्रिड बनाने को कहा गया। गृहमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को अमरनाथ यात्रा को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया। सीमापार से घुसपैठ की हर कोशिश को विफल करने को कहा। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने जम्मू संभाग के सीमावर्ती व शहरी इलाकों को निशाना बनाया था।

# बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की बोली से जुड़ी एलएंडटी की याचिका खारिज



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने मुंबई में दो प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया रद्द करने के फैसले के बारे में सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है। एमएमआरडीए ने लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सीजेआई बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। बता दें कि लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने एमएमआरडीए के उस फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी, जिसमें लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को 6,000 करोड़ रुपये की ठाणे-घोड़बंदर से भयंदर तक सुरंग और एलिवेटेड रोड के निर्माण से संबंधित परियोजनाओं के लिए बोली लगाने से अयोग्य घोषित किया गया था। सुनवाई की शुरुआत में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एमएमआरडीए की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने सीजेआई बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सीजेआई ने मामले को बंद कर दिया। साथ ही टिप्पणी करते हुए कहा कि यह स्पष्ट और उचित रूप से कहा गया है कि व्यापक जनहित में पूरी निविदा प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया है। ऐसे में एलएंडटी की याचिका को निष्फल मानते हुए खारिज किया जाता है।

## उस्मानाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर किया गया धाराशिव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

मध्य महाराष्ट्र में स्थित उस्मानाबाद रेलवे स्टेशन का नाम अब आधिकारिक रूप से बदलकर धाराशिव कर दिया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को मध्य रेलवे ने जानकारी दी। पहले यह स्टेशन उस्मानाबाद नाम से जाना जाता था और इसका स्टेशन कोड यूएमडी था। अब इसका नया नाम धाराशिव कर दिया गया है और नया स्टेशन कोड डीआरएसवी निर्धारित किया गया है। मध्य रेलवे द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि महाराष्ट्र सरकार पहले ही उस्मानाबाद शहर और जिले (जिसे स्थानीय रूप से उस्मानाबाद कहा जाता है) का नाम बदलकर धाराशिव कर चुकी है, और रेलवे स्टेशन का नाम बदलने का प्रस्ताव भारतीय रेलवे के पास लंबित था। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, नए स्टेशन नाम और कोड को इंडियन रेलवे कॉन्फ्रेंस एसोसिएशन द्वारा मंजूरी दे दी

# बिहार में उच्च जाति और अनुसूचित जनजाति आयोगों का पुनर्गठन

## भाजपा व जदयू नेताओं को अहम जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए उच्च जातियों और अनुसूचित जनजाति के कल्याण से जुड़े दो अहम आयोगों का पुनर्गठन कर दिया है। अधिसूचना के अनुसार, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह को उच्च जाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस आयोग में जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि दयानंद राय, जय कृष्ण झा और राजकुमार सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है। आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है। उसी अधिसूचना के तहत राज्य



अनुसूचित जनजाति आयोग में भी बड़े बदलाव किए गए हैं।

आयोग का अध्यक्ष पश्चिम चंपारण के शैलेंद्र कुमार को बनाया गया है। उनके साथ सुरेंद्र उरांव को उपाध्यक्ष और प्रेमशिला गुप्ता, तल्लू बासकी तथा राजू कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया है।

इनका कार्यकाल भी तीन वर्षों के लिए रहेगा।

# राहत शिविरों में हालात की राज्यपाल ने ली समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शुक्रवार को राज्य के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में बने राहत शिविरों में रह रहे आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिविरों में रह रहे लोगों की रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से चर्चा की।

मामले में राजभवन की ओर से जारी बयान में बताया गया कि यह बैठक राजभवन में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, आयुक्त, प्रशासनिक सचिव और सभी जिलों के उपायुक्त शामिल हुए। बैठक में उपायुक्तों ने आईडीपीएस के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी।

राज्यपाल ने इन प्रयासों की सराहना की और अधिकारियों को और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए ताकि विस्थापित लोगों को बेहतर सहायता मिल सके। राज्यपाल ने एक अलग बैठक में बाढ़ से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने राज्य के कुछ महत्वपूर्ण इलाकों में जल निकासी प्रबंधन प्रणाली की स्थिति पर भी चर्चा की, ताकि बाढ़ से निपटने के लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

### पीएम मोदी को लेकर सीएम ममता की टिप्पणी पर भाजपा का पलटवार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई टिप्पणी मामले में सियासी गर्माहट तेज होती जा रही है। इसी सिलसिले में अब भाजपा ने सीएम बनर्जी के दिए गए बयान को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। मामले में लोकसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि इस प्रकार का बयान अपमानजनक है और यह एक निर्वाचित नेता को शोभा नहीं देता है। बता दें कि बीते गुरुवार को एक रैली में सीएम ममता बनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि हर महिला की इज्जत होती है, वह सिंदूर अपने पति से ही स्वीकार करती है। मोदी क्या सबका पति है जो सिंदूर बांट रहे हैं? इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर का नाम चुनावी फायदे के लिए रखा है। सीएम ममता बनर्जी के जवाब में भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि मोदी जी सबके सेवक हैं, किसी के लिए पिता समान हैं, तो किसी के लिए भाई जैसे। लेकिन ऐसा अपमानजनक और निजी हमला एक मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। इसके साथ ही भाजपा ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को फर्जी खबर बताया जिनमें कहा गया था कि सरकार अपनी सालगिरह पर महिलाओं में सिंदूर बांटेगी।

# भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है: राजनाथ सिंह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पणजी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता। वैसे भी 'विक्रांत' का अर्थ ही होता है- अदम्य साहस, और अपराजेय शक्ति। आज आप सभी जांबाजों के बीच खड़े होकर मैं इस नाम के अर्थ को साकार होता देख रहा हूं। आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है। राजनाथ ने कहा, आज मैं यहां केवल रक्षा मंत्री के नाते नहीं आया हूं,



बल्कि मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं।

मैं आपके समर्पण को नमन करने, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं। मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देता हूं। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है। उन्होंने कहा कि महज कुछ ही समय में हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर मैं फिर दुहरा रहा हूं, हमने अपनी शर्तों पर अपनी सैन्य कार्रवाई को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत संचालन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब वायु सेना ने पाकिस्तान की धरती पर आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया, तब अरब सागर में आपकी आक्रामक तैनाती, बेजोड़ समुद्री डोमेन जागरूकता और समुद्री वर्चस्व ने पाकिस्तानी नौसेना को उसके ही तटों के पास सीमित कर दिया।

**मिसाइलें और टॉरपीडो से कई सफल फायरिंग की**

राजनाथ सिंह ने कहा कि समुद्र में तैनात हमारे पश्चिमी बेड़े के जहाज ने आतंकवादी हमले के 96 घंटों के भीतर, पश्चिमी और पूर्वी तट पर सतह से सतह, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और टॉरपीडो से कई सफल फायरिंग की, जो हमारे प्लेटफॉर्म, सिस्टम और चालक दल की युद्ध तत्परता को दिखाता है। इन लंबी दूरी के सटीक हमले ने दुश्मन के खिलाफ हमारे इरादे और तत्परता को भी दिखाया और दुश्मन इसी से रक्षात्मक मुद्रा में आ गया। उन्होंने कहा कि हमारी सेना की आगे की तैनाती के साथ-साथ विक्रांत कैरियर बैटल ग्रुप की बल प्रक्षेपण ने भी हमारे इरादे और क्षमता का प्रभावी संकेत दिया। आपकी इस मजबूत तैयारी ने दुश्मन के हौसले को पहले ही पस्त कर दिया। पाकिस्तान के लिए आपकी तैयारी मात्र ही बहुत थी। आपको तो कार्रवाई की जरूरत ही नहीं पड़ी, आपकी तैयारी से ही दुश्मन सकते में आ गया। पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की प्रचंड शक्ति, उसकी सैन्य सूझबूझ और विध्वंसक क्षमताओं को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि वे उससे भयभीत भी हुए।

**हमारी नौसेना का मनोबल भी समुद्र से अधिक गहरा और विशाः राजनाथ सिंह**

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, कि आपकी मौजूदगी ने दुश्मन की गति को शुरू होने से पहले ही रोक दिया। मैं भारतीय नौसेना के प्रत्येक अधिकारी, प्रत्येक जवान और उससे जुड़े हर नागरिक को हृदय से बधाई देता हूं। अभी हाल ही मैं हमारी सेना के जवानों से मिलने गया था। फिर उसके बाद मैं भुज में हमारे वायु योद्धाओं से मिलने गया था। आज मैं हमारे नौसैन्य योद्धाओं के बीच में हूं। मैं महसूस कर पा रहा हूं कि हमारी सेना का मनोबल यदि पहाड़ की तरह अडिग है, हमारी वायुसेना का मनोबल यदि आसमान की ऊंचाइयाँ छू रहा है, तो हमारी नौसेना का मनोबल भी समुद्र से अधिक गहरा और विशाल है। आपने दिखा दिया कि चाहे जमीन हो, आकाश हो, या समंदर, भारत कहीं भी, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**आईएनएस विक्रांत ने भारतीय नौसेना के बेड़े की अगुवाई की थी**

उन्होंने कहा कि आज हम गोवा के तट से कुछ ही दूरी पर हैं। आप सब जानते ही होंगे, कि 1961 में गोवा की आजादी के ऑपरेशन में भी भारतीय नौसेना के युद्धक जहाज ने दुश्मन के जहाज और उसके सैन्य ठिकानों पर निर्णायक ऑपरेशन किया था। उस अभियान ने भारत से कोलोनाइजेशन के अंतिम अवशेषों को मिटा दिया था। उस ऑपरेशन में भी भूतपूर्व आईएनएस विक्रांत ने भारतीय नौसेना के बेड़े की अगुवाई की थी। आज एक बार फिर आईएनएस विक्रांत अपने नए अवतार में आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प का नेतृत्व कर रहा है

**हमारी नौसेना ने अपने पराक्रम का प्रदर्शन नहीं किया**

राजनाथ ने कहा कि एक रोचक बात यह है कि पाकिस्तान भी आपके शौर्य से भली-भांति वाकिफ है। पाकिस्तान को पता है कि जब भारतीय नौसेना पूरे जोर से चलती है, तो उसका अंजाम क्या होता है। 1971 इसका गवाह है, कि जब नौसेना हरकत में आई थी तो पाकिस्तान एक से दो हो गया था। अगर ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय नौसेना अपने फॉर्म में आई होती, तो पाकिस्तान के दो टुकड़े ही न होते, बल्कि मैं समझता हूं कि शायद चार टुकड़े हो जाते। उन्होंने कहा कि जिस तरह आप हमारी समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं, जिस तीव्रता से आप हिंद महासागर की हर हरकत को ट्रैक करते हैं, अगर आपकी वह क्षमता इस मिशन का हिस्सा होती, तो पाकिस्तान का क्या होता, यह बताने की जरूरत नहीं है। एक तरह से कहें, तो पाकिस्तान बहुत खुशनसीब है कि ऑपरेशन सिंदमर के दौरान हमारी नौसेना ने अपने पराक्रम का प्रदर्शन नहीं किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)